■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित

www.navbihartime.com

■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 277
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शनिवार
8 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1702 :** इंग्लैंड के राजा विलियम तृतीय की मौत के बाद महारानी ऐनी ने सत्ता संभाली।

**1907 :** ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स ने महिलाओं के मताधिकार से संबंधित विधेयक को ठुकरा दिया।

**1909 :** अमेरिकी सोशलिस्ट पार्टी ने पहली बार राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया था।

**1921 :** प्रसिद्ध फिल्म गीतकार साहिर लुधियानवी का जन्म हुआ।

**ध्यान का मकसद आपके अंदर आवश्यक माहौल बनाना है ताकि आप आनंद एवं शांति में जिएं और इसके फलस्वरूप आपकी प्रतिभा को उजागर करें।**

## अमेरिका और कनाडा के बाजारों में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे सुधा के स्वादिष्ट उत्पाद

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कॉम्फेड के उत्पादों के पहले निर्यात खेप को दिखाई हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को एक अणे मार्ग से बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन (कॉम्फेड) के उत्पादों के पहले निर्यात खेप को हरी झंडी दिखाई। सुधा घी, गुलाब जामुन और मखाना अब अमेरिका और कनाडा के बाजारों में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के दौरान भेजे जानेवाले सामान घी, मखाना एवं गुलाब जामुन का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह बिहार के किसानों और पशुपालकों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कॉम्फेड को बधाई देते हुए कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है आने वाले समय में और उत्पादों का निर्यात होगा। इस दौरान पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 एन0 विजयालक्ष्मी ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि एक वाहन में मखाना और घी को अमेरिका के लिये तथा दूसरे वाहन में गुलाब जामुन को कनाडा के लिये भेजा जा रहा है। यह वाहन समुद्री पोर्ट तक सामानों को पहुंचायेगा। समुद्री पोर्ट से फिर सामान को अमेरिका और कनाडा भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि गुजरात के मुद्रा पोर्ट और कोलकाता पोर्ट से 5700 किलो घी, 500 किलो मखाना और 5000 किलो गुलाब जामुन विदेशों के लिए रवाना किया गया। जबकि 48 लाख रुपए के इस निर्यात खेप में सुधा घी को 1, 5 और 10 किलो के पैक में अमेरिका भेजा जा रहा है। इसके साथ ही सुधा गुलाब जामुन 1 किलो पैक में कनाडा पहुंचेगा। इस दौरान कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक राज कुमार ने बताया कि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के चलते अब उनकी सेल्फ लाइफ बढ़ गई है। अब सुधा घी 1.5 साल और गुलाब जामुन 1 साल तक ताजा रहेगा। बिहार के दुग्ध उत्पाद और पारंपरिक खाद्य सामग्री अब वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। कॉम्फेड की इस पहल से बिहार के पशुपालकों और किसानों की आय में वृद्धि होगी, साथ ही प्रदेश के उत्पादों की गुणवत्ता और लोकप्रियता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम में पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय पंचायती राज, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, बिहार की पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व मंत्री संजय सरावगी, पर्यावरण मंत्री डॉ. सुनील कुमार और सांसद संजय कुमार झा इत्यादि मौजूद थे। इसके अलावा वहां मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ0 एन0 विजयालक्ष्मी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## पंचकूला में एयरफोर्स का फाइटर जेट जगुआर क्रैश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पंचकूला।** एयरफोर्स का फाइटर जेट जगुआर शुक्रवार को तकनीकी खराबी की वजह से दोपहर करीब 3.45 बजे हरियाणा में पंचकूला के नजदीक क्रैश हो गया। फाइटर जेट ने अंबाला एयरबेस से प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरी थी। हादसा के दौरान पायलट विमान से सुरक्षित बाहर निकल गया। हादसा पंचकूला के मोरनी में बालदवाला गांव के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विमान पहले पेड़ों से टकराया, फिर जंगल के बीच एक खाई में गिरा। विमान के गिरते ही उसमें आग लग गई। वह कई टुकड़ों में बंट गया। विमान के टुकड़े आसपास के क्षेत्रों में बिखरे पाए गए। पायलट विमान को रिहायशी इलाके से दूर ले गया, फिर खुद सुरक्षित रूप से बाहर निकल गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने वहां पहुंचकर पायलट को पानी पिलाकर मदद की। हादसे की जांच के लिए वायुसेना के विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंच गई है। जगुआर, एक ट्विन-इंजन डीप पेनिट्रेशन स्ट्राइक एयरक्राफ्ट है, जो दशकों से भारतीय वायुसेना के बेड़े का अहम हिस्सा रहा है। यह विमान बहुत कम ऊंचाई पर स्ट्राइक करने की क्षमताओं के लिए जाना जाता है। इसके अलावा विमान छोटे रनवे से भी उड़ान भरने में सक्षम है।

## सड़क दुर्घटना में तीन बारातियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** गुरुवार की देर रात को एक ही बाइक पर चार लोग सवार होकर पटना के फरीदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अररिया गांव में बराती जा रहे थे। इसी दौरान हिलसा के पश्चिमी बाईपास पर बोलेरो एवं बाइक की भीषण टक्कर हो गयी, जिसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के पारथु गांव निवासी पप्पू प्रसाद के 20 वर्षीय पुत्र रोहित राज, राजनंदन बिंद के 18 वर्षीय पुत्र दिलशांत कुमार एवं योगेश्वर प्रसाद के 23 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश के रूप में किया गया है। जबकि घायल युवक मनोज राम के 28 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार को 112 पुलिस की मदद से इलाज के लिए आनन-फानन में हिलसा के अनुमंडलीय अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक पारथु गांव निवासी दयानंद जमादार के पुत्र शनि कुमार की शादी पटना जिला के फरीदपुर गांव में होनी थी, जहां चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर बारात में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ है। आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों ने करीब तीन घंटों तक सड़क जाम कर दिया। जिसमें दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना पाकर हिलसा थाना, करायपरसुराय, तेलहाड़ा, एकंगरसराय, चिकसौरा थाना के पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को किसी तरह समझा बूझकर जाम को छुड़वाया। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## गोली मारकर छात्र की हत्या

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** समस्तीपुर में शुक्रवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने आयुष कुमार (18) की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना केंद्रीय विद्यालय के पीछे की है। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के जितवारपुर बुलेचक गांव निवासी अशोक राय के बेटे आयुष कुमार के रूप में की गई है। आयुष इंटर का छात्र था। आयुष बाइक से घर का सामना लाने निकला था। केंद्रीय विद्यालय के पास से गुजरने के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने पीछा कर उसे गोली मार दी। स्थानीय लोगों उसे सदर अस्पताल लाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## हाटे एक्सप्रेस से मिली 42 लाख की चांदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** कटिहार जंक्शन पर रेल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 70 किलो चांदी के आभूषण जब्त किए हैं। जब्त किए गए आभूषणों की कीमत लगभग 42 लाख रुपए आंकी गई है। रेल एसपी हरिशंकर कुमार ने बताया कि चांदी के आभूषणों को कोलकाता से हाटे बजारे एक्सप्रेस ट्रेन की जनरल बोगी में लाया जा रहा था। इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में टैक्स चोरी का मामला सामने आया है। रेल एसपी ने बताया कि नियमों के अनुसार 50 हजार रुपए से अधिक की वस्तुओं के अंतर-राज्यीय परिवहन के लिए ई-वे बिल जरूरी है। इस मामले में कोई ई-वे बिल नहीं बनवाया गया था। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही इस पूरे रैकेट का खुलासा किया जाएगा। रेल एसपी ने बताया है कि कुछ दिनों से ये गुप्त सूचना मिल रही थी कि पश्चिम बंगाल से यहां पर अवैध रूप से कुछ आभूषण लाए जा रहे हैं।

## होली से पहले मिलेगा शिक्षकों का बकाया वेतन : शिक्षा मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानपरिषद में शुक्रवार को शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने घोषणा की कि शिक्षकों का बकाया वेतन होली के पहले जारी कर दिया जाएगा। सदन में अतिथि शिक्षकों को स्थायी करने की मांग उठी थी। भाजपा के नवल किशोर यादव ने यह सवाल उठाया था। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री को घेर लिया। सदन में शिक्षकों के वेतन को लेकर उठे सवाल पर सभापति अवधेश नारायण सिंह ने भी सहमति जताते हुए सराकर से अपील की कि शिक्षकों का वेतन जल्द दिया जाए। विधान परिषद में सत्ता पक्ष के नेताओं ने भी शिक्षकों के वेतन को जारी करने की अपील की। जिसके बाद शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि वो होली के पहले शिक्षकों के बकाया वेतन को जारी कर देंगे। अतिथि शिक्षकों को स्थायी करने के सवाल पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि फिलहाल सरकार ऐसा विचार नहीं कर रही है। जिसके बाद खुद सभापति ने शिक्षा मंत्री से विश्वविद्यालय के शिक्षकों का वेतन जारी करने को कहा। सभापति ने कहा कि जिन विश्वविद्यालयों को अब तक अनुदान नहीं दिया गया है उसे जल्द से जल्द अनुदान दिया जाए। इस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि हम सदन के बाद इस मामले में तुरंत कार्रवाई करेंगे। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि जिन विश्वविद्यालयों को अब तक अनुदान नहीं दिया गया है उन्हें जल्द से जल्द यानी होली के पहले पैसे भेज दिए जाएंगे।



● **नई दिल्ली।** भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव की धीमी गति और 21-23 मार्च तक बेंगलुरु में होने वाली आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के चलते यह प्रक्रिया अप्रैल तक टल सकती है। इससे पहले अटकलें लगाई जा रही थीं कि 14 मार्च (होली) के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान हो सकता है। चुनाव टलने के कई मुख्य कारण बताये जा रहे हैं, जिसमें आधे से ज्यादा राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव में देरी भी है। अब तक सिर्फ 12 राज्यों में ही यह प्रक्रिया पूरी हो सकी है। चुनाव संपन्न कराने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक भेजने और तारीख तय करने में ही 10-12 दिन लग सकते हैं। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया चलेगी, जिसमें करीब 12-15 दिन का समय लगेगा। भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में देरी का एक कारण आरएसएस की बैठक भी है। बेंगलुरु में होने वाली इस बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महासचिव बीएल संतोष समेत 1500 से ज्यादा प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।




## सीता सोरेन पर फायरिंग की कोशिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** भाजपा नेता और दिशोम गुरू शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन के ऊपर जानलेवा हमला किया गया है। हालांकि हमले में वह बाल-बाल बच गईं। उनके पूर्व पीए देवाशीष घोष के द्वारा यह हमला किया गया। घटना सरायढेला थाना क्षेत्र में घटी। वो शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। बता दें कि सीता सोरेन पर उनके पूर्व पीए देवाशीष घोष ने पिस्टल से फायरिंग करने की कोशिश की। गनीमत यह रही कि वो ऐसा कुछ कर पाते इससे पहले ही उसे दबोच लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। सीता सोरेन गुरुवार को कतरास में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पहुंची थीं। सरायढेला थाना क्षेत्र के सरायढेला में स्थित एक होटल में वह रुकी थीं। जहां देवाशीष घोष पहले से होटल के कमरे में मौजूद था। सीता सोरेन के घुसने के साथ ही देवाशीष घोष ने पिस्टल चलाने की कोशिश की। हालांकि इससे पहले कि वह गोली चला पाता उनके सुरक्षा गार्ड ने देवाशीष घोष को दबोच लिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के पास पुलिस मौके पर पहुंची। दो पिस्टल पुलिस ने होटल से बरामद किया है। सरायढेला के थाना प्रभारी नूतन मोदी ने बताया कि पूर्व विधायक सीता सोरेन की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपित देवाशीष घोष को गिरफ्तार कर लिया गया है। होटल के कमरे से दो पिस्टल बरामद किए गए हैं। आरोपित देवाशीष घोष को जेल भेजा जा रहा है। डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस फौरन सोनोटल होटल के कमरा नंबर 618 पहुंची। जहां देवाशीष घोष के पास से एक पिस्टल पुलिस ने बरामद किया है।

## नकली नोट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**भागलपुर (नबिटा ब्यूरो)।** भागलपुर के जीरोमाइल थाना पुलिस ने नकली नोट के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वाहन चेकिंग के दौरान एक चारपहिया वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें 500 रुपए के 25 हजार रुपए के जाली नोट बरामद हुए। पूछताछ में पंकज कुमार गुप्ता के पर्स से भी 500 रुपए के तीन और 50 रुपए का एक असली जैसा दिखने वाला नोट मिला। पंकज ने पूछताछ में बताया कि पहले वह क्रिप्टो करेंसी में काम करता था, लेकिन घाटा होने के बाद उसने नकली नोट के धंधे में कदम रख लिया। वह पश्चिम बंगाल से नकली नोट लाकर बिहार के अलग-अलग जिलों में सप्लाई करता था।

## मुजफ्फरपुर में बनेगी फूलों की भव्य मंडी

### नगर विकास एवं आवास विभाग ने लिया फैसला, माली समाज को मिलेगा बड़ा अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/ मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर शहर में अब फूलों की महक और भी तेज होने वाली है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने शहर में फूलों के लिए एक भव्य मंडी बनाने का फैसला किया है। यह मंडी न केवल शहरवासियों के लिए फूलों की खरीदारी को आसान बनायेगी, बल्कि स्थानीय माली समाज के लिए भी एक बड़ा अवसर लेकर आयेगी। बिहार सरकार ने नगर आयुक्त को एक सप्ताह के भीतर मंडी के लिए उपयुक्त जगह चिह्नित करने का आदेश दिया है। यह योजना सिर्फ नगर निगम तक सीमित नहीं है। नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में भी फूल मंडियां विकसित की जायेंगी। इससे पूरे जिले में फूलों की खेती और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इस पहल से स्थानीय फूल उत्पादकों को अपनी उपज बेचने के लिए एक व्यवस्थित स्थान मिलेगा, और ग्राहकों को भी विभिन्न प्रकार के फूल एक ही जगह पर उपलब्ध होंगे। यह मंडी शहर की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा करेगी। इस योजना के तहत, फूलों की दुकानों के लिए विशेष स्थान निर्धारित किए जायेंगे, जहां माली समाज के लोग अपनी दुकानें लगा सकेंगे। इससे उन्हें अपनी आजीविका चलाने में मदद मिलेगी और शहर में फूलों का व्यापार भी व्यवस्थित होगा। यह मंडी मुजफ्फरपुर को फूलों के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी और शहर की सुंदरता में चार चांद लगायेगी। इससे फूल की खेती करने वाले किसानों को भी बाजार प्रदान करेगा। शहर में अभी स्थायी रूप से फूलों की मंडी कही नहीं है। लेकिन, बाबा गरीबनाथ मंदिर के समीप, इमलीचट्टी, आरडीएस कॉलेज मुक्तिनाथ मंदिर के अलावा भगवानपुर हनुमान मंदिर के समीप फूलों की बिक्री होती है।

# स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण को लेकर बड़ा फैसला, 60 स्टेशनों पर बनेंगे स्थायी वेटिंग एरिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/पटना।** स्टेशनों पर बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए रेल मंत्रालय ने एक बड़ा कदम उठाया है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में देशभर के 60 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्थायी बाहरी वेटिंग एरिया बनाने का निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत पहले चरण में नई दिल्ली, आनंद विहार, वाराणसी, अयोध्या और पटना स्टेशनों पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है।



### स्टेशनों पर भीड़ कम करने के लिए सख्त नियम

रेल मंत्रालय के अनुसार, पिछले त्योहारों और महाकुंभ के दौरान अस्थायी वेटिंग एरिया बनाकर भीड़ को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया गया था। इसी अनुभव के आधार पर अब स्थायी वेटिंग एरिया बनाने का फैसला लिया गया है। इसके तहत केवल कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को ही प्लेटफॉर्म पर जाने दिया जाएगा जबकि प्रतीक्षा सूची या बिना टिकट वाले यात्रियों को वेटिंग एरिया में रुकना होगा। भीड़ नियंत्रण को प्रभावी बनाने के लिए 60 स्टेशनों पर पूरी तरह से प्रवेश नियंत्रण लागू किया जाएगा। इसके तहत केवल कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को सीधे प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति होगी। बिना टिकट यात्री या प्रतीक्षा सूची वाले यात्री केवल बाहरी वेटिंग एरिया में रुक सकेंगे। स्टेशनों के अवैध प्रवेश बिंदु सील किए जाएंगे।

### चौड़े फुट-ओवर ब्रिज और आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था

रेल मंत्रालय ने स्टेशनों पर चौड़े फुट-ओवर ब्रिज बनाने की भी घोषणा की है। 40 फीट और 20 फीट चौड़ाई वाले दो नए डिजाइन के ओवर ब्रिज तैयार किए गए हैं, जो भीड़ नियंत्रण में कारगर होंगे। इसके साथ ही हर स्टेशन पर अधिक कैमरे लगाए जाएंगे जिससे निगरानी बढ़ाई जाएगी। भीड़ प्रबंधन के लिए बड़े स्टेशनों पर वार रूम बनाए जाएंगे। वॉकी-टॉकी, अनाउंसमेंट सिस्टम और कॉलिंग सिस्टम जैसे अत्याधुनिक संचार उपकरण लगाए जाएंगे। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी स्टाफ को नई डिजाइन की यूनिफॉर्म दी जाएगी ताकि वे आसानी से पहचाने जा सकें। केवल अधिकृत लोगों को ही स्टेशन में प्रवेश देने के लिए नए डिजाइन के आइडी कार्ड जारी किए जाएंगे। रेलवे ने प्रमुख स्टेशनों पर स्टेशन निदेशक के पद को अपग्रेड करने का फैसला लिया है। निदेशक को वित्तीय अधिकार दिए जाएंगे जिससे वे तत्काल सुधार कार्य कर सकें। सभी विभागों को स्टेशन निदेशक को रिपोर्ट करना होगा। टिकट बिक्री स्टेशन की क्षमता और उपलब्ध ट्रेनों के अनुसार नियंत्रित की जाएगी।

# रेलकर्मियों की चयनित पुत्रियों को उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति का वितरण

## साथ ही स्वास्थ्य जांच हेतु चिकित्सा कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यालय, हाजीपुर स्थित वैशाली रेल प्रेक्षागृह में महिला रेलकर्मियों के लिए सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह तथा पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनिता सिंह ने समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा द्वारा पांचों मंडलों एवं मुख्यालय के रेलकर्मियों के उच्च तकनीकी/व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहीं 446 चयनित पुत्रियों को कर्मचारी कल्याण निधि से छात्रवृत्ति के रूप में 80.30 लाख रुपए की राशि वितरित की गयी। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामानएं देते हुए कहा कि




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस ''आधी आबादी'' के संघर्षों को याद करने का भी दिन है जिसके कारण आज महिलाएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में यथा- सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक में सफल हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल में आज लगभग एक लाख महिलाएं कार्यरत हैं जिनमें लगभग 5000 महिलाएं पूर्व मध्य रेल में अधिकारी, डॉक्टर, पारा मेडिकल स्टाफ, लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, इंजीनियर, गार्ड, ट्रैक मेंटेनर, जैसे महत्वपूर्ण एवं संरक्षा से जुड़े पदों पर कार्य करते हुए रेल और देश के विकास में योगदान दे रहीं हैं। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनिता सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष महिलाओं की उपलब्धियों एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमलोग अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को उत्सव के तौर पर मनाते हैं। आज देश हीं नहीं, विश्व पटल पर महिलाओं के नेतृत्व की सराहना सर्वत्र हो रही है जहां देश का नेतृत्व महिला के रूप में राष्ट्रपति द्रौप-दी मूर्मू के हाथों में है वहीं, भारतीय रेल भी इसमें पीछे नहीं है क्योंकि लगभग एक लाख महिलाएं भारतीय रेल को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने में अपना योगदान दे रहीं हैं।

# नारायण सेवा संस्थान का पटना में निशुल्क नारायण आर्टिफिशियल लिम्ब कैम्प 9 मार्च को




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्थान का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा बिहार के दिव्यांगों के हितार्थ पटना में निःशुल्क विशाल शिविर का आयोजन रविवार 9 मार्च को पटना रिसोर्ट आशियना-दीघा मार्ग, पटना में आयोजित होगा। संस्थान की ओर से शिविर प्रभारी हरिप्रसाद लड्ढा ने बताया कि ऐसे लोग जिन्होंने किसी हादसे में या अन्य बीमारी के चलते अपना हाथ-पैर गंवा देने से अंगविहिन हुए है, उन्हें दिव्यांगता की दुःखभरी जिन्दगी से निकालने के लिए संस्थान प्रतिबद्ध है। पद्मश्री अलंकृत संस्थापक कैलाश मानव जी की प्रेरणा से संस्थान विगत 40 वर्षो से संस्थान मानवता और दिव्यांगता के क्षेत्र में सेवारत है। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल की प्रेरणा से पटना के दिव्यांगजनों को मदद पहुंचाने के संकल्प से विशाल निःशुल्क दिव्यांगता निवारण ऑपरेशन चयन एवं नारायण लिम्ब मेजरमेंट शिविर पटना रिजॉर्ट, आशियाना दीघा मार्ग, पटना में रविवार 9 मार्च को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा।

# महिला हिंसा के खिलाफ दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा

## सीएम नीतीश ने जोड़े हाथ, विधानसभा अध्यक्ष ने चुटकी ली, कहा महिला पीड़ित ज्यादा शोर मचा रहे हैं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान मंडल के बजट सत्र छठे दिन शुक्रवार को दोनों सदनों में महिला हिंसा के खिलाफ विपक्ष ने हंगामा किया। विधानसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने महिला हिंसा के खिलाफ वेल में जा कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान माले विधायक सदन में अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने इजाजत नहीं दी। इसके बाद माले विधायक वेल में पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि समय पर अपनी बात उठाइएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने मार्शल को आदेश दिया कि प्रदर्शन कर रहे सदस्यों के हाथ से पोस्टर ले लें। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद खड़े हो गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हंगामा कर रहे विधायकों से कहा कि हम आपसे हाथ जोड़ते हैं, अब आपलोग बैठ जाइए।

विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के लगातार अपील के बावजूद जब विधायकों ने हंगामा जारी रखा, तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी विधायकों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा, ए सुनो, फालतू बात मत करो। किसी भी घटना पर तुरंत कार्रवाई होती है जो गड़बड़ करेगा उस पर एक्शन होगा जब भी कोई घटना होती है मैं तुरंत अधिकारियों से कहता हूं कि देखो क्या हुआ? आप लोगों को प्रदर्शन की कोई जरूरत नहीं है। फालतू बातों को लेकर ऐसा मत कीजिये। उन्होंने कहा कि आपसे हम हाथ जोड़कर प्रार्थना करते हैं, बैठिये और सदन का संचालन में सहयोग करें। उनके इस कड़े रुख के बाद विपक्षी सदस्य शांत हुए और अपनी सीट पर लौट आए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने महिला दिवस की बधाई देते हुए महिला विधायकों को प्राथमिकता देने की घोषणा की। उन्होंने विपक्ष के हंगामे पर तंज कसते हुए कहा कि महिलाओं का विरोध करेंगे तो खाना नहीं मिलेगा, महिला पीड़ित लोग ज्यादा हल्ला कर रहे हैं। उधर सदन की कार्यवाही शुरु होने के पहले सदन के बाहर विपक्ष ने जमकर नारेबाजी की। राजद और माले विधायकों ने पोर्टिको में नारेबाजी शुरू कर दी जबकि आउटसोर्सिंग में आरक्षण की मांग को लेकर राजद विधायक आक्रामक दिखे। विपक्ष 70वीं बीपीएससी री-एग्जाम, शिक्षा स्वास्थ्य, रोजगार सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा था। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में एक महिला का शव मिला था, जिसके पैर के तलवे में 9 कीलें ठोंकी हुई थीं। इस वीभत्स तस्वीर के सामने आने के बाद पुलिस से लेकर आम लोग सभी हैरान है।

# बी.डी. कॉलेज के प्राचीन इतिहास और एशियाई अध्ययन में 'गुरु गौरव' साप्ताहिक कार्यक्रम का शुभारंभ




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज के प्राचीन इतिहास और एशियाई अध्ययन विभाग के तत्वावधान में 'गुरु गौरव' नामक एक साप्ताहिक शैक्षणिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक गुरुवार को आयोजित किया जाएगा जिसमें विभागीय छात्र-छात्राएं शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में बौद्धिक जागरूकता बढ़ाना और ऐतिहासिक विषयों की गहन समझ को प्रोत्साहित करना है। गुरु गौरव शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास और एशियाई अध्ययन विभाग में किया गया जिसमें विभाग की विभागाध्यक्षा नीतू तिवारी ने स्वागत उद्बोधन तथा विषय जानकारी दी और डॉ. स्वर्णा कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ दिवाकर पांडेय विभाग अध्यक्ष दर्शनशास्त्र ने विद्यार्थियों को प्रेरणा संबोधन दिया।

# पटना में धूमधाम से पहुंची केकेआर की आईपीएल 2024 ट्रॉफी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कोलकाता नाइट राइडर्स की ऐतिहासिक ट्रॉफी टूर, अपने तीसरे टाटा आईपीएल खिताब का जश्न मनाते हुए क्रिकेट प्रेमियों से मिलने पटना पहुंची।



पटना में यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी ऐतिहासिक गोलघर में प्रदर्शित की गई जहां फैंस की भीड़ को इसे करीब से देखने का मौका मिला। इसके बाद यह गंगा नदी के किनारे स्थित सांस्कृतिक धरोहर भद्र घाट पर लाई गई जहां शहरवासियों ने इस गौरवशाली पल का आनंद लिया। टूर का पटना में आखिरी पड़ाव सिटी सेंटर मॉल रहा जहां क्रिकेट प्रेमियों ने ट्रॉफी के साथ यादगार लम्हे बिताए और केकेआर की 2024 की शानदार जीत का जश्न मनाया। आगामी सीजन को लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है और इसी जोश के साथ केकेआर की ऐतिहासिक ट्रॉफी टूर में फैंस से मिलने का सिलसिला जारी है। कोलकाता लौटने से पहले, 9 मार्च को यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी दुर्गापुर पहुंचेगी जहां इसे देखने का मौका मिलेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स 22 मार्च को अपने टाटा आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आइकॉनिक ईडन गार्डन्स में करेगी।

# एनडीए का नेतृत्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही करेंगे : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधानसभा चुनाव के बाद बिहार में भी महाराष्ट्र माडल अपनाए जाने को लेकर चल रही सियासी चर्चाओं के बीच उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को साफ किया कि चुनाव के बाद भी एनडीए का नेतृत्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही करेंगे। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार 1996 से बिहार में एनडीए का नेतृत्व कर रहे हैं। इसलिए वे कल भी नेता थे आज भी हैं और आगे भी रहेंगे।



भाजपा पूरी तरह उनके साथ सहज है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीति में कदम रखने के सवाल पर सम्राट चौधरी ने कहा कि यह पूरी तरह से उनका व्यक्तिगत और जदयू का आंतरिक मामला है।

# मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किया कृषि मेला-प्रदर्शनी का उद्घाटन

## उत्पादों के निर्माण तथा अंतिम उपयोग की तिथि को हर पैकेट पर अंकित करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य स्तरीय किसान उत्पादक संगठन के मेला-प्रदर्शनी तथा कार्यशाला का उद्घाटन किया। पटना के मीठापुर स्थित कृषि भवन में आयोजित मेला-प्रदर्शनी तथा कार्यशाला में उन्होंने विभिन्न कृषि उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान कृषि भवन परिसर में एफ.पी.ओ. सदस्यों द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा उत्पादों की गुणवत्ता व उपयोगिता हेतु मार्गदर्शित किया। साथ ही



उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बिल्कुल नहीं हो इसके लिए उत्पादों के निर्माण तथा अंतिम उपयोग की तिथि को हर पैकेट पर अंकित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री के अन्नदाताओं के प्रति प्रतिबद्धता व उनके उत्थान हेतु किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया साथ ही बिहार में कृषि व कृषक भाईयों के हित में हो रहे विकास कार्यों तथा विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# देसी कट्टा व मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल में मसौढ़ी पुलिस ने देर रात्रि में एक युवक को देसी कट्टा और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। दरअसल गिरफ्तार दो युवक नदौल में एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करने की तैयारी में थे जहां गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी का सत्यापन करते हुए मसौढ़ी पुलिस ने मौके पर उसे देसी कट्टा के साथ धर दबोचा जहां एक युवक मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार युवक का नाम रोशन कुमार पिता योगेंद्र साव, नदौल जबकि मौके से फरार हुए युवक का नाम सोनू कुमार पिता सतेंद्र यादव मटौढ़ा का रहने वाला है। थानाध्यक्ष विजय यादवेन्दु ने बताया कि अपने चचेरी बहन की शादी में नादौल में हर्ष फायरिंग करने की प्लानिंग कर रहे थे। ऐसे में सूचना मिली थी जिसे पकड़ लिया गया है और मामले की छानबीन की जा रही है कि गिरफ्तार युवक के पास देसी कट्टा कहां से आया है और इसका और कहां-कहां प्रयोग किया है।

# नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वच्छता अभियान से हर घर में जागृति आई : डा. नीतू कुमारी नवगीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा पटना के एलिट इंस्टीट्यूट में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी को स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम में पटना स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रारंभ स्वच्छता अभियान से हर घर में जागृति आई है और अब बच्चा-बच्चा भी स्वच्छता के




महत्व को जान गया है, लेकिन जानकार खामोश नहीं रहना है बल्कि स्वच्छता को संस्कार में बदलना है और प्रति सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने की आदत बनानी है। उन्होंने लोकगीत गाकर सभी को स्वच्छ रहने और शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक अमरदीप झा ने कहा कि स्वच्छता से ही भारत देश की गरिमा और मान में बढ़ोतरी होगी। देश को विकसित बनाना है, लेकिन उससे पहले स्वच्छ बनाना ज्यादा जरूरी है। बच्चा-बच्चा जब स्वच्छता के महत्व को समझेगा और स्वच्छता के नियमों का पालन करेगा तभी हर जगह स्वच्छता का राज होगा। सौम्य पाठक, अनिकेत कुमार, प्रीति कुमारी, कुणाल झा, हर्षित कुमार, आयुष कुमार, हिमेश कुमार, रश्मि कुमारी, सौम्या कुमारी, प्राची कुमारी, प्रिंस कुमार, कुमार शुभम, आशुतोष कुमार, रौनक कुमारी, अंकित कुमार, रोहित कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

# छह वर्षीय हंजल हुसैन ने रमजान के जुम्मा के दिन रखा पहला रोजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** रमजान में एक नेकी के बदले 70 नेकियों का सवाब मिलता है। रोजेदार न सिर्फ खुदा के लिए अपनी शिद्दत बल्कि इंसानियत के लिए अपनी चाहत भी परखते हैं। इस नेकियों को बटोरने में बच्चे भी बड़े के मुकाबले में रोजा रख रहे हैं, इबादत कर रहे हैं। फुलवारीशरीफ हारून नगर निवासी हाजी शाद हुसैन अशरफी के 6 वर्षीय पुत्र मो. हनजल हुसैन इस रमजान मुबारक महीने के पहला रोजा रमजान के पहला जुम्मा के दिन रखा। बड़ों की तरह सुबह-सुबह सेहरी खाया और रोजा की तैयारी कर ली। जैसे-जैसे दिन ढलने लगा और उसने कुछ नहीं खाया तो घर वालों ने कहा कि कुछ खा लो तो उसने इंकार कर दिया और कहा कि सेहरी में खाए थे अब इफ्तार करेंगे आज हम रोजा में है। इसके बाद घर में सभी लोग अचंभित रह गए, लोग मानने को तैयार नहीं थे उसे काफी मनाया, लेकिन 6 वर्षीय नन्हे रोजगार ने रोजा रखने की जिद पकड़ ली और पूरा रोजा मुकम्मल किया।

# बीडी कॉलेज, पटना द्वारा डीएनए पृथक्करण पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बीडी कॉलेज, पटना के जैव प्रौद्योगिकी और औद्योगिक सूक्ष्म जीवविज्ञान विभाग द्वारा 7-8 मार्च 2025 को डीएनए पृथक्करण पर दो दिवसीय कार्यशाला सह व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय और टीएमबी विश्वविद्यालय, भागलपुर सहित विभिन्न संस्थानों के 128 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी स्नातक (बी.एससी.) से लेकर शोधार्थियों तक विविध अकादमिक पृष्ठभूमि जैसे प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, सूक्ष्मजीवविज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के थे।

उद्घाटन समारोह में परीक्षा नियंत्रक डॉ. सिकंदर जमील, सहायक नियंत्रक डॉ. बीरेंद्र मंडल और संकाय सदस्य डॉ. अनिल कुमार (भौतिकी) और डॉ. अपराजिता जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित थीं। इस कार्यशाला की परिकल्पना जैव प्रौद्योगिकी और औद्योगिक सूक्ष्मजीवविज्ञान विभाग की समन्वयक डॉ. गरिमा पाठक द्वारा की गई थी।

# लोक समिति की महिला सम्मेलन की तैयारी पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण, तिलक-दहेज, महिला आरक्षण, शराब बंदी, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि व अन्य मांगों को लेकर पटना स्थित चरखा समिति में लोक समिति के बैनर तले एक दिवसीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि बतौर महिला सम्मेलन के मुख्य वक्ता एवं उद्घाटक लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद, मुख्य अतिथि पूर्व विधायक और जेपी सेनानी सूर्य देव त्यागी और सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती नीलू होंगी। विशिष्ट अतिथि के रुप में गांधीवादी किसान नेता लोक समिति के शाहाबाद प्रमंडल के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, बिहार प्रदेश लोक समिति (महिला) संयोजक क्रांति राशोष, मांति वर्मा, मीना देवी वगैरह भाग लेंगे।

# डायवर्सन तोड़े जाने पर ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया घंटों विरोध प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के धनरूआ-बडीहा सड़क मार्ग को ग्रामीणों ने शुक्रवार को सड़क पर उतरकर बांस बल्ला लगाकर घंटों विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया जिससे यातायात बाधित रहा। दरअसल बताया जाता है कि बडीहा गांव में ग्रामीणों के आवागमन एक मात्र रास्ता डायवर्सन था जिसे बीते गुरुवार की देर रात फूलपुर के कुछ अज्ञात लोगों ने देर रात को रास्ता को काट दिया था जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ गई थी जिसे आक्रोशित होकर लोग सड़क पर उतरकर घंटों विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में तकरीबन 1500 से अधिक लोगों का आने-जाने का यही एक मात्र रास्ता है। मौके पर पहुंचे धनरूआ अंचल के राजस्व पदाधिकारी अनिरूद्ध कुमार, एवन थानाध्यक्ष सभी ग्रामीणों से बातचीत किए कुछ दस्तावेज देखे गए जहां मोबाइल से अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने सारा चीज को मालूमात करते हुए डायवर्सन बनाने का आश्वासन दिया उसके बाद सड़क जाम को हटाया गया।

# शक्तिधाम में अग्रवाल महिला सम्मलेन होली मिलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मलेन द्वारा होली मिलन महोत्सव का आगाज प्रसिद्ध फिल्मी गायिका रेखा झा तथा महिलाओं द्वारा होली के गीतों एवं नृत्यों से अग्रसेन भवन, बैंक रोड पटना में किया गया। आया होली का त्योहार, उड़े रंग की बौछार, बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी, आज न छोड़ेंगे हमजोली- खेलेंगे हम होली, अरे जा रे हट नटखट न छू रे मेरा घूंघट-पलट के दूंगी आज तुझे गाली रे! मुझे समझो न तुम भोली भाली रे, पिचकारी के लागल बुखार आदि होली के गानों एवं नृत्य से आज पूरा अग्रसेन भवन, शक्तिधाम परिसर गुंजायमान हो गया। मौके पर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। प्रकृति जब पूरी धरती



पर बसंत का रंग बिखेर रही होती है तो होली का त्योहार आता है। होली रूप, रस, रंग एवं प्रेम का त्योहार है। इस अवसर पर अग्रवाल महिला सम्मलेन की प्रादेशिक अध्यक्ष डा गीता जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि होली मित्रता एवं एकता का पर्व है। इसमें जाति भेद का कोई स्थान नहीं है। डॉ जैन ने कहा कि होली में रसायनिक रंगों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए यह काफी अधिक खतरनाक होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षिका मधु अग्रवाल ने अपना आशीर्वाद दिया। इनके साथ ही शकुंतला अग्रवाल, दया अग्रवाल, अर्चना जैन, रजनी खेमका, सुनीता अग्रवाल, पुष्पा जैन, स्वर्णलता अग्रवाल, एडवोकेट मंजू झा, नीना मोटानी, अंकित कृष्ण, अम्बर अग्रवाल, दीपा एवं रेणु अग्रवाल, ज्योति बंसल, सुरभि अग्रवाल, रूबी सिन्हा, मधु मंजरी, जूही अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, पल्लवी दास सहित अन्य की प्रमुख भूमिका रही।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विशेष

# महिलाओं के सम्मान हेतु अनवरत कार्य कर रही अबुआ सरकार...

घर, परिवार, समाज की धुरी महिला को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने का सीधा अर्थ है देश और राज्य का स्वत: सुदृढ़ हो जाना। झारखण्ड के परिप्रेक्ष में देखें तो झारखण्ड सरकार ने इस गणित को समझा और कई सफल योजनायें बनाकर चरणबद्ध तरीके से आधी आबादी को आर्थिक स्वावलंबन देने का प्रयास कर रही है। महिलाएं अगर आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो, तो वह अपने घर, समाज, प्रदेश को उन्नति के रास्ते पर ले जा सकतीं हैं। झारखण्ड की ग्रामीण आदिवासी महिलाएं आदिकाल से बहुत मेहनती रही हैं और लंबे समय से आर्थिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रहीं हैं। हेमन्त सरकार ने झारखण्ड की महिलाओं के इस कार्यशैली को और बेहतर करने का फैसला लिया और पिछले 5 सालों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई सफल योजनाओं को धरातल पर उतारा है। सरकार की ओर से राज्य और राज्य के बाहर व्यापार में भागीदारी को सुनिश्चित करने, बालिका शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने, महिलाओं को पेंशन के जरिए आर्थिक मजबूती देने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। अभी सरकार द्वारा चलायी जा रही आधा दर्जन योजनाएं सिर्फ और सिर्फ महिलाओं की समृद्धि पर केंद्रित है।

## बेटियों को मिल रही सपनों की उड़ान



**किशोरियों की आर्थिक** जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से हेमन्त सरकार द्वारा प्रारंभ की गयी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र में हो रहा है। ग्रामीण परिवेश की किशोरियों का स्कूल ड्राप आउट कई बार छोटी-छोटी आर्थिक जरूरत के पूरी ना होने की वजह से हो जाती थी। हेमन्त सरकार ने इस मामले को समझा और किशोरियों की आर्थिक जरूरत के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का उपहार दिया। महिला प्रोत्साहन और उनकी शिक्षा में बेहतरी के प्रयास के रूप में इस योजना को देखा जा रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से 10 लाख किशोरियों को जोड़ा गया है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सरकार की ओर से कुल 5 बार में ₹40000 तक आर्थिक सहायता दी जाती है। यह सहायता वर्ग आठ से प्रारम्भ हो कर उनके 12वीं तक पहुंचने तक मिलती रहती है। इस योजना के तहत सरकारी स्कूल में वर्ग 8 से 12वीं तक की प्रत्येक स्कूली छात्रा को कक्षा आठ में 2,500, नौवीं में 2,500, 10वीं में 5,000, ग्यारहवीं में 5,000 और बारहवीं में 5,000 रुपये की सहायता उनके बैंक खाते में दी जाती है। जब किशोरी की उम्र 18 होने और उसका मतदाता पहचान पत्र बन जाये तो उसे एकमुश्त 20,000 रुपये दिया जाता है, ताकि छात्राएं उन रुपयों से आगे की पढ़ाई या कोई प्रशिक्षण ले कर स्वावलंबी बन सकें।

## महिलाओं को मिल रहा सम्मान

**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान** योजना (JMMSY) हेमन्त सरकार का आधी आबादी के आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है जिसमें 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को उनके रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए ₹2500 प्रतिमाह की आर्थिक सम्मान राशी दी जा रही है। योजना ने ग्रामीण इलाके के वित्तीय ढांचे को खूब मजबूती दी है। सरकार के इस सम्मान राशि का उपयोग ग्रामीण परिवेश के छोटे व्यवसाय के लेनदेन में खूब हो रहा है। इस योजना के लिए अगस्त 2024 में पूरे राज्य में कैम्प लगाकर आवेदन लेने का कार्य किया गया था। आवेदन फॉर्म और प्रक्रिया नि:शुल्क थी । योजना से राज्य की बहन-बेटियाँ स्वावलंबी और सशक्त बन रहीं हैं । झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के लिए 2025-26 में ₹13 हजार 363 करोड़ 35 लाख का बजट रखा गया है ।

" यह सुखद अनुभव है कि मेरी लाखों बहनों को मंईयां सम्मान योजना का सम्मान मिल रहा है। इस सम्मान के लिए यह भाई हमेशा आपके साथ है।






## महिलाओं के लिए स्वरोजगार के द्वार खुले

**स्वयं सहायता समूहों** को पलाश ब्रांड से जोड़कर उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की ब्रांडिंग ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार के द्वार खोल दिये हैं। कोविड काल में विश्वव्यापी आर्थिक संकट का असर झारखण्ड पर भी पड़ा था लेकिन अब हालात सुधर रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण पलाश ब्रांड है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दिशा निर्देश पर क्रियान्वित किये जा रहे सफल प्रयास पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति के माध्यम से अब तक 50 विभिन प्रकार के उत्पादों को खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। लगभग चार वर्ष से कम अवधी में लगभग 40 करोड़ से अधिक रुपए की सकल बिक्री की जा चुकी है। पलाश ब्रांड में अपने कृषि उत्पादों की आपूर्ति तथा अन्य प्रसंस्करण, पैकजिंग एवं बिक्री के कार्यों से अब तक राज्य के स्वयं सहायता समूहों की दो लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं जुड़ कर अपने आय में वृद्धि कर रहीं हैं तथा ग्रामीण अर्थवयवस्था को गति प्रदान करते हुए इसे मुख्यधारा से जोड़ रहीं हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों की पहचान बन चुकी पलाश ब्रांड को विशुद्ध व्यवसायिक परिचालन हेतु "पलाश इंटरप्राइजेज कंपनी" का गठन किया जा रहा है। इस पूरी योजना का मूल ग्रामीण अर्थवयवस्था में तेजी लाने का लक्ष्य है। इन योजनाओं से झारखण्ड की लाखों महिलाओं को लाभ मिल रहा है पिछले 5 सालों में कोरोना काल के बावजूद महिलाएं आर्थिक मामलों में काफी समृद्ध हुई है।

**2019 से अब तक ₹10,111 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज। अब तक 2.59 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया**

## महिला सशक्तिकरण को दिया जा रहा नया आयाम

### 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में

ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजनरी सोच का परिणाम है कि 2019 से पूर्व 09 वर्ष में सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में मिला। यही नहीं सखी मंडल की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2013 से 2019 तक एसएचजी को क्रेडिट लिंकेज के तहत 1,114 करोड़ की राशि दी गई, जबकि 2019 के बाद 30 जून 2024 तक 10,111 करोड़ की राशि सखी मंडल की महिलाओं को उनके सशक्तिकरण हेतु दी गई। वहीं 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गई।

ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित झारखण्ड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 31,861 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30 हजार महिला किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

### फूलो झानो आशीर्वाद अभियान

फूलो झानो आशीर्वाद अभियान की शुरुआत वर्ष 2020 में की गई है, इस अभियान का उद्देश्य महिलाएं जो मजबूरीवश दारू -हड़िया की बिक्री और निर्माण कार्य से जुड़ी थीं, उन्हें आजीविका के सम्मानजनक साधनों से जोड़ना था। इस कार्य में राज्य सरकार को सफलता मिली। इस अभियान से जुड़कर महिलओं ने सम्मान जनक आजीविका को अपनाया।

अभियान से 36 हजार से अधिक महिलाएँ वैकल्पिक आजीविका से अपना जीवन यापन कर रहीं हैं। हमारी सरकार महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार के लिए 50 हजार रुपए तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध करा रही है।



**भारत सरकार द्वारा समाज कल्याण मंत्रालय को 1.18% का बजट आबंटित किया गया**

झारखण्ड **महिला एवं बाल विकास** के लिए कुल बजट का व्यय करेगा **14%**

एवं अन्य राज्यों का आबंटित बजट

| उड़ीसा | बिहार | पश्चिम बंगाल | छत्तीसगढ़ |
|---|---|---|---|
| 6.20% | 2.77% | 2.31% | 1.06% |

**झारखण्ड ने बजट में आधी आबादी का रखा ध्यान**

- झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना **₹13,363 करोड़**
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना/मुख्यमंत्री कन्यादान योजना **₹310 करोड़**
- मातृ किट वितरण योजना **₹60 करोड़**
- गर्भवती महिला की देखभाल के लिए **₹60 करोड़**
- पलाश मार्ट **₹30 करोड़**


PR-348117 (IPRD) 24-25

# पांच लाख के लिए विवाहिता की हत्या

## परिजनों ने लगाया आरोप, कहा- पैसे के लिए ससुरालवालों ने की गला दबाकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**नवादा।** नवादा में महज पांच लाख का डिमांड पूरी नहीं हुई तो ससुराल वालों ने छह माह के अंदर प्रताड़ित कर विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दिया गया है। यह आरोप मृतका के परिजन द्वारा थाने में लिखित आवेदन देकर लगाया गया है। यह घटना नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के बगसंडा गांव निवासी देवेंद्र सिंह ने लगाया है, जहां उन्होंने जमुई थाना क्षेत्र में अपनी बेटी की हत्या का आरोप बेटी के ससुराल वालों पर लगाकर थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मृतका की मां पिंकी देवी पति द्रवेश सिंह ग्राम बक्संडा थाना अकबरपुर जिला नवादा का स्थायी निवासी हैं। उन्होंने कहा मेरी पुत्री तनु कुमारी का विवाह प्रिंस कुमार पिता विद्याभूषण सिंह ग्राम बनार धान्य चंद्रदीप जिला जमुई से 23 दिसंबर 2023 को हुई थी। जिसमें हमलोग ने अपने औकात से अधिक और लड़के पक्ष के अनुरूप 20 लाख (90 ग्राम) सोने का आभूषण दिया था। उन्होंने बताया कि शादी के छह महीने बाद ही मेरी पुत्री के साथ मारपीट एवं प्रताड़ित करने लगे, जबकि इसकी सूचना हमलोग को मिला तो लड़के पक्ष के सदस्यों ने बताया कि रांची में जमीन खरीदना है। जिसके लिए हमें और पांच लाख रुपए चाहिए। तब हमें लड़के के पिता विद्याभूषण सिंह से बात किए और अपने स्थिति एवं परिस्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमारी औकात नहीं है। जिस पर प्रिंस कुमार उसी समय घर से गुस्सा होकर जाने लगे। तब मैं अपने सगा संबंधी से तत्काल 50 हजार रुपए कर्ज लेकर उन्हें नकद दिया। पीड़ित के पिता ने कहा कि पांच मार्च 2025 को समय 11 बजे पता चला कि मेरी पुत्री तनु कुमारी को उसके ससुराल वाले प्रिंस कुमार, सास सुनीता देवी, ससुर विद्याभूषण सिंह, देवर मनीष कुमार और नीतीश कुमार दोनों बनार थाना चंद्रदीप जिला जमुई ने गला दबाकर हत्या कर दिया। जिसकी सूचना हमें तब कुमारी के ससुराल वालों को दिया। साथ ही हमने तुरंत इसकी सूचना थाना को दिया। जिस पर थाना कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर तुरंत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नालंदा डीटीओ के आवास पर एसवीयू की टीम ने की छापेमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** स्पेशल विजिलेंस यूनिट की छह सदस्यीय टीम ने शुक्रवार की सुबह नालंदा जिला परिवहन पदाधिकारी अनिल कुमार दास के आवास पर छापेमारी की। अनिल कुमार दास वर्तमान में बिहारशरीफ में एक किराए के मकान में रह रहे हैं। उन पर कथित आय से अधिक संपत्ति मामले से जुड़ी कार्रवाई जा रही है। शुक्रवार सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच एसवीयू की दो गाड़ियां बिहारशरीफ के अंबेर स्थित डीटीओ के आवास पर पहुंचीं। छापेमारी के लिए छह सदस्यीय टीम भेजी गई, जिसका नेतृत्व डीएसपी चंद्रभूषण सिंह कर रहे हैं। अनिल कुमार दास के खिलाफ पहले ही आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया था। जिसमें लगभग 94 लाख रुपये की संपत्ति का विवरण सामने आया था। फिलहाल, छापेमारी जारी है और मीडिया को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई है। इसके पूर्व अनिल कुमार दास मुजफ्फरपुर में एसडीओ के पद पर सेवा दे चुका है। फिलहाल नालंदा जिले में 2023 से जिला परिवहन पदाधिकारी के रूप में कार्यरत है। छापेमारी के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी अनिल कुमार दास के घर से लगभग 70 लाख के सोना और हीरा के आभूषण, जमुई में प्लॉट पर अपार्टमेंट निर्माण, पटना में प्लॉट और फ्लैट का कागजात मिलने की सूचना सूत्रों से मिली है।

# छह बाइकों के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**रजौली।** अनुमंडल क्षेत्र में बाइक की चोरी की घटनाओं को लेकर एसपी नवादा अभिनव धीमान के निर्देश पर गठित एसआईटी की टीम ने दो बाइक चोर के साथ छह चोरी के बाइकों को जब्त किया है। एसडीपीओ गुलशन कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि अनुमंडल क्षेत्र में बाइक की चोरी की घटना एवं चोरी की बाइकों का इस्तेमाल अवैध कार्यों में किये जाने की सूचना लगातार मिल रही थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर सिरदला थानाध्यक्ष सह एसआई संजीत राम के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया, जो बाइकों की चोरी एवं बाइक चोर गिरोह पर काम कर रहा था।बीते दिन गुरुवार को एसआईटी टीम को सूचना मिली कि एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल से सिरदला बाजार से बहुआरा गांव जाने वाला है। गुप्त सूचना के आलोक में गुप्तचर एवं पुलिस बल सक्रिय हो गए। इस दौरान सिरदला बाजार से चोरी के एक बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान अमावां के दरियापुर गांव निवासी नवलेश प्रसाद के पुत्र सागर कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक को थाना लाकर सघन पूछताछ की गई। गिरफ्तार युवक से पूछताछ एवं अन्य सूचनाओं के सत्यापन के बाद एक अन्य अभियुक्त गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के छोटकी नगमा गांव निवासी राजेंद्र चौधरी के पुत्र संतोष चौधरी को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार बाइक चोरों के निशानदेही पर पांच अन्य चोरी के बाइकों को बरामद किया गया है। वहीं अंतरजिला बाइक चोर गिरोह के अन्य सदस्यों के गिरफ्तारी को लेकर एसआईटी टीम अग्रतर कार्रवाई में जुटी है। फिलहाल सिरदला पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई सराहनीय है।एसडीपीओ ने कहा कि दोनों गिरफ्तार अभियुक्त को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# उड़ते फ्लाई एश डस्ट से आमलोगों के साथ-साथ उत्पाद कर्मी बेहाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के बिहार-झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र दिबौर से लेकर लालू मोड़ तक झारखंड की ओर से आनेवाली दर्जनों ट्रकों पर ढोए जाने वाले फ्लाई एश डस्ट से सड़कों पर चलने वाले राहगीर समेत चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर तैनात उत्पाद बल काफी परेशान हैं। इस फ्लाई एश डस्ट के कारण लोगों को कई प्रकार के सांसों से संबंधित बीमारियां हो रही है।वहीं सड़क किनारे अवस्थित हरदिया समेत अन्य गांवों के लोग बहुत ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उत्पाद विभाग के एसआई बब्लू कुमार एवं एएसआई सुधीर कुमार समेत अन्य लोगों ने बताया कि वे लोग प्रतिदिन चौबीसों घंटे झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की जांच में जुटे रहते हैं। इस दौरान झारखंड की ओर से आनेवाली ट्रकों एवं हाइवा पर लोड फ्लाई एश डस्ट सड़कों पर गिरते जाता है,जो बाद में सूखने के बाद हवाओं के साथ वातावरण में फैलकर नाक एवं आंख को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। वहीं परिवहन विभाग में तैनात लोगों ने बताया कि वे ड्यूटी के दौरान उनके शरीर पर फ्लाई एश डस्ट का एक मोटा परत जमा हो जाता है,जिसके कारण उन्हें ड्यूटी के बाद स्नान के साथ-साथ कपड़े भी साफ करने पड़ते हैं।हालांकि स्नान करने के बाद शरीर एवं कपड़े तो साफ हो जाते हैं,किंतु नाक से गए धूलकण के कारण सांस लेने में एवं आंखों में काफी परेशानी हो रही है।वहीं हरदिया निवासी पवन सिंह ने बताया कि उनका घर सड़क के किनारे है एवं उड़ते फ्लाई एश डस्ट के कारण वे अपने घरों के खिड़की एवं दरवाजे को बंद करके रखना पड़ता है। वहीं घर के बाहरी दीवारों पर उजले रंग का मोटा परत जम जाता है, जिसे तीन-चार दिनों के अंतराल पर धोना पड़ता है।फ्लाई एश डस्ट का प्रकोप इतना ज्यादा बढ़ा हुआ है कि बूढ़े-बुजुर्ग समेत अन्य लोग यदि घर के बाहर कुर्सी लगाकर थोड़ी देर बैठ जाए, तो उन्हें खांसी होने लगती है। वहीं ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई है कि यदि फ्लाई एश डस्ट ढोने वाले वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो लोगों का जीना मुहाल हो जाएगा और लोग नाक, कान और आंख के विभिन्न गंभीर बीमारियों के चपेट में आने से नहीं बच सकते हैं।

## होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** थाना परिसर नारदीगंज में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक की गई। इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार सिंह,बीडीओ रंजीत कुमार, सीओ मो. रईस आलम, थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी समेत अन्य शामिल रहे। अधिकारियों ने कहा शराब का सेवन करने वालों व शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पर्व में आमलोगों से सहयोग करने की बात कही। थानाध्यक्ष व सीओ ने संयुक्त रूप से कहा होली महान पर्व है। इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग कर के खुशी मानते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी शराब का सेवन या धंधा करते पकड़ा गया तो जेल भेज दिया जाएगा। शांति व्यवस्था बनाने के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई है। किसी प्रकार की कहीं कोई गलत घटना या अपराध नहीं हो।

# शराब के साथ बस से सफर कर रहे पांच लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** बिहार-झारखंड के सीमावर्ती चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर शराब के साथ पार होना लोगों के लिए मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन है। इसके बावजूद झारखंड एवं अन्य जगहों से होली में अपने घरों को जाने वाले लोग शराब के साथ गिरफ्तार हो रहे हैं। बस में सवार रहे होली के जुगाड़ में जुटे लोगों को लगता है कि वे एक-दो बोतल शराब लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों को चकमा देकर आसानी से निकल जाएंगे, किंतु उत्पाद बलों की सूझ-बुझ के आगे उनका जुगाड धराशाही हो जा रहा है। शुक्रवार को विभिन्न यात्री बसों से उत्पाद बलों ने विभिन्न पांच लोगों के पास से कुल 57 बोतल विदेशी शराब को जब्त किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध एवं होली को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद एसआई बब्लू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इस दौरान उत्पाद एएसआई अंकित कुमार ने झारखंड की ओर से आ रही रौशन ट्रेवल्स पर सवार समस्तीपुर के अरविंदा मुखिया



को एक बोतल रॉयल चैलेंज नामक विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया वहीं ओम श्री बस पर सवार कोडरमा के रूपेश कुमार को 375 एमएल वाले एक बोतल ऑफिसर चॉइस नामक विदेशी शराब एवं कलकत्ता के पिंटू शर्मा को 750 एमएल वाले एक बोतल मेक डवेल नामक विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया वहीं दूसरी ओर जय माता दी बस पर सवार नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के बड़ेसरा गांव निवासी गोरेलाल यादव के पुत्र सुमन कुमार को 53 बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक द्वारा बताया गया कि वह कोडरमा से शराब खरीदकर बेचने के लिए ले जा रहा था। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जांच चौकी पर उत्पाद एएसआई सौरभ कुमार ने दयान बस पर सवार कलकत्ता के हजारी लाल साव को 750 एमएल वाले एक बोतल रॉयल स्टेज नामक विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं सभी गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मौके पर उत्पाद सिपाही एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

# जनता दरबार में सुनवाई हुई लोगों की शिकायतें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** प्रभारी जिला पदाधिकारी द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार में अनेक समस्याओं को तत्काल निपटारा किया गया तथा कुछ शिकायतों को संबंधित पदाधिकारी से बात कर अविलंब सुनवाई के लिए निर्देश दिया गया। जनता दरबार में सुनवाई के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को उनके सामने रखा। उन्होंने सभी शिकायतों को सुना और समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। आज की जनता दरबार में कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई। अधिकतर शिकायत भूमि विवाद, आपसी विवाद, स्वास्थ्य, नगर निगम, शिक्षा, समाज कल्याण, विद्युत, राशन कार्ड आदि से संबंधित थे। आज जनता दरबार में प्रखंड-गोविंदपुर, ग्राम-कमालपुर के कपिलदेव प्रसाद, पो0-कादिरगंज, ग्राम-आंती के भोलानाथ सिंह, थाना-रोह के अशोक कुमार, थाना-रोह, ग्राम-रोह के शालीग्राम प्रसाद, थाना-रजौली, साकिन-धतीयाडीह के लखन मांझी, प्रखंड-अकबरपुर, ग्राम पंचायत-लोदीपुर के अर्जुन प्रसाद द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिया गया। सभी आवेदनों को अधिकारियों से बात कर तुरंत निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मकसद लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना है। आज की जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता नवादा चन्द्रशेखर आजाद, जिला भूअर्जन पदाधिकारी धीरज कुमार, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी डा. राजकुमार सिंहा के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 82 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 6 मार्च 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में 10, पोक्सो एक्ट में 1, साइबर अपराध में एक, मद्य निषेध में 17 एवं अन्य गिरफ्तारी 53 कुल 82 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 3289.5 लीटर महुआ शराब एवं 2.055 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 37 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 04 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 300 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 39 हजार वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 13, एक ट्रैक्टर एवं एक कोपलेन बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

# पांच वर्षीया ताजमीन भी रख रही रोजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** जिले के हिसुआ प्रखंड के सिहीन गांव की रहने वाले मोहम्मद शाहिद के पांच वर्षीय पुत्री ताजमीन भी अपने मुल्क और समाज के कल्याण के लिए रोजा रख रही है । घर के सभी सदस्यों के द्वारा रोजा रखे जाने पर अति उत्साहित पांच वर्षीया ताजमीन पहले दिन से रोजा रख रही है और आज पांचवी रोजा को पूरा कर ली है। घर के सदस्यों ने बताया कि दिनभर में कभी भी ताजमीन को भूख नहीं लगती और नहीं पानी पीने के प्रति उसकी रुचि होती है। शाम में जैसे ही सारे लोग इफ्तारी के लिए बैठते हैं, ताजमीन भी साथ-साथ बैठकर अम्मी और अब्बू के साथ रोजा खोलती है। गांव में ताजमीन के रोजा रखे जाने की काफी चर्चा है। ताजमीन कहती है कि समाज की भलाई के लिए मैं भी रोजा रखती हूं। अब्बू अम्मी जैसे करते हैं, मैं भी वही कर रही हूं। छोटी सी बच्ची के द्वारा अभी से ही समाज कल्याण और पारिवारिक पृष्ठभूमि को देखकर रोजा रखा जाना सच में एक बड़ी बात बन जाती है।

## एक नजर

### बीइओ ने किया खेल मेला का उदघाटन

**पकरीबरावां।** प्रखंड के डुमरावां पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खपुरा में शुक्रवार को खेल मेला आयोजित की गई। यह आयोजन नव चेतना विकास केंद्र के द्वारा छलांग परियोजना की कॉर्डिनेटर पूजा कुमारी के नेतृत्व में किया गया। खेल मेला का उदघाटन प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार, एमडीएम के साधनसेवी संजय कुमार एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कॉर्डिनेटर ने बताया कि खेल मेला के अंतर्गत स्टैंडिंग खो -खो, क्लैप द ट्रेजर, रैली रेस, रस्सी खींच, अंधा ड्राइवर जैसे खेल कराया गया, जिसमें विद्यालय के सभी बच्चे एवं शिक्षक शिक्षिका काफी उत्साह पूर्वक भाग लिए। उन्होंने बताया कि इस तरह के खेल से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होता हैद्य छलांग परियोजना के माध्यम से पूरे प्रखंड के 12 विद्यालयों में इस तरह का कार्यक्रम एक वर्ष से चल रहा है। इस अवसर पर शिक्षक अजीत कुमार, अमित कुमार विनीत, सुनिता देवी, श्रीनिवास सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### सफल प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड की दक्षिणी ग्राम पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज में शुक्रवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान लाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. मुकेश कुमार एवं शिक्षक पंचम कुमार, फरहत जहां एवं अर्चना भारती के हाथों बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वर्ग एक से पांच में आयोजित गणित ओलंपियाड में प्रिंस कुमार को प्रथम स्थान मिला है। पेंटिंग में पूनम कुमारी एवं क्विज में प्रिंस कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह वर्ग छह से आठ में स्मिति कुमारी ने गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त की। सुषमा कुमारी ने पेंटिंग में प्रथम स्थान जबकि स्मिति कुमारी ने क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त की। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### माले ने जलायीं बिहार बजट की प्रतियां

**पकरीबरावां।** भाकपा माले का तीन दिवसीय 5-7 मार्च बिहार बजट के प्रतियां जलाने के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को पकरीबरावां डाकबंगला मैदान से जुलूस निकाला गया। उसके बाद बिहार बजट की प्रतियां जलाई गई। मार्च का नेतृत्व भाकपा माले के जिला सचिव भोला राम ,प्रखंड सचिव अरूण कुशवाहा, महावीर मांझी, लटन दास ने संयुक्त रूप से किया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव ने कहा कि बिहार बजट 2025 -26 बिहार सरकार ने पेश किया है, वह पूर्णरूपेण गरीब विरोधी व दिशाहीन है। इस बजट से संघर्षरत तबकों को निराशा हाथ लगा है एवं बजट झूठ का पुलिंदा है। ऐसे बजट को हमारी पार्टी सिरे से खारिज करती है और मांग करती है कि संघर्षरत तबकों की मांगो को लेकर एक पूरक बजट पेश करे। इस अवसर पर रामनंदन मांझी, किशुन यादव, सुरेश दास, सुरजभान यादव, कुलदीप दास, अनिल सिंह , मिन्ता देवी, खुशबू देवी, कौशल्या देवी, सकली देवी, भगिया देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### नाबालिग से दुष्कर्म, प्राथमिकी

**पकरीबरावां।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पकरीबरावां थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोप एक नाबालिग पर लगा है। पुलिस ने विधि विरुद्ध बालक को न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेज दिया है। लड़की के पिता ने बताया कि गुरुवार की शाम को साढ़े छह बजे के आस पास उसकी 15 वर्षीया पुत्री खेत की ओर गई थी, इस दौरान लड़के ने उसे बुलाया। उसके बुलाने पर लड़की चली गई। इसके बाद वह उसे उठाकर खेत की ओर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद स्थानीय थाना में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया कि जिस पर आरोप लगा है वह भी नाबालिग ही है। उन्होंने बताया कि पुलिस को जांच के दौरान जो साक्ष्य अबतक मिले है, उसमें प्रेम प्रसंग की बात भी सामने आ रही है। एक पक्ष शादी के लिए तैयार था, जबकि दूसरा पक्ष शादी के लिए तैयार नहीं था। बहरहाल पुलिस सघनता मामले की जांच कर रही है।

# नशामुक्त भारत अभियान अन्तर्गत मास्टर स्वयंसेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के तत्वाधान में सामाजिक सुरक्षा निदेशालय, पटना, बिहार द्वारा नशामुक्त भारत अभियान अन्तर्गत मास्टर स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग अमरनाथ कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मास्टर ट्रेनर सुशील कुमार शर्मा एसएलसीए द्वारा नशीले पदार्थो के प्रकार और उनके प्रभाव के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। उन्होंने बताया कि भारत में नशीले पदार्थों का सेवन और इसकी लत एक उच्च जोखिम वाले नतीजों के रूप में सामने आई है, जो व्यक्ति, उनके परिवार और समाज के लिए खतरा है। इसके लिए, रोकथाम सबसे प्रभावी दृष्टिकोण साबित हुआ है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय इम्स की मांग में कटौती करने के लिए नोडल मंत्रालय है जो कई हस्तक्षेपी का समन्वय, कार्यान्वयन और निगरानी करता है जिसमें समस्या की रोकथाम, मूल्यांकन, उपयोगकर्ताओं के उपचार और पुनर्वास, सूचना और जनता के बीच जागरुकता का प्रसार शामिल है। भारत में नशीले पदार्थों के उपयोग की व्यापकता के बारे में बताया गया कि मंत्रालय ने 2018 के दौरान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के राष्ट्रीय औषधि निर्भरता उपचार केंड (एनडीडीटीसी) के माध्यम से भारत में नशीले पदार्थों के उपयोग और विस्तार के पैटर्न पर पहला राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया है। रिपोर्ट के कुछ निष्कर्षो के अनुसार यह है कि शराब भारतीयों द्वारा भांग और ओपियोइड्स के बाद इस्तेमाल किया जाने वाला सबसे आम मनः प्रभावी नशीला पदार्थ है। देश में लगभग 16 करोड़ व्यक्ति शराब का सेवन करते हैं, 5.7 से अधिक करोड़ व्यक्ति हानिकारक या आश्रित शराब के उपयोग से प्रभावित होते हैं और उन्हें शराब के उपयोग की समस्याओं के लिए मदद की आवश्यकता होती है। भारत में 3.1 करोड़ों लोग भांग के उत्पादी का उपयोग करते हैं। लगभग 25 लाख भांग की निर्भरता से पीड़ित हैं। 2.26 करोड़ में ओपिओइड का उपयोग होता हैय लगभग 77 लाख व्यक्तियों को अपने ओपिओइड उपयोग की समस्याओं के लिए मदद की आवश्यकता होती है। 1.7 प्रतिशत बच्चे और किशोर अस्वस्थ उपयोगकती हैं। लगभग 18 लाख बच्ची को अमानवीय उपयोग के लिए मदद की आवश्यकता है। लगभग 8.5 लाख लोग ड्रग के एंजेक्शन (पीडब्ल्यूआईडी) लगा रहे हैं। निष्कर्ष से यह भी संकेत मिलता है कि सबसे कमजोर आयु वर्ग उन बच्चों का है जिन्हें नशीले पदार्थों के व्यापक सेवन से बचाया जाना है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएंगे क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए।

# आर्केस्ट्रा संचालकों के ठिकानों पर छापेमारी, तीन लड़कियों को कराया मुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** गिरियक थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने स्थानीय पुलिस की मदद से जबरन आर्केस्ट्रा में काम करने वाली एक नाबालिग समेत तीन लड़कियों को मुक्त कराया है। पुलिस ने संचालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मिशन मुक्ति फाउंडेशन नई दिल्ली के डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह और डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में महिला थाना पुलिस की गठित विशेष टीम ने शुक्रवार की अहले सुबह आर्केस्ट्रा संचालकों के ठिकानों पर छापेमारी कर लड़कियों को मुक्त कराया। मुक्त करायी गई लड़कियों में एक नेपाल की रहने वाली हैं। सभी को फिल्मों में काम दिलाने और मोटी रकम देने का झांसा देकर बुलाया गया था। मिशन मुक्ति फाउंडेशन नई दिल्ली के डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को सूचना मिली थी कि गिरियक थाना क्षेत्र में कुछ आर्केस्ट्रा संचालकों द्वारा नाबालिग लड़कियों का शोषण किया जा रहा है। इस सूचना के बाद कार्रवाई की गयी है। मुक्त कराई गई लड़कियों को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत कर लड़कियों की काउंसलिंग की जाएगी। उनके पुनर्वास की योजना बनाई जाएगी। टीम में महिला थानाध्यक्ष उषा कुमारी, मिशन मुक्ति फाउंडेशन, नई दिल्ली के वीरेंद्र कुमार सिंह, रेस्क्यू फाउंडेशन, दिल्ली के अधिकारी अक्षय पांडेय, रेस्क्यू एंड रिलीफ फाउंडेशन, पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि, चाइल्डलाइन के रंजन पाठक और आइडिया संस्था से मंटू कुमार, उज्ज्वल कुमार और अश्विनी कुमार शामिल थे।

## महिला की पहचान के लिए किया जा रहा है माईकिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में अज्ञात महिला के शव मिले हुए 48 घंटे से अधिक हो चुके हैं लेकिन अभी तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है। मामला उस वक्त सुर्खियों में आ गया जब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के द्वारा इसे संज्ञान में लिया गया। महिला की पहचान के लिए लगातार हिलसा डीएसपी के निर्देश पर नालंदा जिले के सभी थाना क्षेत्र इलाकों में माईकिंग का सहारा लिया जा रहा है और हर चौक चौराहा हो गली कस्बे में महिला की फोटो भी चिपकाए जा रही है।

# शराब कारोबारी को पांच साल का कठोर कारावास

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** स्थानीय व्यवहार न्यायालय के एडीजे पांच सह शराब मामलों के विशेष जज संजय कुमार सिंह ने शराब कारोबारी संतोष कुमार को पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है साथ ही एक लाख रुपए का जुर्माना भी किया। जुर्माना की राशि जमा नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। शराब कारोबारी अस्थावां थाना क्षेत्र के नेपुरा गांव का निवासी है। विशेष लोक अभियोजक रमाशंकर प्रसाद व उत्पाद विभाग के वरीय अधिवक्ता दिलीप कुमार सिंह ने सभी चार लोगों की गवाही कराई थी। सजा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए विशेष लोक अभियोजक श्री प्रसाद नेआरोपित संतोष कुमार को अधिकतम से अधिकतम सजा दिए जाने की मांग की थी। स्पेशल पीपी श्री प्रसाद ने बताया कि 25 फरवरी 2018 को अस्थावां थाना के दारोगा नंदकिशोर सिंह विशेष छापामारी के लिए निकले थे। वे जैसे ही थाना क्षेत्र के सोयबा पुल के आगे बलवा पर के पास मुख्य सड़क पर पहुंचे, तो व्यक्ति को बाइक के साथ खड़ा देखा। व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर भागने लगा। इसके बाद पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ व वाहन तलाशी में बाइक से 180 एमएल की 66 बोतल शराब बरामद की।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सम्मान समारोह एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सम्मान समारोह सह विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति बढ़ते अत्याचार की रोकथाम पर जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत विभागध्यक्ष डॉ. दीपशिखा पांडेय के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गृह विज्ञान विभाग लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है जिसमें शोधार्थी छात्राओं का अहम योगदान है। मुख्य अतिथि वन स्टॉप सेंटर की प्रोजेक्ट मैनेजर आरती कुमारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज या राष्ट्र की समृद्धि महिलाओं की प्रगति के बिना अधूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न का डटकर सामना करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर पीड़ित महिलाओं को सहायता प्रदान करने के लिए टोल फ्री नंबर 181 और व्हाट्सएप नंबर 9771468011 के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है जहां उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाता है।

आरती कुमारी ने कहा कि महिलाओं को अपने सम्मान और सुरक्षा के लिए खुद आगे आना होगा। घरेलू हिंसा या कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार की प्रताड़ना का शिकार होने पर वे वन स्टॉप सेंटर की सहायता ले सकती हैं जहां उन्हें निशुल्क कानूनी सहायता, परामर्श सेवाएं, पुलिस सहायता और चिकित्सकीय सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

**उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

कार्यक्रम के दौरान गृह विज्ञान विभाग के सांस्कृतिक, शैक्षणिक और शोध कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में ज्योति, रजनी, वंदना, अर्चना रंजन, सिंधु रानी, अनुज भारती, अंकित, उषा, अमृता, आशीष रंजन, सौरव, ईशान, हर्ष प्रिया, शिवानी, कल्याणी, प्रिया रंजन, प्रियंका, अंकित झा समेत कई छात्र-छात्राएं शामिल रहे। इन्हें प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपशिखा पांडेय ने किया। इसे सफल बनाने में पुरातन छात्राएं डॉ. मीनू, श्वेता कुमारी, पूजा कुमारी, अनिता कुमारी, अंजली कुमारी, अमृता, शालू, ब्यूटी, गुड़िया, नीतू आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. स्मिता, डॉ. सुषमा कुमारी, मिला देवी, आयुषी, विनीता, रूपा, पुस्तकालयाध्यक्ष पूजा कुमारी, सुरेश प्रसाद और सोमनाथ प्रसाद सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अहियापुर मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गया जिसे गया रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रौना के ग्राम करमा निवासी अवधेश यादव (45) पेशे से वकील हैं। वे गुरारू में पूर्व मुखिया लालदेव यादव के आवास पर शादी समारोह में शामिल होकर वापस गया स्थित डेल्हा मोहल्ला में अपने घर लौट रहे थे। तभी जब वे कोंच थाना क्षेत्र के अहियापुर मोड़ के पास पहुंचे तो अज्ञात चार पहिया वाहन ने ठोकर मार कर फरार हो गया जिससे वे घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घटना गुरुवार की रात 8 बजे की है। स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया। बताया गया है कि उनका सर फट गया है।

### महिला के साथ मारपीट के खिलाफ 6 पर प्राथमिकी

**कोंच (नबिटा सं.)।** आंती थाना क्षेत्र अंतर्गत कोराप गांव में महिला के साथ मारपीट के खिलाफ 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज शुक्रवार को हुआ। ग्राम कोराप की रहने वाली वैजन्ती देवी पति हीरा लाल प्रजापत ने थाना में आवेदन देकर बताई है कि मेरे साथ ससुरालवाले ससुर सुरेश प्रजापत, सास मानती देवी, बड़ी गोतनी कांति देवी, गोतनी किरण देवी, जाउत संतोष कुमार ने मेरे साथ गाली-गलौज और मारपीट किया। साथ ही साथ अपने पति हीरालाल प्रजापत को भी आरोपी बनाया गया है। बताया गया है कि पिछले 10 वर्षों से मुझे ससुराल में प्रताड़ित किया जा रहा है जब मैं अपने पति हीरालाल प्रजापत को फोन करती हूं तो पता चला कि वह किसी दूसरे लड़की से शादी कर लिया है। इसलिए मेरा ख्याल नहीं करता है। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि आवेदन के संदर्भ में कांड संख्या 30/25 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### होली मिलन समारोह को लेकर बैठक

**गया(नबिटा सं.)।** बिहार प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह को लेकर बोधगया के एक निजी होटल में बिहार प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल के नेतृत्व में एक बैठक आहूत की गई। इसमें गया जिले के सभी वैश्य समाज के जिलाध्यक्षों ने हिस्सा लिया और आयोजन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। उक्त बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वैश्य समाज के सामाजिक एकता हेतु सामूहिक रूप से आगामी 09 मार्च को द बोधि पैलेस रिजॉर्ट एंड होटल, बोधगया में वैश्य होली मिलन समारोह का आयोजन होने जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर गया लोकसभा के लोकप्रिय सांसद व भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की उपस्थिति रहेगी एवं कार्यक्रम के आयोजक व स्वागताध्यक्ष बिहार प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल के द्वारा होना तय हुआ है।

# पुलिस केंद्र गया में वाहन परेड का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पुलिस केंद्र, गया में वाहन परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसएसपी आनंद कुमार ने पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), परिवहन शाखा प्रभारी तथा अन्य पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ विभिन्न पुलिस थानों एवं प्रतिष्ठानों से आए हुए वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए, जिनमें शामिल हैं- वाहनों को अपग्रेड करना, अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए पुलिस वाहन बेड़े को और अधिक कुशल और प्रभावी बनाना। मरम्मत योग्य वाहनों का मरम्मत कराना जिन वाहनों में तकनीकी समस्याएं हैं उन्हें समय पर ठीक करना ताकि उनकी प्रदर्शन क्षमता बनी रहे। रिकवरी योजनाएं वाहन ब्रेकडाउन और आपातकालीन स्थितियों के लिए समुचित रिकवरी योजनाएं तैयार रखना ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्यवाही की जा सके। अत्याधुनिक वाहनों/तकनीक का प्रशिक्षण अत्याधुनिक हाइवे पेट्रोलिंग वाहनों का परिचालन और उपयोग करने के लिए पुलिस कर्मियों को उचित प्रशिक्षण देना।

# डीएम ने 550 व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुना

## पदाधिकारियों को जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित डीएम का जनता दरबार में जिले के डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम ने लगभग 550 से अधिक व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आवेदकों के कई मामलों में डीएम द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास/मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को डीएम ने डीडीसी/डीआरडीए को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए। उन सभी आवेदन के आलोक में डीएम ने संबंधित सीओ तथा थानाध्यक्ष एवं एसडीओ तथा डीएसपी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबंधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए। जनता दरबार में जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए डीएम ने आए आवेदनों को सभी डीसीएलआर को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम 7 दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी/ पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे। जनता दरबार में कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिसपर डीएम ने संबंधित सीओ एवं आरओ को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें।

# वजीरगंज में दिव्यांगों ने पाई सफलता, उत्तमा दिखा रही राह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** दिव्यांगों का जीवन संघर्षों से भरा होता है, लेकिन उन्ही संघर्षों के बूते वे काफी मेहनती व किसी कार्य को लेकर सजग हो जाते हैं। शरीर का जो भी अंग पूर्ण नहीं होता उसकी पूर्ति वे अन्य तरीके अपना कर करते हैं। उन तरीकों को सिखाना और उनकी राहों को आसान बनाने का कार्य भी काफी परेशानी से भरा होता है। ऐसे में उन्हीं दिव्यांगों में से एक बहू वजीरगंज निवासी राजीव रंजन की 35 वर्षीय पत्नी उत्तमा कुमारी दिव्यांगों का सहारा बनने का संकल्प लेकर विभिन्न संस्थानों से जुड़कर दिव्यांगो की सहायता करने में जुटी हुई है। उत्तमा बताती हैं कि पहले मुझे इस कार्य के लिये पारिवारिक सहयोग मिला, लेकिन खुद दिव्यांग रहने के कारण मुझे आवागमन एवं अन्य प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन अब मैं अभ्यस्त हो चुकी हूं। विगत छः वर्षो से प्रगति दिव्यांगजन सेवा समिति गया में उप सचिव रहकर मैंने कई शिविरों के माध्यम से सैकड़ों दिव्यांगों को यूआईडी, बैट्री साइकिल, ट्राईसाइकल, श्रवण यंत्र आदि दिलवाने में योगदान दिया है। दर्जनों दिव्यांगों ने अपने जीवन में अच्छा मुकाम भी प्राप्त किया है जिसमें पुनावां गांव के दिव्यांग चान्सु कुमार आईआईटीएन बने, खिरियावां गांव के चन्दन कुमार, वजीरगंज के उत्तम कुमार शिक्षक बने इसके अतिरिक्त राजेश शर्मा सहित अन्य अनुकरणीय नाम हैं जिन्होंने अपनी काबिलियत को साबित करते हुए सपनों को साकार किया है।

# इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय गया द्वारा जागरुकता सत्र का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा इन दिनों आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय गया द्वारा प्रमोद लड्डू भंडार एण्ड कॉन्फेक्ट्नरी के बारे में बीमित लाभार्थियों एवं कर्मचारियों को जानकारी दिया गया। जागरूकता सत्र में वहां कार्यरत कर्मचारियों को इएसआइसी द्वारा प्रदान की जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए चिकित्सा एवं नकद हितलाभ को लेकर जागरुक किया गया। बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज प्राप्त कर पाने की माध्यमों व किसी दुर्घटना के कारण, बीमारी या मातृत्व अवकाश पर रहने की स्थिति में वेतन नुकसान के कारण इएसआइसी द्वारा दी जाने वाली नकद हितलाभ के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक एवं अन्य कर्मी शामिल रहे। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान वैसे संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों उन पर लागू हो जाती है और इसके अंतर्गत उन कर्मचारियों को परिवार के आश्रित सदस्यों के साथ पूर्ण चिकित्सा सुविधा तथा नकद हितलाभ प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

# बैडमिंटन एवं दौड़ प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में खेलो भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित बैडमिंटन और दौड़ प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से खेल प्रेमियों को रोमांचित किया। प्रतिभागियों ने न केवल अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। बल्कि अनुशासन, समर्पण और खेल भावना का भी शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिससे उनका उत्साह और अधिक बढ़ा। गया कॉलेज, गया के संपदा पदाधिकारी रामदेव पासवान ने अपने संबोधन में कहा, खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या: एसडीएसटीई-ईटीएन-ओआरएच-एचडब्ल्यूएच-2025, दिनांक: 05.03.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल लिफाफा प्रणाली में खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा स्टेशन क्षेत्र में अधिकारियों के विश्रामालय में दूरसंचार उपयोगिता का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 67,95,402.76। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,35,900। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 13.03.2025। **निविदा अपलोड करने की तारीख एवं समय:** 05.03.2025 को दोपहर 12.34 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **पूरा करने की अवधि:** 180 दिन। वेबसाइट का विवरण जहाँ से निविदा दस्तावेज डाउनलोड किये जा सकते हैं: **www.ireps.gov.in**। बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह का मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा।

(HWH-650/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 07.03.2025।** मंडल अभियंता/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: टीएन-255-24-25। कार्य का नाम:** बी. आर. सिंह हॉस्पिटल में- सहायक अभियंता/डब्ल्यू/1/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में एएसई/डब्ल्यू/बी. आर. सिंह हॉस्पिटल के अधीन मेट्रो ब्लॉक की दूसरी मंज़िल पर सिस्टर्स वर्क स्टेशन सहित केबिनों एवं कॉरिडोर का विकास सहित अन्य सभी आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,08,45,459.40। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,04,200। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 (नौ) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** 02.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे।

(SDAH-376/2024-25)

निविदा सूचना वबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# प्रधानमंत्री आवास सर्वेक्षण को लेकर बैठक

**कोंच (नबिटा सं.)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वेक्षण को लेकर बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता बीडीओ बिपुल भारद्वाज ने किया। बैठक में सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, डाटा ऑपरेटर आवास सहायक, रोजगार सेवक शामिल हुए। आवास से संबंधित और योजना से संबंधित कई बातें रखी गई जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सर्वेक्षण कार्य में लगे हुए कर्मियों को निर्देश दिया कि सही तरीके से पंचायत और वार्डों में सर्वेक्षण कार्य करें और कार्य में तेजी लाने को कहा।

# ट्रैक्टर गायब कर देने व जबरन अवैध रूप से राशि लेने का पुलिस पर लगा आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** अलीपुर थाना में पदस्थापित एएसआई ऋषि कुमार पर ट्रैक्टर गायब कर देने व जबरन अवैध रूप से राशि लेने का आरोप लगा एसएसपी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों से शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता द्वारा जबरन बिना कारण के 36 घण्टे तक थाना में बैठाये रखने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता मउ थाना क्षेत्र के सहवारा ग्राम निवासी नवल शर्मा द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि विगत 27 फरवरी को अलीपुर थाना क्षेत्र के गड़ौर ग्राम निवासी केदार सिंह के निजी जमीन से सूखा आम का पेड़ काट ट्रैक्टर पर लोड करा रहे थे। इसी क्रम में थाना में पदस्थापित ऋषि कुमार दल बल के साथ आये और सरकारी जमीन से पेड़ काटे जाने की बात कह जबरन नवल शर्मा से तेतालिस हजार रुपया छीन लिए व नवल शर्मा को थाना लाकर बिठा दिये। साथ ही साथ श्री शर्मा के पुत्र से भी तेरह हजार रुपए ले लिया गया। इसके उपरांत ऋषि कुमार टिकारी थाना क्षेत्र के किला अंदर स्थित नवल शर्मा के आवास के समीप खड़ी ट्रैक्टर को जबरदस्ती ले कर चले गये जिसका कोई सुराग नही है। वहीं लकड़ी के साथ जब्त ट्रैक्टर को थाना ले जाया गया। मामले को लेकर जब दूसरे दिन सीओ द्वारा अमीन से नापी करा उक्त भूमि निजी बताते हुए प्रतिवेदन दिया गया तब जाकर 36 घण्टे के उपरांत शिकायतकर्ता व उनके पुत्र को थाना से मुक्त किया गया वहीं जब्त एक ट्रैक्टर को मुक्त किया गया जबकि दूसरा ट्रैक्टर बीआर 26 सी 6667 का कोई सुरागा नहीं मिला। शिकायतकर्ता श्री शर्मा ने आरोप लगाया है कि ऋषि कुमार द्वारा ट्रैक्टर को गायब कर दिया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईसी/टी/एयर बेलो फॉल्ट इंडिकेशन/ओटी-15/24-25, दिनांक: 01.03.2025।** मुख्य कार्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है : **ई-निविदा संख्या: ईसी_टी_एबीएफआई_ओटी-15_24-25, दिनांक: 28.02.2025। कार्य का नाम एवं उसका स्थान:** आरडीएसओ मॉडिफिकेशन शीट संख्या: आरडीएसओ/पीई/एमएस/ईएमयू/0093-2024 (रिव. 01), जारी करने की तारीख: अक्टूबर'2024 के अनुसार सीमित निविदा के जरिये तत्काल रूप से पायलट परियोजना के आधार पर 02 अदद फुल एएसएस ईएमयू रेक (प्रत्येक में 12 कोच) तथा 02 अदद आईसीएफ निर्मित फुल एएसएस एमईएमयू रेक (प्रत्येक में 16 कोच) में एयर बेलौ फॉल्ट इंडिकेशन सिस्टम के प्रावधान हेतु कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 27,71,040 (जीएसटी सहित)। **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹ 55,400। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। **वेबसाइट जहाँ से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होगा:** निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण 28.02.2025 से 24.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। **विज्ञापन की अवधि:** 28.02.2025 से 24.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि:** 10.03.2025 से 24.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 24.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 24.03.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।

(MISC-368/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# डॉ. राज कुमार सरदार ने की शोध से प्लास्टिक को खाने वाले बैक्टीरिया की खोज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग में कार्यरत प्रयोगशाला सहायक डॉ. राज कुमार सरदार ने अपने शोध से प्लास्टिक को खाने वाले बैक्टीरिया की खोज की है। डॉ. सरदार के इस शोध उपलब्धि को स्प्रिंगर नेचर द्वारा नीदरलैंड से प्रकाशित उच्च मानक अंतराष्ट्रीय जर्नल वर्ल्ड जर्नल ऑफ़ माइक्रोबायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी ने प्रकाशित किया गया है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो नरेंद्र कुमार राणा एवं प्रो. रिजवानुल हक डीन, स्कूल ऑफ अर्थ एंड बायोलॉजिकल साइंस, प्रो. प्रधान पार्थ सारथी, विभागाध्यक्ष, पर्यावरण विभाग, डॉ. नीतीश, डॉ. कृष्ण प्रकाश, डॉ. प्रशांत आदि ने डॉ. सरदार को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. सरदार को इसी वर्ष जून 2025 में वैश्विक पटल पर अमेरिका के लॉस एंजेलिस शहर में होने वाले साइंटिफिक अधिवेशन में अपनी शोध सारांश को प्रस्तुत करने के लिए चयनित किया गया है। डॉ. सरदार दुनिया की सबसे बड़ी और पुरानी साइंटिफिक सोसाइटी - अमेरिकन सोसाइटी फॉर माइक्रोबायोलॉजी के मेंबर भी है। वेस्ट-टु-वेल्थ अवधारणा के तहत रोजाना उपयोग किये जाने वाले प्लास्टिक को जैविक अपघटन एवं बायो-मास उत्पादन के दृष्टिकोण से डॉ. सरदार ने प्लास्टिक को खाने वाली बेक्टेरिया माइक्रोकोक्कस फ्लेवस का खोज किया है। भारत के उच्च स्तरीय सीएसआईआर के प्रयोगशाला में अनुसंधान के दौरान डॉ. सरदार ने पाया की ये बैक्टीरिया प्लास्टिक के सतह पर पतली सी झिल्लीदार बायोफिल्म के रूप में बसर करता है और धीरे-धीरे जटिल पॉलीमर प्लास्टिक को एंजाइम क्रियाविधि से अतिसूक्ष्म मोनोमर में खंडित कर देता है तथा कार्बन स्रोत के रूप में इस्तेमाल कर 30 दिनों में करीब 2 प्रतिशत तक प्लास्टिक के वजन को कम करता है। ये नवीन बैक्टीरिया भारतीय पश्चिमी समुद्री क्षेत्र से प्राप्त की गयी थी जिसकी पहचान, उनके प्लास्टिक खाने की नायाब गुण तथा प्लास्टिक के विघटन की पुष्टि सॉफ्टवेयर और विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों से की गई।

# 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन, किया देवपूजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध की धरती, जो आध्यात्मिकता और वीरता की अनगिनत गाथाओं का साक्षी रही है, आज एक बार फिर राष्ट्र जागरण के यज्ञ में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी पावन भूमि पर आयोजित 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ ने आज संपूर्ण जनमानस में एक नई चेतना का संचार किया। इस सन्दर्भ से अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या अपने एक दिवसीय प्रवास में मगध की धरती गयाजी बिहार में आयोजित इस विराट महायज्ञ में पहुंचे। 108 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ के भव्य आयोजन में सहभागिता की। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से पधारे हजारों गायत्री परिजनों ने उनका भावपूर्ण स्वागत किया।

**कार्यालय,असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा**
**(राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा)**

**विज्ञापन संख्या-09/2024-25 दिनांक-07.03.2025**

**संविदा आधारित नियुक्ति-सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या-09/2024-25 दिनांक-07.03.2025 गढ़वा जिले के बेबसाईट garhwa.nic.in पर Upload किया गया है।

इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन में दिए गये पद की अर्हत्ता के अनुसार, निबंधित डाक से निर्धारित अंतिम तिथि **24.03.2025 (सोमवार) तक** असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा के पते पर भेजना सुनिश्चित करेंगे।

विज्ञापन में दिए गये शर्तों एवं निर्देश के आलोक में सुस्पष्ट अक्षर/कम्प्यूटरीकृत आवेदन पत्र को भरकर वांछित सभी कागजातों के साथ जमा करेंगे। त्रुटिपूर्ण, अधूरा अथवा अस्पष्ट, अपठनीय आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। नियुक्ति संबंधी अन्य सुचनाएँ अधिकारिक रूप से समय-समय पर, समाचार-पत्र एवं जिले के बेबसाईट garhwa.nic.in पर पर उपलब्ध है।

ह0/-
असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 348075 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

**जल संसाधन विभाग**
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद

बिहार सरकार

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - 01SBD/2024-25**
(राष्ट्रीय स्पर्द्धा)
(केवल ई-टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्य का विवरण:-

| ग्रुप सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि (लाख रू0 में) (ऑन लाईन अथवा फिजिकल / मैनुअल मोड में भुगतेय) | परिमाण - विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में | बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद औरंगाबाद के अन्तर्गत अदरी नदी का सौन्दर्यीकरण एवं नदी तट विकास कार्य। | 7477.89 | 84.78 | 10,000.00 | 5900.00 | 18 माह |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक -04.03.2025
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक -04.04.2025 से दिनांक - 11.04.2025 के 3.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री-बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक-07.04.2025 के 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, औरंगाबाद के सभाकक्ष में।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक -15.04.2025, समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
7. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर ।
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद मो0न0: 7463889727
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in एवं wrd.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद

PR- 021205 (WRD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

C M Y K

संपादकीय

# पटेल का बयान : निशाना कौन?

मप्र के पंचायत एवं श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल द्वारा एक सामाजिक कार्यक्रम में जनता द्वारा भीख मांगने की प्रवृत्ति को लेकर की गई टिप्पणी अब उनके गले की फांस बनती जा रही है। विपक्षी कांग्रेस ने तो पटेल की विवादित टिप्पणी पर जिलों में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है, लेकिन इससे भी ज्यादा गंभीर बात पटेल के बयान को भाजपा आला कमान ने भी संजीदगी से लेते हुए प्रदेश इकाई से रिपोर्ट तलब करना है। मामला और गंभीर तब हो गया जब पटेल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को टैग करते हुए सफाई देने के अंदाज में एक पोस्ट डाली-'शुचिता की राजनीति भ्रष्ट और बेईमानों को कैसे रास आएगी?' हालांकि उन्होंने इसे बाद में डिलीट भी कर दिया, लेकिन इसको लेकर राजनीतिक कयास शुरू हो गए कि इस पोस्ट का असली निशाना कौन है और सम्मेलन में गई टिप्पणी भी किसके खिलाफ थी। माना जा सकता है कि प्रह्लाद पटेल ने जो कहा, मूल रूप से उसके पीछे भावना सही थी, लेकिन कहने का तरीका और मंच शायद गलत था। बीते रविवार को राजगढ़ जिले के सुठालिया में लोधी समाज के एक कार्यक्रम में मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है। नेता मंच पर जब आते हैं तो लोग माला पहनाते हैं और पत्र पकड़ा देते हैं जिसमें कोई ना कोई मांग होती है। यह अच्छी आदत नहीं है। पटेल ने कहा कि हमेशा मांगने की प्रवृत्ति मत बनाइए। अगर खुद को मांगने की जगह देने वाला बनाएंगे तो खुद भी सुखी होंगे और समाज को भी संस्कारवान बनाएंगे। मंत्री पटेल खुद भी लोधी समाज से आते हैं। उनका यह बयान वायरल होते ही बवाल मच गया। सवाल पूछा जाने लगा कि पटेल जनता से क्या देने की अपेक्षा रखते हैं। जनता लोकतंत्र की सबसे कीमती चीज वोट देकर ही नेताओं को चुनती है, उन्हें पदों पर बैठाती है। उसके बदले में लोग नेताओं से अपने काम कराने की अपेक्षा रखते हैं तो इसमें गलत क्या है? कांग्रेस ने तो पटेल के बयान की आलोचना करते हुए इसके खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन का ऐलान कर दिया। उधर पटेल ने अपनी सफाई में सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली कि 'मेरे मन में जनता सदैव जनार्दन रही है। उसने नकारा हो या स्वीकारा हो, ये मेरी निष्ठा का अतीत है वह आज भी है। लेकिन शुचिता की राजनीति भ्रष्ट और बेईमानों को कैसे रास आएगी।' ये पोस्ट उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी टैग की और थोड़ी देर बाद ही उसे हटा भी लिया। कांग्रेस प्रवक्ता अमित टेवरे ने कहा कि मंत्री पटेल द्वारा जनता को भिखारी बताना जनता का अपमान है। उन्होंने मंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस इस मामले को कोर्ट में ले जाएगी। प्रहलाद पटेल के बयान पर उनकी अपनी पार्टी भाजपा में खलबली मच गई। भाजपा आला कमान ने इसको लेकर पार्टी की प्रदेश इकाई से रिपोर्ट मांगी है। अगर इस टिप्पणी को भाजपा सरकार और पार्टी की नीति के खिलाफ माना गया तो पटेल पर कार्रवाई भी हो सकती है। क्योंकि जनता को भिखारी बताकर परोक्ष रूप से पटेल अपनी ही पार्टी भाजपा की सरकारों की जनता को नकद बांटने वाली उन 'कल्याणकारी योजनाओं' पर सवाल उठा रहे हैं, जिन्हें आलोचक रेवड़ी कल्चर मानते हैं। अब सवाल यह कि पटेल जैसे अनुभवी नेता ने ऐसा क्यों कहा? क्या इसके पीछे पार्टी आला कमान द्वारा उन्हें मप्र का सीएम न बनाने की कसक है या कुछ और? यह समझना मुश्किल है कि यदि इसके पीछे पटेल का निजी असंतोष है तो उसमें जनता को आड़ बनाने की क्या जरूरत थी।

# मंत्री के इस्तीफे के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में तूफान

**महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे का इस्तीफा राजनेताओं और अपराधियों की मिलीभगत का जीवंत व ताजा उदाहरण है। यह सांठगांठ इस हद तक है कि धोखाधड़ी, कमिशनखोरी, रंगदारी वसूली, मारपीट और हत्याओं तक बात पहुंच जाती है। आरोपों से लगता है कि धनंजय शायद इसी जाल में फंसे हैं। बीड़ जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या इसी कड़ी का हिस्सा है। इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी वाल्मिक कराड और उनके गिरोह के साथियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उनसे अपनी करीबी कबूल कर धनंजय भी गिरफ्त में आ गए। धनंजय मुंडे महाराष्ट्र सरकार में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग संभाल रहे थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंत्री पद से इस्तीफा देने को कहा था। इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए फडणवीस ने कहा, 'महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे ने आज अपना इस्तीफा दे दिया है। मैंने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और आगे की कार्रवाई के लिए इसे राज्यपाल के पास भेज दिया है।'**

**अशोक भाटिया**

यहां बीड़ जिले में स्थित मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की पिछले साल दिसंबर में बड़ी निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड को को गिरफ्तार किया गया है। इस हत्याकांड की कुछ चौंकाने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें साफ दिखायी दे रहा है कि सरपंच को कैसे पहले निर्वस्त्र किया गया। फिर उन्हें बेरहमी से पाइप और दूसरे हथियारों से पीटा गया। एक तस्वीर में दिख रहा है कि सरपंच देशमुख अधमरी हालत में पड़े हुए, तब उन पर आरोपी सुदर्शन घुले ने पेशाब भी किया गया। इस मामले में मुख्य आरोपी वाल्मीकी कराड एनसीपी नेता और मंत्री धनंजय मुंडे का खास आदमी बोला जाता है।

इस मामले में कांग्रेस विधायक और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने हत्याकांड से जुड़ी तस्वीरें शेयर करते हुए महायुति सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि 'बीड कांड में हैवानों की ये तस्वीरें और वीडियो पिछले 2 महीने से राज्य के गृह मंत्री, उपमुख्यमंत्री के पास थीं। और फिर भी आपने धनंजय मुंडे का इस्तीफा न लेकर नैतिकता की हत्या कर दी!' उन्होंने आरोप लगाया कि 'पुलिस स्टेशन में सीसीटीवी बंद करने के बाद वाल्मिक कराड को पुलिस हिरासत में सभी पांच सितारा सुविधाएं दी गईं। ये सब क्यों? जहां महागठबंधन के मंत्री धनंजय मुंडे के खासमखास और उनके बिना इस मंत्री का पन्ना नहीं हिलता, वहीं हैवान वाल्मीक कराड और उनके साथियों पर गृह मंत्री, उपमुख्यमंत्री और पुलिस का लाड़-प्यार था। पूरे महाराष्ट्र को गुस्सा दिलाने वाली संतोष देशमुख की हत्या की तस्वीर अब महाराष्ट्र के सामने आ गई है। लेकिन इस सरकार ने धनंजय मुंडे का इस्तीफा स्वीकार करने की हिम्मत नहीं दिखाई। इस्तीफा देने में बहुत देर हो चुकी है, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को अब इस्तीफा दे देना चाहिए!'

गौरतलब है कि इतने लंबे समय तक, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अजीतदादा पवार के वाहन के साथ एकजुट एनसीपी की राजनीतिक चुनौती को कुचलने की कोशिश की। एनसीपी विभाजित थी। भाजपा की रणनीति सफल रही। अब भाजपा अजितदादा और उनकी एनसीपी के अस्तित्व को कुचलने के लिए उसी बर्तन का इस्तेमाल करेगी, जिनके पैर वहां थे। मीडिया ने पहले ही संकेत दिए थे कि धनंजय मुंडे का इस्तीफा ले लिया गया था।पहला संकेत यह है कि मीडिया ने जो भविष्यवाणी की थी वह सच होने लगी है। यह अंतिम नहीं है, बिल्कुल। अब इस सरकार के माणिकराव कोकाटे इसका शिकार होंगे। एकनाथ शिंदे की शिवसेना के मंत्रियों के कुछ मामले सामने आएं तो चौंकिएगा मत।

यह एक काले पत्थर पर एक रेखा थी जिसे उन्हें उन्हें देना था। मीडिया ने कुछ समय से मुंडे को मंत्रिमंडल से हटाने की आवश्यकता व्यक्त की थी और कहा था कि यदि वह या उनके नेता अजितदादा अपने आप इस्तीफा देने के लिए तैयार नहीं हैं, तो मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा था कि मुंडे को उनका हाथ पकड़कर निष्कासित कर दिया जाना चाहिए। मुंडे ने स्वेच्छा से इस्तीफा नहीं दिया है। इसमें महीनों नहीं लगे होंगे। धनंजय मुंडे का इस्तीफा तब लिया गया जब यह महसूस किया गया कि उनका मामला बहुत गंभीर होगा। मुख्यमंत्री फडणवीस मुंडे और अजीतदादा के लिए ऐसा समय लेकर आए। यह मुंडे महाभारत पिछले तीन महीने से चल रही है।मुख्यमंत्री ने आधिकारिक तौर पर इसे 'अजीतदादा का फैसला' बताया। यानी अजीतदादा को यह तय करना चाहिए कि मुंडे को मंत्रिमंडल में रखना है या नहीं क्योंकि वह अजितदादा की पार्टी के हैं। सिद्धांत रूप में या कागज पर, यह उचित है, लेकिन केवल कागज पर। ऐसा इसलिए है क्योंकि मुख्यमंत्री ने 'आप इस्तीफे के बारे में देखते हैं' का रुख अपनाया है, लेकिन साथ ही, उन्होंने भाजपा विधायक सुरेश दास या कथित सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया को चुप करा दिया, जो मुंडे के पीछे हाथ धो रही थीं। नहीं। दमानिया की बात को कुछ समय के लिए छोड़ा जा सकता है। क्योंकि वह भाजपा की आधिकारिक सदस्य नहीं हैं। लेकिन दास के बारे में क्या? मुख्यमंत्री का प्रत्यक्ष हित हो भी सकता है और नहीं भी; लेकिन फडणवीस का आशीर्वाद दास के लिए निश्चित था।

फडणवीस ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज कराई और एक सार्वजनिक बयान दिया और दास को अवाक रखा। यही बात दमानिया के साथ भी है। भले ही वह आधिकारिक तौर पर भाजपा से नहीं हैं, लेकिन उन्हें मुंडे के खिलाफ इतने दस्तावेज और 'अंदरूनी जानकारी' कैसे मिली। दूसरी तरफ पार्टी के बाहर से दमानिया और तीसरी तरफ मीडिया मुंडे के खिलाफ रैली करती रही और यह केवल तभी हुआ जब यह सुनिश्चित हो गया कि यह जारी रहा कि मुंडे को पद छोड़ना पड़ा। यह पढ़कर कोई भी हैरान रह जाएगा कि सीएम फडणवीस ने मुंडे को पहले ही नारियल क्यों नहीं दिया?

इसका सीधा सा जवाब है: मुंडे जितने लंबे समय तक कैबिनेट में रहेंगे, भाजपा के लिए यह उतना ही सुविधाजनक होगा कि वह उन पर और उनके संरक्षक अजितदादा के सफेद कुड्ढा पर अधिक से अधिक सींग फेंकते रहें। अगर अजितदादा और उनके सहयोगी खुद कीचड़ उछाल रहे हैं, तो भाजपा उन्हें क्यों रोके? वास्तव में, अगर फडणवीस ने इसे अपने दिमाग में लाया होता, तो मुंडे को घर भेजा जा सकता था और मामला कभी शांत नहीं हो सकता था। लेकिन फिर वह राजनीति क्या है? यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष व्यवस्था करके कि सत्तारूढ़ गठबंधन के महत्वपूर्ण नेता के खिलाफ आग सत्तारूढ़ गठबंधन के महत्वपूर्ण नेता के खिलाफ आग को हवा देना जारी रखेगा, फडणवीस ने एक पार्टी को एक पत्थर में और दूसरे को उड़ाने के लिए अधिक शक्ति दी। जिस पार्टी को चोट लगी थी, वह निश्चित रूप से अजितदादा की राष्ट्रवादी है। और जिस पार्टी में उड़ान भरने की अधिक ताकत है वह विपक्ष है। यह मामला अब मुंडे तक सीमित नहीं रहेगा। धनंजय मुंडे अजीतदादा की ढाल थे। अब जब इसे हटा दिया गया है, तो अजीतदादा विपक्ष के चरण में होंगे। उनका इस्तीफा टालकर उन्होंने एक तरह से उन्हें बचाने की कोशिश की, जिससे विपक्ष के हमले और तेज हो गए। यह एक बाघ की तरह है। एक बार जब यह मानव रक्त का स्वाद लेता है, तो इसे नरभक्षी बनने से रोकना मुश्किल होता है। राजनीति में एक बार सत्ताधारी दल का कोई मोहरा मारा जा सकता है तो नए शिकारी की तलाश में विपक्ष को रोकना मुश्किल होता है।


और यहां, अजितदादा की एनसीपी और एकनाथ शिंदे की शिवसेना संभावित शिकारियों की सेना से लैस हैं. मुंडे के बाद अब नंबर कोकाटे होगा। अदालत ने निःसंदेह उन्हें भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया है और अगर उनकी सजा पर रोक लगा दी जाती है, तो भी यह उनके खिलाफ दोष नहीं मिटाता है। इससे पहले जब सुनील केदार व अन्य के लिए समय आया तो सत्ता पक्ष ने उन्हें तत्काल नारियल देने की तत्परता दिखाई थी। इसलिए अब कोकाटे को बचाना मुश्किल है। इसका मतलब है कि पहले छह महीनों के भीतर अपराध और भ्रष्टाचार के कारणों से फडणवीस कैबिनेट के दो सदस्यों को घर भेजने का समय होगा। ये दोनों अजितदादा की एनसीपी से हैं। वहीं, साफ है कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना पर भी बीजेपी का दबाव बढ़ेगा।

एक बात तो यह है कि उन्हें मनचाहे जिलों का संरक्षक भी नहीं दिया गया है. फडणवीस ने तानाजी सावंत, दीपक केसरकर और अब्दुल सत्तार जैसे नेताओं को दूर रखा, जो पार्टी के 'सर्व-संसाधन' हैं।

दूसरी ओर, नई सरकार में शिंदे-सेना के पूर्व मंत्रियों के कई फैसलों को उलट दिया गया और कुछ की जांच की घोषणा की गई। अगर शिवसेना ने उचित सबक नहीं लिया, तो ऐसा नहीं है कि कुछ लोग 'मुंडे' नहीं होंगे। दूसरा, धनंजय मुंडे के खिलाफ इस कार्रवाई के बाद अजीतदादा की एनसीपी भी शिंदे-सेना में किसी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जरूरी सक्रियता दिखाएगी।

अध्यात्म

## जीवन में आलस्य से दूर रहें



पुराने समय में किसी आश्रम में गुरु अपने एक शिष्य के साथ रहते थे। गुरु बहुत विद्वान थे। आसपास के लोग उनके प्रवचन सुनने आते थे। उनका शिष्य बहुत आलसी था। इस वजह से गुरु को शिष्य के भविष्य को लेकर चिंता रहती थी। शिष्य की शिक्षा पूरी होने वाली थी, लेकिन वह अभी तक समय का मूल्य नहीं समझ सका था। वह किसी भी काम को टालते रहता था। गुरु ने सोचा कि शिष्य को समय का महत्व नहीं समझाया तो इसका जीवन बर्बाद हो सकता है। एक दिन गुरु ने आलसी शिष्य को एक पत्थर देते हुए कहा कि ये पारस पत्थर है। इससे तुम जितना चाहो, उतना सोना बना सकते हो, लेकिन तुम्हारे पास सिर्फ दो ही दिन हैं। इससे तुम्हारा भविष्य सुधर सकता है। मैं दूसरे गांव जा रहा हूं, दो दिन बाद आश्रम लौट आऊंगा, तब मैं तुमसे ये पत्थर मैं वापस ले लूंगा। इस पत्थर से तुम लोहे की जिस चीज से स्पर्श करोगे, वह सोने की हो जाएगी। चमत्कारी पत्थर देकर संत आश्रम से निकल गए। आलसी शिष्य बहुत खुश था। उसने सोचा कि मैं इस पत्थर से इतना सोना बना लूंगा कि मेरा पूरा जीवन ऐश और आराम से व्यतीत हो जाएगा। उसने विचार किया कि अभी तो मेरे पास दो दिन हैं, एक दिन आराम कर लेता हूं। अगले दिन सोना बना लूंगा। ये सोचकर वह सो गया। पूरा दिन और पूरी रात सोने के बाद जब वह उठा तो उसने योजना बनाई कि आज बहुत सारा लोहा लेकर आना है और उसे सोना बनाना है। आश्रम से बाहर जाने से पहले वह खाना खाने बैठ गया। पेटभर खाना खाया तो उसे नींद आने लगी। अब वह सोचने लगा कि कुछ देर सो लेता हूं, सोना बनाने का काम तो छोटा है, शाम को कर लूंगा। लेटते ही उसे नींद आ गई। वह गहरी नींद में था। उसे मालूम भी चला और सूर्यास्त हो गया। दिन खत्म होते ही गुरु आश्रम में लौट आए। गुरु ने शिष्य से वह पत्थर वापस ले लिया। अब शिष्य को इस बात अहसास हो गया कि आलस्य की वजह से उसने सुनहरा अवसर खो दिया है। शिष्य ने गुरु के सामने संकल्प लिया कि अब से वह कभी भी समय को बर्बाद नहीं करेगा और आलस्य को त्याग देगा। इसके बाद शिष्य का जीवन बदल चुका था। वह मेहनत करने लगा था और जल्दी ही उसने अपनी मेहनत से धन कमाना भी शुरू कर दिया।


# एआई : घोड़ा बिना लगाम का नहीं हो...

**एआई पूरी तरह से प्रभावशील हो उससे पहले इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। इस हेतु जरूरी शोध होने चाहिए और कानून भी बनाना चाहिए। जैसे समाज भले व्यक्तियों और अच्छे कामों को प्रोत्साहित करता है और बुरे व्यक्तियों और बुरे कामों को हतोत्साहित करता है इसी तरह एआई के अच्छे पक्ष को बढ़ाना चाहिए लेकिन नुकसान देने वाली गतिविधियों पर रोक लगाने की कोशिश करना चाहिए। लोगों को भी एआई के प्रति जागरूक और सावधान होना होगा। घोड़े की सवारी बिना लगाम के खतरनाक होती है।**

**जवाहर चौधरी**

एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) शब्द सामान्य जन की बातचीत में चिंता के साथ शामिल हो गया है। रोज एआई के चौंकाने वाले कारनामे खबरों में आ रहें हैं। कहा जा रहा है कि एआई रोबोट से जुड़ कर वो तमाम काम कर लेगा जो इंसान करते हैं। इंसान को तो हम जानते ही हैं, सारे काम तो अच्छे करता नहीं है। बल्कि यों कहें कि अब गैर-इंसानी काम ज्यादा करने लगा हैं तो गलत नहीं होगा। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक खबर चली की एक रोबोट ने अपनी मालकिन को मार डाला! एक विचार यह भी चल रहा है कि एआई संपन्न रोबोट अपनी तरह के रोबोट खुद बनाने लगेगा। जैसा की प्रकृति ने प्राणियों को यह शक्ति दी है कि वह अपने तरह का प्राणी बना लेते हैं। लेकिन अब मशीन ऐसा कर लेगी तो हैरत की बात है। यानी रोबोट अपनी जनसंख्या बढ़ाने की स्थिति में आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि ये रोबोट अब सैनिकों की जगह युद्ध लड़ेंगे। पुलिस की तरह वह सारे काम करेंगे! वे सड़क पर ट्रैफिक का नियंत्रण करेंगे, वाहनों की स्पीड चेक करेंगे, चालान बनाएंगे और पैसा वसूलेंगे। बड़ी इमारत/मॉल वगैरह की चौकीदारी भी इनके जिम्मे होगी और यदि कोई संदिग्ध आदमी नजर आया तो उसे मार भी सकते हैं। कुछ कार्य ऐसे हैं जिन्हें करने का निर्णय एआई सज्जित प्रणाली खुद ले लेती है। जैसे मिसाइल का पता लगाकर उसे नष्ट करने का यांत्रिक निर्णय। दुश्मन के खिलाफ यह रक्षात्मक है, लेकिन मशीन कब पोरस का हाथी हो जाए इसके डर से इंकार नहीं किया जा सकता है। कल्पना की उड़ान यहां तक जाती है कि वह समय दूर नहीं जब एआई रोबोट हम पर राज करने लगेंगे। इंसान रोबोट पर पहले निर्भर होगा उसके बाद गुलाम हो जाएगा। इसका असर यह भी हो सकता है कि रोबोट हिंसक हो जाए, या अपने विवेक या प्रोग्रामिंग के हिसाब से जरूरी समझेंगे तो आदमी को खत्म ही कर दे।

इन दिनों विध्यार्थी एआई तकनीक पर बहुत ज्यादा भरोसा करने लगे हैं। पढ़ाई लिखाई में इनसे मदद मिलती है, रिपोर्ट बनाई जाती है, प्रोजेक्ट तैयार किए जाते हैं। और यह काम बहुत ही फटाफट यानी चुटकियों में हो जाता है। हम अपने सामान्य जीवन के कार्यों में हिसाब किताब जोड़ घटाव करने के लिए कैलकुलेटर का सहारा लेते हैं। हमारे बीच से वह पीढ़ी जा चुकी है जो बिना कैलकुलेटर के केवल मुंह जबानी सारा हिसाब जोड़ घटाव कर लेती थी। पौवा-अद्धा-पौना, पहाड़े सबको याद थे। अब अगर एआई के सहारे प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनेगी, शोध के पेपर तैयार किए जाएंगे तो इससे विद्यार्थियों की रचनात्मक और मौलिकता कम होगी, विचारों को विकसित होने के अवसर कम हो



जाएंगे। पेपर और फाइलों में बच्चे अच्छा करते दिखेंगे लेकिन हकीकत की जमीन पर वह बहुत पीछे रहेंगे।

इस समय उक्त विचार हमें अतिश्योक्ति पूर्ण लग सकते हैं लेकिन देखें कि इन दिनों हाल क्या है। आज लगभग हर हाथ में मोबाइल फोन है। इसमें हमारे बैंक अकाउंट, निजी जानकारी, फोटो वगैरह सब है। हम फेसबुक या इंस्टाग्राम पर जो देखते हैं उससे हमारी गतिविधि दर्ज हो जाती है। कहां होती है, कौन करता है, यह हम नहीं जानते हैं। लेकिन जल्द ही फोन पर आपकी सर्च के अनुसार साइट्स खुलने लगती हैं। आपने बिजली के पंखे को सर्च किया तो अगले कुछ दिनों तक आपको पंखे दिखाते रहेंगे, जब तक कि आपकी पंखों की खरीदी दर्ज न हो जाए। अकाउंट में पैसा जमा होता है और इन्वेस्टमेंट के प्लान सामने आने लगते हैं। दवाई से लगाकर जूते तक कुछ भी आपने देखा कि घेरे गए। निजत्व को लेकर हमारे पास कोई गारंटी नहीं है। आप कहां इस्तेमाल किया जा रहे हैं, किस काम के लिए इस्तेमाल किये जा रहे हैं आपको ही पता नहीं है। यह निजता का उल्लंघन है। सोशल मीडिया और इंटरनेट के बिना सामान्य जीवन संभव नहीं है। लेकिन फेक न्यूज़ और फेक वीडियो की इतनी भरमार है कि हम भ्रमित व डरे हैं। एआई से दिवंगत-जनों को चलते फिरते बात करते देखा जा सकता है। एआई की हरकत है कि सोशल मीडिया से तस्वीर लेकर किसी भी आदमी को कुछ भी करते हुए दिखाया जा सकता है। और यह कार्य प्राय अश्लील ही होते हैं। इससे अच्छे भले व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा धूल में मिल सकती है।

एआई पूरी तरह से प्रभावशील हो उससे पहले इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। इस हेतु जरूरी शोध होने चाहिए और कानून भी बनाना चाहिए। जैसे समाज भले व्यक्तियों और अच्छे कामों को प्रोत्साहित करता है और बुरे व्यक्तियों और बुरे कामों को हतोत्साहित करता है इसी तरह एआई के अच्छे पक्ष को बढ़ाना चाहिए लेकिन नुकसान देने वाली गतिविधियों पर रोक लगाने की कोशिश करना चाहिए। लोगों को भी एआई के प्रति जागरूक और सावधान होना होगा। घोड़े की सवारी बिना लगाम के खतरनाक होती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
प्रभावशाली व्यक्तियों के संपर्क से सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. नौकरी में उच्चाधिकारियों के साथ अनावश्यक विवाद और उलझन की संभावना है।

**वृषभ**
सामाजिक और राजनीतिक व्यक्तियों के लिए यह समय लाभकारी रहेगा. कई रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरणा मिलेगी. व्यापार में उन्नति होगी।

**मिथुन**
व्यापार में उन्नति होगी. कार्य में सफलता मिलेगी और आय में वृद्धि होगी, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. आवश्यक कार्यों में अनायास सफलता मिलेगी।

**कर्क**
आपके परिश्रम के बावजूद स्थिति अनुकूल नहीं रहेगी. मानसिक तनाव बना रहेगा. भाई-बहनों या मित्रों से कुछ कठिनाइयाँ हो सकती हैं।

**सिंह**
आपके द्वारा सोचे गए कार्य कम होंगे. किसी न किसी समस्या में उलझने की संभावना है. नौकरी में स्थानांतरण या अधिकारियों के साथ मतभेद हो सकते हैं.

**कन्या**
रोजगार और व्यापार के कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे और आपकी प्रगति होगी. संपत्ति, मकान और नए व्यापार में सफलता मिलने की संभावना है।

**तुला**
आपका स्वास्थ्य संतोषजनक रहेगा, आपके कार्य सफल होंगे. किसी कार्य से आपको आर्थिक लाभ प्राप्त होगा, आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**
आपको संतान के लिए खर्च करना पड़ेगा. यह खर्च उनकी उन्नति के लिए किया जाएगा, लेखन और अध्ययन में रुचि बढ़ेगी, घर में वरिष्ठ व्यक्तियों का आगमन होगा।

**धनु**
आपको रोजगार में सफलता मिलेगी, यशस्वी कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा. जो इच्छाएँ अब तक अधूरी थीं, उनकी पूर्ति का सिलसिला शुरू होगा, व्यापार में लाभ होगा।

**मकर**
अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों, अधिकारियों और उच्चस्तरीय व्यक्तियों के साथ संबंध स्थापित करने का प्रयास करें. इससे चल रही समस्याओं का समाधान प्राप्त होगा।

**कुंभ**
आवश्यक कार्यों के निष्पादन में आपकी सूझबूझ सराहनीय रहेगी. मित्रों से प्रेम और सहानुभूति प्राप्त होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा. संतान पक्ष से निश्चिंतता बढ़ेगी।

**मीन**
जिन पर आपने भरोसा किया है या जिन्हें आपने सहायता दी है, वे आपके खिलाफ कार्य कर सकते हैं, लेकिन आपको किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा।

# महादलित टोले में विकास कार्यों को पूरा करने को लेकर डीएम ने की बैठक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जिले के महादलित टोलों में नल जल, आवास सर्वेक्षण एवं आईएचएल (शौचालय निर्माण) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान हर घर नल का जल, आवास सर्वेक्षण एवं आईएचएल योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और इनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शत-प्रतिशत सर्वेक्षण कर सभी पात्र लाभुकों का नाम सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यदि आवास सर्वेक्षण में किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलती है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में डीएम ने डीपीएम, जीविका को निर्देश दिया कि महादलित टोलों में पात्र महिलाओं के स्वयं सहायता समूह गठित कर उन्हें एसजेवाई (सतत जीविकोपार्जन योजना) से अच्छादित किया जाए। अंचल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि प्रत्येक महादलित टोल में विशेष शिविर आयोजित कर वास योग्य भूमि का चिन्हांकन किया जाए और नए जमाबंदी दाखिल-खारिज को शीघ्र निपटाया जाए।

इसके अलावा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को महादलित टोलों के भ्रमण के दौरान नल जल योजना की स्थिति का निरीक्षण करने और बंद पड़े नल जल की रिपोर्ट जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं विकास पदाधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया गया। श्रम परिवर्तन पदाधिकारी के माध्यम से महादलित टोलों में विशेष कैंप आयोजित कर ई-श्रम कार्ड निर्माण करवाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही, स्वच्छता कार्यालय द्वारा तैयार रोस्टर के अनुरूप पंचायत सचिव, ग्रामीण आवास सहायक, विकास मित्र, प्रखण्ड समन्वयक, स्वच्छता आदि की मदद से नुक्कड़ नाटक के समय योजनाओं से वंचित लाभुकों से आवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त डॉ अनुपमा सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, डीआरडीए डायरेक्टर, जिला कल्याण पदाधिकारी, अपर जिला पंचायती राज पदाधिकारी, डीपीएम जीविका एवं अन्य मौजूद थे।

## बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा को ले जलभरी आज

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बड़हरा प्रखंड के ज्ञानपुर सेमरिया गांव में नव निर्मित मां दुर्गा, काली व बजरंगबली मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 8 मार्च को जलभरी का आयोजन होगा। जलभरी में ग्रामीण समेत क्षेत्र के लोग शामिल होगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। जलभरी के बाद 9मार्च को पंचांग पूजन व अरणी मंथन, 10 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा, 11 मार्च को 24 घंटे का अखंड कीर्तन, 12 मार्च 2025 को भंडारा व दुगोला कार्यक्रम है। दुगोला कार्यक्रम में चर्चित भोजपुरी व्यास अजित हलचल और कमलवास कुंवर के बीच कड़ा मुकाबला दर्शको को देखने को मिलेगा। प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पंडित नवल किशोर शास्त्री के सानिध्य में आयोजित होने जा रहा है।

## एक नजर

### अंग्रेजी शराब बरामद

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर गांव में पुलिस ने एक घर पर छापा मारकर शराब बरामद की है। बरामद की गई शराब में 60 पीस किंगफिशर केन बियर और 13 पीस 750 एमएल अंग्रेजी शराब शामिल है। हालांकि, शराब कारोबारी कालीचरण यादव फरार है। थाना अध्यक्ष विगाउ राम ने बताया कि शराब कारोबारी की पहचान कर ली गई है और पहले भी उसके खिलाफ शराब बरामदगी का मामला दर्ज है। इस मामले में भी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### आरा में दो दिवसीय कृषि मेला सम्पन्न

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कृषि भवन, आरा के प्रांगण में दो दिवसीय किसान- सह-कृषि यांत्रिकरण मेला शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। दूसरे दिन सहायक निदेशक (शष्य) पटना प्रमंडल, पटना द्वारा योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी मेले में उपस्थित किसानो को दिया गया। किसान मेला में कृषि से जुड़ी सभी गतिविधियों एवं अबतक किए गए किसानो के हित में विकास कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। मेला को आकर्षण एवं भव्यता प्रदान करने में कृषि एवं सबंद्ध विभागो द्वारा लगाए गए स्टॉल, एवं आधुनिक कृषि यंत्रो की सजीव उपलब्धता की मुख्य भूमिका रही। सहायक निदेशक (शष्य) पटना प्रमंडल, पटना द्वारा सभी स्टॉलो का निरीक्षण करते हुए स्टॉल में रखे गये अधुनिक प्रदर्शन एवं कृषि यंत्रो के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही विभागीय योजनाओं में अच्छे प्रदर्शन एवं मेले में अत्कृष्ट कार्य के लिए सहायक निदेशक (शष्य) पटना प्रमंडल, पटना एवं शत्रुध्न साहु, जिला कृषि पदाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र का वितरण किसानो एवं कर्मियो को दिया गया। मंच का संचालन करते हुए आत्मा के उप परियोजना निदेशक, राणा राजीव रंजन कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहायक निदेशक, उद्यान, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक पुकारा द्विवेदी, सभी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, कार्यपालक सहायक, सहायक तकनीकि प्रबन्धक व अन्य मौजूद थे।

### दुर्घटना में दो जख्मी

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शुक्रवार की सुबह डीजल टैंकर और कार की सीधी टक्कर हो जाने से कार मालिक संदीप कुमार और देवपुरी निवासी संदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय लोगों की सहयोग से शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां संदीप कुमार की हालत गंभीर रहने पर उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। घटना अरियरी प्रखंड के जखौर गांव के पास शेखपुरा-शाहपुर मुख्य मार्ग पर घटित हुए है। घटना उस समय हुई जब संदीप कुमार अपनी चचेरी बहन की शादी के लिए सामान खरीदने शेखपुरा शहर जा रहे थे। इसी दौरान शेखपुरा की तरफ से आ रहे हाइवा टैंकर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। इधर, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची अरियरी थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को जब्त कर लिया गया है।

### माले ने बिहार बजट की प्रतियां जलाई

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शेखपुरा जिले के अरियरी प्रखंड मुख्यालय के समक्ष भाकपा माले ने बिहार बजट का दहन किया। पार्टी के प्रखंड सचिव कमलेश मानव ने बताया कि 5, 6 व 7 मार्च को भाकपा माले ने राज्य के सभी प्रखंडों में जनविरोधी बजट की प्रतियों का दहन कर विरोध करने का फैसला लिया था। इसी राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत अरियरी प्रखंड मुख्यालय के गेट पर बिहार बजट की प्रतियां जलाई गई। उन्होंने कहा कि राज्य के किसान मजदूरों के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। किसानों के कृषि लागत का दोगुना मुनाफा देने, कृषि कार्य के लिए मुफ्त बिजली देने, किसानों को कर्ज मुक्त करने, पलायन कर रहे मजदूरों को रोकने के लिए बजट में कोई चर्चा नहीं है। स्कीम वर्कर्स के मानदेय बढ़ाने का पूर्व में ही सरकार द्वारा लिया गया फैसला पर भी बजट में कुछ नहीं कहा गया है। माले जिला सचिव विजय कुमार विजय, ऐक्टू जिला संयोजक कमलेश प्रसाद, नेता राजेश कुमार राय, बिशेश्वर महतो, प्रवीण सिंह कुशवाहा, छोटू कुमार ने भी बजट दहन सभा को संबोधित किया।

### शराब विक्रेता की पहचान कर कार्रवाई करें अधिकारी

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में भूमि विवाद एवं अवैध शराब की रोकथाम को लेकर समीक्षात्मक बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। इस दौरान सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि देसी शराब बनाने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी थाना एवं मद्य निषेध विभाग की टीमें अवैध शराब के खिलाफ नियमित छापेमारी सुनिश्चित करें और जब्त शराब के शीघ्र विनष्टीकरण की प्रक्रिया को तेज करें। डीएम ने शनिवारीय बैठक से जुड़े मामलों को भू समाधान पोर्टल पर शीघ्र एंट्री कर अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को इन मामलों का सतत अनुश्रवण करने को कहा। इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी (आरा सदर, पीरो, जगदीशपुर), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (आरा सदर, पीरो, जगदीशपुर), सहायक आयुक्त (उत्पाद), जिला खनन पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

### जनता दरबार में सुनी गई 43 समस्याएं

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएम तनय सुल्तानिया द्वारा शुक्रवार को आयोजित 'जिला जनता दरबार' मे 43 लोगों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके समस्यायों के अविलंब निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। इधर बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील में कुल 36 अपीलीय मामलों तथा बिहार सरकारी सेवक शिकायत निवारण नियमावली, 2019 के अंतर्गत 1 अपीलीय मामले की सुनवाई की गई।

## कार्यकर्ताओं ने पर्यवेक्षक का किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा नियुक्त जिला पर्यवेक्षक मनीष पटेल का गुरूवार को बक्सर पहुंचने पर जिलाध्यक्ष डॉ मनोज पांडे के नेतृत्व में भव्य व शानदार तरीके से स्वागत किया गया। स्थानीय कांग्रेस कार्यालय मे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक श्री पटेल ने कहा कि आगामी चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बूथ तक पहुचना है और कांग्रेस के हाथ को मजबूत करना है। इस कार्य के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्ण जी के नेतृत्व में मेहनती कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अनदेखा नहीं किया जायेगा। हम सभी गांव तक पहुंचकर राहुल गांधी के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता आपके निर्देश पर गांव-गांव पहुंचकर राहुल गांधी के संदेश को हर व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। बूथ स्तर तक हमलोग तैयारी कर चुके हैं। सारे कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में अभी से ही लग गए है। डॉ पांडे ने कहा कि फैशन एवं बड़बोले कार्यकर्ताओं को नहीं बल्कि समर्पित कार्यकर्ताओं को उचित स्थान एवं उचित प्रतिनिधित्व के लिए कांग्रेस पार्टी संकल्पित है। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ प्रमोद ओझा, डॉ सत्येंद्र ओझा, वीरेंद्र राम, अजय यादव, रूनी देवी, संतोष वर्मा, रिंकू देवी, आशा देवी, अजय कुमार ओझा, जयराम राम, शिवकांत मिश्रा, संजय कुमार पांडे आदि थे।

## जेनेरिक दवाओं से लाभ के संबंध में बढ़ानी है जागरूकता : सीएचओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बक्सर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देश पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना को प्रोत्साहित करने एवं जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को जन-औषधि दिवस-2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले में शुक्रवार को सभी प्रखंडों के दो-दो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स क्षेत्र के मरीजों की जांच करते हुए दवाएं उपलब्ध कराई गई। साथ ही मरीजों को उचित परामर्श भी दिए गए। इस क्रम में डुमरांव प्रखंड अंतर्गत अमथुआ पंचायत स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, लाखन डिहरा पर भी स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें सीएचओ की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में सीएचओ कुमारी प्रियंका प्रसाद व एएनएम बेबी कुमारी ने मरीजों की जांच की। लोगों को बीमारियों व उनके उपचारों के साथ दवाओं को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान सीएचओ कुमारी प्रियंका प्रसाद ने बताया कि राज्य और जिला स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर ग्रामीण स्तर पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने और स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों व सेवाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से जन औषधि दिवस-2025 के तहत स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। इस क्रम में लोगों को जेनेरिक दवाओं के लाभों के संबंध में जागरूकता बढ़ानी है ताकि, लोग जेनेरिक दवाओं के महत्व और उसके फायदों के संबंध में जान सके। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर स्थित एचडब्ल्यूसी को उपलब्ध कराई गई हैं। ताकि, मरीजों को ऐसी दवाएं उपलब्ध कराई जा सके जो मरीजों को निःशुल्क दी जा सके और उन दवाओं का मरीजों के स्वास्थ्य पर कोई विपरीत असर न करें। इसके बाद उन्होंने मरीजों की जांच शुरू की। कार्यक्रम के मध्य में लाखन डिहरा पेशेंट स्टेक होल्डर की सदस्य मालती देवी ने स्वास्थ्य मेले में मौजूद मरीजों और लाभुकों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के प्रयास से गांव में फाइलेरिया मरीजों व अन्य लोगों को मिलाकर एक प्लेटफार्म बनाया गया है। जिसके माध्यम से पंचायत में लोगों को स्वास्थ्य कार्यक्रमों और अभियानों को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

## पांची पंचायत में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेखपुरा।** शुक्रवार को आकांक्षी प्रखंड शेखोपुरसराय के पांची पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी संख्या 40 पर गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित गौरव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी सेविका विभा कुमारी के द्वारा गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल, मोटे अनाज को दैनिक आहार में शामिल करने के लाभ, जन्म पश्चात शिशु देखभाल व स्तनपान की जानकारी, गर्भवती एवं शिशु जोखिम की पहचान कर चिकित्सीय सलाह, परिवार नियोजन के महत्व एवं साधनों पर चर्चा की गई साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना पर चर्चा की गई। जिले में श्रम संसाधन विभाग के द्वारा संचालित श्रम कार्ड निर्माण योजना के अंतर्गत मिलने वाले 16 प्रकार के लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जैसे श्रम कार्ड लाभुक अगर अपनी बेटी की शादी 18 वर्ष के बाद करते है तो उन्हें 50,000 की राशि का लाभ मिलेगा। साथ ही शिक्षा के लिये लाभ, विभिन्न स्थिति में मृत्यु उपरांत मिलने वाले लाभ एवं अन्य के बारे में बताया गया। इस दौरान सभी सहभागियों को संबोधित करते हुए बीडीओ ने बताया कि सभी गर्भवतियों को गर्भावस्था के दौरान उचित खान-पान पर ध्यान देना चाहिए जिसमें भोजन में आयरन व अन्य पोषक तत्व को नियमित रूप से शामिल करना चाहिये। साथ ही बच्चों में 3 वर्षों का अन्तराल रखना, प्रसव हेतु पूर्व तैयारी करना, स्वास्थ्य संस्थान में नियमित जांच कराया जाना, साफ सफाई का ध्यान रखना एवं समय समय टीकाकरण कराया जाना चाहिये जिससे माता और शिशु जोखिम से सुरक्षित रह सके। संबोधन के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका विभा कुमारी के द्वारा बेहतर कार्य करने के लिये प्रशंसा भी की। कार्यक्रम के आखिरी क्षण में ग्राम पंचायत मुखिया बेबी देवी, पीरामल संस्था की सोनी झा, विनोद कुमार के द्वारा गोद भराई किया गया। कार्यक्रम के दौरान वार्ड सदस्य विश्वनाथ प्रसाद, जीविका की सामुदायिक उत्प्रेरक पूनम कुमारी, सहायिका बबीता कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

## समारोह आयोजित कर बीडीओ को दी गई विदाई, नए का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** प्रखंड सूचना प्रौद्योगिक भवन के सभागार में शुक्रवार को विदाई सह अभिनंदन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बीडीओ डॉ सुदर्शन कुमार को विदाई दी गई और नव पदस्थापित बीडीओ कान्ति कुमार का स्वागत और अभिनंदन किया गया। समारोह में एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, प्रखंड प्रमुख सविता कुमारी के प्रतिनिधि चंदेश्वर सिंह उर्फ साधु यादव, बीपीआरओ ज्योति कुमारी, सीओ विश्वजीत नीलांकर, थानाध्यक्ष बिगाऊ राम, जेई रौशन कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शाहपुर बीपीआरओ राजेश प्रसाद ने किया। समारोह में उपस्थित पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने सुदर्शन कुमार को पुष्पगुच्छ, माला व अन्य उपहार देकर विदाई दी गई। मौके पर सुदर्शन कुमार के एक वर्ष के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए एसडीएम, एसडीपीओ, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सहति अन्य वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव, पैक्स चुनाव, मुख्यमंत्री का प्रगति यात्रा कार्यक्रम और कार्यालय के कार्यों सहित सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सही ढंग से एवं ईमानदारी से काम किया। वही एसडीएम ने कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जा रही थी, वह उसे बेहतर तरीके से अंजाम दे रहे थे। पदोन्नति के रूप में मिली नई जिम्मेदारी पर सभी ने उन्हें बधाई दी।

## वाहन चालकों से वसूला गया जुर्माना, दी गई हिदायत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** सड़क दुर्घटना पर नकेल कसने के लिए परिवहन विभाग सतर्क हो गयी है। जिसको लेकर लगातार वह वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। शुक्रवार का दिन सड़कों पर बाइक से हुंकार भर रहे लोगों के सही नहीं गुजरा। परिवहन विभाग ने ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले ऐसे लोगों पर नकेल कसने के लिए कार्रवाई करते हुए फाइन वसूला। जिला समाहरणालय के समीप परिवहन विभाग के एसआई काजल कुमारी के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत शहर में बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस मोटरसाइकिल से चलने वाले चालक तथा चार चक्का वाहन में बिना सीट बेल्ट लगाये चालकों के ऊपर कार्रवाई की गयी। साथ ही जो लोग बाइक लेकर घर से निकले थे और वे हेलमेट गाड़ी के कागजात और ड्राइविंग लाइसेंस साथ नहीं थे। उस पर कार्रवाई करते हुए ऐसे चालकों से जुर्माना वसूला गया। साथ ही ऐसे चालकों को जुर्माना वसूलने के बाद सख्त हिदायत दी गयी कि यदि आगे नियमों का पालन नहीं करेंगे तो भारी भरकम जुर्माना लगाया जायेगा। डीटीओ आलोक राय ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर यह अभियान लगातार चल रहा है, आगे भी जारी रहेगा। सरकार के गाइडलाइन के बावजूद भी लोग बाज नहीं आ रहे हैं।

बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और गाड़ी के कागजात के यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों पर ऐसे ही कार्रवाई होगी। दूसरी तरफ अब ऑनलाइन फाइन होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।

नियमों का पालन करने वाले लोगों के जेब में यदि फाइन भरने के लिए पैसे नहीं हुए तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। क्योंकि ऑनलाइन जुर्माना से गाड़ी के ऑनर पर जुर्माना लग जाता है, जिसे किसी भी हाल में भरना होता है। डीटीओ ने कहा कि यातायात नियमों का पालन बेहद ही अनिवार्य है। इससे सड़क दुर्घटना में आप अपने आप का बचाव करते हैं।

## दिशा की बैठक में बरबीघा नप की समस्याओं को अध्यक्ष ने रखा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** जिला समाहरणालय के मंथन सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की समीक्षात्मक बैठक में बरबीघा नगर परिषद के अध्यक्ष सोनू कुमार ने नगर की विकास हेतु अपनी मांगों को रखा। बैठक की अध्यक्षता जमुई सांसद अरुण कुमार भारती ने की। बैठक में नवादा सांसद विवेक ठाकुर एवं राज्य सभा सांसद के साथ-साथ शेखपुरा विधायक विजय कुमार सम्राट भी उपस्थित थें। वार्ड पार्षद रौशन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर परिषद बरबीघा के वार्ड सं. 18 में बरबीघा-वारिसलीगंज एसएच रोड में सामस खुर्द-बलवापर कुम्हर टोली में नवल सिंह से उत्तर पैन तक नाला पक्कीकरण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसके कारण कुम्हर टोली में काफी जल जमाव रहता है। वार्ड सं.18 बलवापर गांव के बीचो बीच पैन की उड़ाही एवं ढक्कन सहित पक्कीकरण कराई जाय। जगदीशपुर पंचायत के सरैया एवं तेतारपुर तथा सामस खुर्द पंचायत के सभी गांवों को नगर परिषद बरबीघा सम्मिलित किया गया है, जिसमें पीएचईडी विभाग द्वारा नल जल का कार्य किया गया है, परन्तु इस क्षेत्र में पीएचईडी द्वारा नल जल का रख-रखाव एवं संचालन सही से नहीं करने के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है तथा गर्मी के दिनों में लोगों को काफी परेशानी होगी, जिसे दूर कराने की कृपा की जाय। थाना चौक से पुनेसरा चैनपुर होते हुए गोपालबाद तक जाने वाली रोड में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पार्क के निकट नाला का निर्माण कार्य छोड़ दिया तथा परसों बीघा मोड़ के निकट सड़क का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसके कारण काफी समस्या होती है, जिसे पूरा कराने की मांग की गई। नगर परिषद बरबीघा में कई स्थानों पर पूर्व से 63 किलोवाट से 100 किलोवाट का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिस पर अधिक भार होने कारण हमेशा खराब होते रहती है, जिसे 200 किलोवाट से 300 किलोवाट कराने की कृपा की जाय तथा कई स्थानों पर पोल एवं तार लगाने की आवश्यकता है तथा कई स्थानों पर कवर तार लगाने की आवश्यकता है। इस संबंध में कई बार बिजली विभाग को सूचना दिया गया, परन्तु बिजली विभाग द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं किया गया तथा नगर परिषद, बरबीघा क्षेत्रान्तर्गत कई पइन जैसे तोय नहर, तेउसाईन पैन, गंगटी पैन इत्यादि गुजरती है, जिसका उड़ाही एवं ढक्कन सहित पक्कीकरण कराई जाय आदि मांग शामिल थे। बरबीघा नगर परिषद के अध्यक्ष सोनू कुमार की मांगों पर जल्द से जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया गया।

## मानसिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोईलवर अवस्थित रैपिड एक्शन फोर्स के 114 वीं बटालियन में मानसिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत मानसिक तनाव सहित अन्य कई बड़ी बीमारियों के कारण और बचाव के बारे में 114 वी बटालियन में कार्यरत सभी लोगों जानकारी मानसिक चिकित्सक द्वारा दी गई। वही इस कार्यक्रम में महिला पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम शुरू होने से पहले कोईलवर मानसिक आरोग्यशाला से आए हुए डॉक्टर विनय कुमार व डॉक्टर जयपाल मांझी तथा अन्य को बुके देकर रैपिड एक्शन फोर्स के वरिये अधिकारियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

## 'अस्मिता खेलो इंडिया ताइक्वांडो लीग' में शेखपुरा की बेटियां दिखाएंगी दमखम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेखपुरा।** बिहार ताइक्वांडो संघ, खेलो इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफ़ेयर्स एंड स्पोर्ट्स गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया ताइक्वांडो सिटी लीग 2024- 25 का आयोजन 8 मार्च को साईं सेंटर पटना बिहार मे होनी है, इस प्रतियोगिता में शेखपुरा जिला ताइक्वांडो संघ के 20 महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। जानकारी देते हुए शेखपुरा जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव- सह- अंतरराष्ट्रीय कोच विश्वाजीत कुमार ने बताया कि शेखपुरा जिला ताइक्वांडो संघ की 20 बालिका ताइक्वांडो खिलाड़ी, 2 कोच एवं 1 तकनीकी पदाधिकारी के साथ पटना में आयोजित एक दिवसीय 'अस्मिता खेलो इंडिया ताइक्वांडो सिटी लीग 2024-25' में अपना दमखम दिखाएगी। जूनियर बालिका वर्ग में अंशु प्रिया, आरोही कुमारी, सपना कुमारी, लवली निगम, तन्वी कुमारी, अंशु कुमारी, अंकिता कुमारी, प्रिया कुमारी, आदित्य गुप्ता, पंक्ति कुमारी, प्रतिभा पटेल, पुष्पांजलि कुमारी, श्रेया शुभम, अंशु कुमारी, श्वेता कुमारी, अदिति गुप्ता और सृष्टि कुमारी का नाम शामिल है। जबकि सीनियर बालिका खिलाड़ी में सानू प्रिया, आण्वी शौर्य और किरण कुमारी का नाम शामिल है। वहीं, कोच के रूप में निखिल कुमार और किरण कुमारी तथा राष्ट्रीय प्रशिक्षक-सह-राष्ट्रीय तकनीकी पदाधिकारी के अमर कुमार का नाम शामिल है।

**डिप्टी कलेक्टर ने दी बधाई**

सभी खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए मौके पर उपस्थित डिप्टी कलेक्टर-सह-उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा धर्मराज ने खिलाड़ियों से मिलकर उनके हौसलों को बढ़ाते हुए कहा कि खेल के जरिए हम खेलते हुए अपने शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक सामाजिक गुणों का विकास सरलता पूर्वक कर सकते हैं। साथ ही साथ खेल के जरिए हम अपने एक नई पहचान बनाते हुए खेल के माध्यम से हम बिहार सरकार की योजना के अंतर्गत 'मेडल लाओ नौकरी पाओ' के जरिए हम अपनी एक नई पहचान बनाने में सफल हो सकते हैं। वहीं, लोक जनशक्ति पार्टी की महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कंचन कुमारी, आरती देवी आदि ने खिलाड़ियों से मिलकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें ढेर सारी बधाइयां देते हुए जीतकर आने की शुभकामनाएं दी।

## एक नजर

### शराब पीने के आरोप में चार गिरफ्तार

**सिसवन /सीवान।** प्रखंड के चैनपुर थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह से शराब पीने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में छपरा जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के पांडे छपरा गांव निवासी राजाराम के पुत्र संतोष कुमार राम, एकमा थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव निवासी सत्तार अंसारी के पुत्र जशोबर अंसारी,रसूलपुर थाना क्षेत्र के बंसी छपरा गांव निवासी बच्चा राम के पुत्र हरी लाल राम तथा गोरिया कोठी थाना क्षेत्र छीतौली गांव निवासी हरिनाथ राम के पुत्र सुमित कुमार राम शामिल है। गिरफ्तार आरोपितों पर आगे की कार्रवाई करने के लिए शुक्रवार को सिवान न्यायालय भेज दिया गया। इस संबंध में चैनपुर थाना अध्यक्ष ने जानकारी दी।

### ट्रेन से गिरकर युवक जख्मी

**सीवान।** शुक्रवार की सुबह लगभग आठ बजे छपरा से थावे को जाने वाली 75103 सीवान कचहरी एवं अमलोरी सरसर स्टेशन मध्य गेट संख्या 1 एसटीसी के समीप एक युवक गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल लड़के को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। आरपीएफ निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि स्टेशन मास्टर सीवान से समय 8:05 बजे सूचना मिली कि सीवान एवं अमलोरी सरसर के मध्य गेट संख्या 1 एसटीसी के समीप गाड़ी संख्या 75103 से एक युवक गिर गया है। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक संजय कुमार पांडे घटनास्थल पर पहुंचे तो उक्त स्थल पर कोई घायल व्यक्ति नहीं था। पूछताछ करने पर ऑन ड्यूटी गेटमैन द्वारा बताया गया कि 112 नंबर से एंबुलेंस गाड़ी उक्त घायल युवक को इलाज वेस्ट सदर अस्पताल लेकर चले गए हैं। उन्होंने बताया कि घायल युवक का इलाज इमरजेंसी वार्ड में किया जा रहा है। वह अभी बोलने की स्थिति में नहीं है। उसका नाम पता अज्ञात है तथा सदर अस्पताल द्वारा नगर थाना को लावारिस होने की स्थिति में आगे की कार्रवाई के लिए सूचना दिया गया है। उक्त अज्ञात घायल व्यक्ति की उम्र करीब 35 साल है। उसके पास से कोई यात्रा संबंधित टिकट या नाम पता से संबंधित कोई पहचान पत्र का विवरण प्राप्त नहीं हुआ है।

### उप विकास आयुक्त ने किया भगवानपुर हाट प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

**सीवान।** उप विकास आयुक्त ने शुक्रवार को भगवानपुर हाट कार्यालय का निरीक्षण किया जहां उन्होंने निरीक्षण के क्रम में सभी संबंधित दस्तावेज, योजना-पंजी, लेखा आदि का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी पदाधिकारी, कर्मी प्रखण्ड कार्यालय में उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के उपरांत सोंधानी पंचायत के एसएस उच्च विद्यालय एवं ब्रह्मस्थान पंचायत के खेल मैदान का निरीक्षण किया गया एवं महत्वपूर्ण निदेश दिये गये। इस मौके पर डीआरडीए निदेशक, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी भगवानपुर हाट, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी एवं मनरेगा आदि उपस्थित थे।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**सीवान।** जिरादेई पुलिस ने थाना क्षेत्र के जिरादेई गांव से फरार दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सोनी कुमारी ने बताया कि दो वारंटी फरार चल रहे थे जिन्हें उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार वारंटी मनोज राम और आनंद राम है।

### शिक्षक उपस्थिति पंजी बदलो नहीं तो करवा देंगे हत्या

**सीवान।** दरौली प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बलहू के शिक्षक अमित कुमार गुप्ता ने प्रभारी प्रधानाध्यापिका व एक शिक्षक पर थाना में आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाया हैं। शिक्षक अमित कुमार गुप्ता ने आरोप लगाया हैं कि ग्रामीणों द्वारा आरोप है कि बीते 13 जनवरी को अनुपस्थित एक शिक्षिका की ऑनलाइन उपस्थिति मोबाइल के फोटो से प्रभारी अंजू कुमारी द्वारा बना दिया गया। ग्रामीणों की आपत्ति पर प्रभारी अंजू कुमारी द्वारा ऑफलाइन शिक्षक उपस्थिति पंजी में शिक्षिका की आकस्मिक अवकाश दर्ज किया गया वही प्रभारी अंजू कुमारी द्वारा मुझ पर दबाव बनाया जा रहा है कि आफलाइन शिक्षक उपस्थिति पंजी को बदल दिया जाय वही जब मैंने इसका विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापिका का कहना हैं कि हम महिला है आपको छेड़खानी में फंसा देंगे या जान से मरवा देंगे। मेरे इनकार करने पर प्रभारी अंजू कुमारी द्वारा हमारे उपर झूठा एवं निराधार आरोप लगाया गया है कि अमित कुमार गुप्ता द्वारा पाच लाख रूपये की रंगदारी मांगी गयी है। इधर इस आवेदन के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही हैं.

### आयुष्मान भारत योजना के 32 हजार 240 लोगों का हुआ इलाज

**सीवान।** आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत सीवान जिला में अब तक 32 हजार 240 लोगों का इलाज हुआ है। इस योजना के अन्तर्गत 6 निजी अस्पतालों को जोड़ा गया है. इस योजना के अन्तर्गत करीब करीब 14 लाख 321 लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवाया है। जिले में कुल 334 एचडब्ल्यूसी केंद्र कार्यरत है। जहां शुगर,बीपी आदि के रोगियों की जांच एवं टेली कंसलटेंट के माध्यम से चिकित्सक द्वारा सलाह की सुविधा भी निःशुल्क में उपलब्ध कराई जा रही है। नवजात बच्चों एवं किशोर एवं किशोरियों को 12 प्रकार की गंभीर बीमारियों से बचाव हेतु सरकार के द्वारा मुफ्त टीके दिये जाते हैं ये टीके सभी सरकारी संस्थानों स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्र एवं सदर अस्पताल के मॉडल इम्यूनाइजेशन केंद्र में निःशुल्क उपलब्ध है.मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत 09 से 14 वर्ष की आयुवर्ग की बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी के टीकाकरण से आच्छादित किया जा रहा है। इस क्रम में 06 मार्च को आदर्श वीएम मध्य विद्यालय जेपी चौक में 226 बच्चियों का टीकाकरण सिविल सर्जन सिवान के नेतृत्व में सफलतापुर्वक किया गया। प्रसव कार्य के लिए सभी प्रखंडों के सरकारी अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पताल, सदर अस्पताल में 24 घंटे की सुविधा उपलब्ध है गर्भवती माता को आने-जाने के लिए एंबुलेंस की सुविधा निःशुल्क रूप से उपलब्ध है।

### जेआर कॉन्वेंट में मना संस्थापक दिवस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरौली/सीवान।** शुक्रवार को दोन स्थित जेआर कॉन्वेंट परिसर में कर्मयोगी कुमार बिहारी पांडे की 89 वीं जयंती 'संस्थापक दिवस' के रूप में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थापक अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. प्रजापति त्रिपाठी सलाहकार दयानंद आयुर्वैदिक महाविद्यालय और चिकित्सालय सिवान, डॉ. रवि प्रकाश स्वास्थ्य पदाधिकारी रेफरल अस्पताल सिवान, युगल प्रसाद तिवारी संस्थापक आरबीटी ग्रुप ऑफ स्कूल, डॉ. आरके. सिंह एवं डॉ. श्वेता कुमारी लक्ष्मी नर्सिंग होम सिवान और भारत भूषण पांडे सचिव भारत विकास परिषद देशरत्न शाखा सिवान ने दीप प्रज्वलित कर किया इसके पूर्व सभी अतिथियों ने संस्थापक बिहारी पांडेय के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनीश कुमार पांडे और प्राचार्य चंद्रशेखर नायक ने अतिथियों को अंग वस्त्र तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। लोगों ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करतल ध्वनि के साथ की। इस अवसर पर अतिथियों ने कर्मयोगी कुमार बिहारी पांडे की जीवन से संबंधित प्रसंगों की चर्चा की तथा उनके द्वारा समाज के प्रति किए गए योगदानों पर प्रकाश डाला। अंत में कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्राचार्य श्री चंद्रशेखर नायक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# जन औषधि दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सीवान।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत आम लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को जन औषधि दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहर के आंदर रोड स्थित जन औषधि केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया, इसके बाद सांसद ने केक काटकर जन औषधि दिवस की शुभकामनाएं दीं।

**सस्ती दवाओं से आमजन को राहतः** सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत मिलने वाली दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 से 60 प्रतिशत तक सस्ती होती हैं, जिससे मरीजों का इलाज अधिक किफायती हो गया है। उन्होंने बताया कि सीवान जिले में वर्तमान में 37 जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं, जहां से प्रतिमाह लगभग 54 लाख 43 हजार 144 रुपये की दवाएं खरीदी जा रही हैं, जबकि वार्षिक आंकड़ा 6 करोड़ 41 लाख 17 हजार 728 रुपये तक पहुंच चुका है। उन्होंने सिविल सर्जन से निर्देश दिया कि जन औषधि केंद्रों पर सभी आवश्यक दवाएं हमेशा उपलब्ध रहें, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। **जेनेरिक दवाओं की गुणवत्ता पर जोरः** कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना का उद्देश्य लोगों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जन औषधि केंद्रों पर मिलने वाली दवाएं विश्व स्वास्थ्य संगठन के अच्छे विनिर्माण अभ्यास प्रमाणित कंपनियों से खरीदी जाती हैं। साथ ही, प्रत्येक बैच का परीक्षण राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त लैब में किया जाता है, जिससे उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित होती है।

उन्होंने कहा कि सस्ती दवा का मतलब गुणवत्ता में कमी नहीं है, बल्कि यह पहल इस धारणा को खत्म करने के लिए है कि महंगी दवा ही अच्छी होती है। जन औषधि केंद्रों पर मिलने वाली दवाएं खुले बाजार में उपलब्ध ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 से 80 प्रतिशत तक सस्ती हैं। इस अवसर पर सीवान की सांसद विजयलक्ष्मी कुशवाहा, बीजेपी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, औषधि निरीक्षक दयानंद प्रसाद, प्रो. अभिमन्यु कुमार सिंह, रंजीत प्रसाद, संजय पांडे, विकास कुमार सिंह, धनंजय सिंह, जितेंद्र स्वामी, कुंदन सिंह, हरिनारायण सहनी, शर्मा नंद राम, महाराणा प्रताप समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना को सफल बनाने का संकल्प लिया और अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया।

### 222 चिकित्सक सरकारी अस्पतालों में 24 घंटे दे रहें अपनी सेवाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सीवान।** मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अमितचंद्र मिश्रा शुक्रवार को जिला प्रशासन के सोशल एकाउंट फेसबुक से लाइव आकर सरकार के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दिया.उन्होंने बताया कि जिले में 222 चिकित्सक कार्यरत है जो 24 घंटे अपनी सेवाएं जनता को उपलब्ध करा रहे हैं। 36 करोड़ की लागत से बने नवनिर्मित मॉडल सदर अस्पताल का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाडेय के द्वारा किया गया। तत्पश्चात ओपीडी, महिला वार्ड एवं इमरजेंसी की सुविधाएं जिला पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन के अथक प्रयास एवं मार्गदर्शन में इस भवन में उपलब्ध करायी जा रही है। साथ ही साथ जिले में एक मेडिकल कॉलेज का निर्माण मैरवा प्रखड में हो रहा है।

## बारात में हर्ष फायरिंग नर्तकी को लगी गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा।** छपरा के भगवानबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा ब्रह्मपुर में एक बारात समारोह के दौरान फायरिंग की घटना सामने आई, जिसमें एक नर्तकी को गोली लग गई। यह घटना 7 मार्च की रात करीब 1:30 बजे घटी, जब बारात में हर्ष फायरिंग की जा रही थी। अचानक चली गोली एक नर्तकी के बांह में लग गई, जिससे वह घायल हो गई। सूचना मिलते ही भगवानबाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत कार्रवाई करते हुए घायल नर्तकी को सदर अस्पताल, छपरा में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया गया। फिलहाल डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सात लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है। पुलिस का कहना है कि दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

## छपरा शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से जल निकासी के लिए समेकित रूर्बन प्लान तैयार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**छपरा।** जल जमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए छपरा नगर निगम और इसके समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लिए समेकित जल निकासी योजना तैयार की गई है। इस योजना का विज़न डॉक्यूमेंट शुक्रवार को जिलाधिकारी अमन समीर ने विमोचित किया। इस दस्तावेज में बारिश के पानी की निकासी के लिए एकीकृत प्रणाली विकसित करने की रूपरेखा तैयार की गई है। दृष्टिकोण पत्र के अनुसार, वर्तमान में नगर निगम क्षेत्र से 70 प्रतिशत वर्षा जल की निकासी उत्तर दिशा में और शेष 30 प्रतिशत की निकासी रूपगंज होकर दक्षिण की ओर घाघरा नदी में होती है। संभावित विस्तार वाले क्षेत्रों सहित संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र के लिए दो मुख्य निकासी प्रवाह तंत्र विकसित किए जाएंगे। सीवान-हाजीपुर रेलखंड के समानांतर - 50उ ढाला से छपरा ग्रामीण स्टेशन तक आउटफॉल नाला विकसित किया जाएगा। दुधिया पोखर से तेल नदी तक - बग्धी नाले का पुनरुद्धार कर इसे आउटफॉल नाला बनाया जाएगा। इसके अलावा, शेरपुर स्थित वर्तमान एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) के अतिरिक्त तेल नदी के उत्तरी भाग में एक नया एसटीपी बनाया जाएगा। साथ ही, पोषनीय नालों का भी विकास किया जाएगा। दृष्टिकोण पत्र में वर्षा जल निकासी के वर्तमान आउटलेट और उनके कैचमेंट क्षेत्रों का अध्ययन किया गया है। मानसून के दौरान जल प्रवाह में बाधा बनने वाले अतिक्रमणों की पहचान कर उन्हें हटाने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा, तेल नदी के किनारे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र अधिसूचित कर रिवर फ्रंट विकसित करने की योजना भी इस दस्तावेज में शामिल की गई है।

इस दृष्टिकोण पत्र को तैयार करने के लिए जिला पदाधिकारी, पूर्व एवं वर्तमान नगर आयुक्त, छपरा नगर निगम के महापौर और अन्य अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण कर जमीनी हकीकत का अध्ययन किया। इसके अलावा, 5 जुलाई 2024 को सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में मिले सुझावों को भी इसमें शामिल किया गया है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त एवं नगर प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## चमकी की धमकी से निपटने के लिए विभाग ने शुरू की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सीवान।** सदर अस्पताल परिसर स्थित सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग द्वारा किया गया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश लाल ने ने कहा कि एक्यूट इंसेफलाइटिस सिंड्रोम, जापानी इंसेफ़ेलाइटिस, दिमागी बुखार और चमकी बुखार से संबंधित सभी तरह की जांच, उपचार, बचाव और सुरक्षित रहने के लिए हम सभी को सतर्क और जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान आने वाले दिनों में संभावित उक्त बीमारी से बचाव और उपचार सहित सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक के अलावा सदर अस्पताल और अनुमंडलीय अस्पताल महाराजगंज के अस्पताल प्रबंधक सहित जिले के सभी रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से एक - एक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार नीरज कुमार सिंह के द्वारा मस्तिष्क ज्वर से बचाव और सुरक्षित रहने के लिए प्रशिक्षित किया गया। सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि चमकी बुखार से बचाव के लिए सामुदायिक स्तर पर जन जागरूकता भी बेहद आवश्यक और जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान संबंधित मरीजों की समुचित जांच और इलाज के साथ- साथ इस बीमारी से बचाव के लिए सामुदायिक स्तर पर लोगों को जागरूक करने की भी जानकारी दी गई.उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया कि बच्चों को एईएस से बचाव के लिए माता- पिता को शिशु के स्वास्थ्य के प्रति अलर्ट रहना चाहिए।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद माता के दर्शन को ले उमड़ी भक्तों की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**महाराजगंज/सीवान।** प्रखंड के बंगरा गांव के काली मंदिर परिसर में पांच दिवसीय श्री दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ के अंतिम दिन वाराणसी से पधारें आचार्य राकेश शुक्ला, अमित तिवारी, चंद्रशील त्रिपाठी, शिव प्रसाद त्रिपाठी के वैदिक मंत्रोचार के बीच जगत जननी मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा हुई। जबकि गांव में नव निर्मित हनुमान मंदिर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद काली मंदिर व हनुमान मंदिर का पट भक्तों के दर्शन के लिए खोला गया। पट खुलते ही मां दुर्गा व हनुमान जी के अलौकिक दर्शन को ले भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दोनों मंदिरों भक्तों की लंबी कतार लग गई। जय माता दी, जय मां काली, हर हर महादेव, जय श्रीराम, जय हनुमान के गगनभेदी जयघोष से पूरा वातारण गुंजयमान रहा। मौके पर मुख्य यजमान सुंदरा देवी, दिनेश सिंह, छोटु सिंह, वीआईपी नेता नीतीश कुमार द्विवेदी, शिक्षिका लवली सिंह, तनुजा सिंह, रजनीश कुमार उर्फ झबलु सिंह, आजाद सिंह, सुनील प्रसाद, अमित कुमार बबुआजी, पिंटु सिंह, अरुण सिंह, मुख्य पुजारी राजन कुमार चौबे, देवानंद सिंह, जगन्नाथ प्रसाद, टुनु सिंह सहित सभी ग्रामीण थे।


## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**सीवान।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर के डॉ अंबेडकर भवन संवाद कक्ष में कला- संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन शनिवर को किया जाएगा। बताते चलें कि कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाना है। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण को प्रमुखता से प्रदर्शित करते हुए कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार भी किया जाना है ताकि महिला सशक्तिकरण से सभी आमजन परिचित हो सकें। कार्यक्रम में जिला में कार्यरत महिला जनप्रतिनिधियों, महिला जिला स्तरीय पदाधिकारियों के अलावा महिला प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं महिला अंचल पदाधिकारी, शांति समिति की महिला सदस्य, महिला शिक्षिकाएँ आदि को आमंत्रित किया गया हैं। वही जिलाधिकारी ने निर्देश दिया हैं कि सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला खेल पदाधिकारी, महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केंद्र, सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी को अपने अधीनस्थ कार्यक्षेत्र में कार्य करने वाले उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला कर्मियों का नाम देने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा है कि उल्लेखित विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला का नाम उनके उपलब्धि के साथ उपलब्ध करावें ताकि उनको सम्मानित किया जा सके।

## डीएम के जनता दरबार में 38 मामलों पर सुनवाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया.जहां जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये 38 परिवादकर्त्ताओं की समस्याओं पर सुनवाई की गयी वही अलग-अलग विभागों उत्पाद विभाग, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, उप विकास आयुक्त कार्यालय, एलडीएम, कल्याण विभाग, आपदा प्रशाखा, राजस्व प्रशाखा, स्थापना प्रशाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी सदर , जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस, डीपीओ स्थापना (शिक्षा), विकास शाखा, प्रखंड विकास पदाधिकारी महाराजगंज, अंचलाधिकारी दरौली, अंचलाधिकारी सिसवन, अंचलाधिकारी सीवान सदर, अंचलाधिकारी लकड़ी नवीगंज, डीसीएलआर महाराजगंज, अंचलाधिकारी मैरवा, अंचलाधिकारी गोरिया कोठी, अंचलाधिकारी रघुनाथपुर, अंचल अंचलाधिकारी दरौली से संबंधित एक आवेदन की समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा उक्त समस्याओं का स-समय नियमानुसार निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्याः ईएल-91-24; दिनांक 06.03.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जनरल), पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य को आर्थिक रूप से पूरा करने में सक्षम तथा वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस रखने वाले सम्माननीय निविदादाताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम सहित उसका स्थानः** (क) आसनसोल मंडलः बराकर, सीतारामपुर, मुगमा, कुमारधुबी आदि पर प्लेटफॉर्म में पाइपलाइन सहित आरसीसी ओएच टैंकों द्वारा क्षतिग्रस्त टैंकों की बदली, आनुषंगिक कार्य। (ख) आसनसोल मंडलः आसनसोल मंडल के अधीन आसनसोल, पानागढ़, पांडबेश्वर, कालीपहाड़ी, दुर्गापुर, तापसी आदि पर प्लेटफॉर्म में पाइपलाइन सहित आरसीसी ओएच टैंकों द्वारा क्षतिग्रस्त टैंकों की बदली, आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्यः** ₹ 1,26,96,637.95। **बयाना राशिः** ₹ 2,13,500। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधिः** 09 महीना। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समयः** 31.03.2025 को सुबह 11.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकेंगे।

(ASN-369/2024-25)

निविदा सूचना वबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, ऑफिस बिल्डिंग, पो. ऑ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) (नीलामी आयोजित करने वाले अधिकारी) मालदा मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन पर विज्ञापन लॉट के लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी कैटेलॉग आमंत्रित करते हैं: **नीलामी कैटेलॉग संख्याः डब्ल्यूवीएम-2025-04। नीलामी शुरू:** 22.03.2025 को सुबह 11.45 बजे। **मालदा मंडल में वाटर वेंडिंग मशीनों के लिए ई-नीलामी। एसईक्यू. संख्याः** एए/1। **लॉट संख्या/श्रेणीः** एमएसएस-एमएलडीटी-एसबीजी-डब्ल्यूवीएम-14-24-1। **स्टेशनः** गोड्डा, हंसडीहा, मिर्जाचौकी, साहिबगंज, बड़हरवा, तीनपहाड़ एवं राजमहल। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी मॉड्यूल देखें।

(MLD-241/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter



**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01SBD/2024-25**
**(राष्ट्रीय स्पर्द्धा)**
**(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.inपर)**

1. कार्य का विवरण –

| ग्रुप सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि (लाख रू0 में) (ऑन लाईन अथवा फिजिकल / मैनुअल मोड में भुगतेय) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में | बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणा के आलोक में औरंगाबाद जिला अंतर्गत सोन नदी से उद्वव सिंचाई के माध्यम से विषुनपुर उपवितरणी के शेष कमांण्ड क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य | 12547.00 | 135.47 | 10,000.00 | 5900.00 | 24 माह |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक –03.03.2025
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक –27.03.2025 से दिनांक – 02.04.2025 के **3.00** बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक–29.03.2025 के 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, औरंगाबाद के सभाकक्ष में।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक –03.04.2025, समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी । (सिर्फ वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर )
7. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर ।
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर। मो0न0: 8789460620
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.inएवं wrd.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है ।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**
**उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर**

PR. No.21131 (WRD) 2024-25

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

# रोहतास जिले में 46 नाबालिग लड़कियां कराई गई मुक्त

**मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के नटवार थाना क्षेत्र के नटवार बाजार से 46 नाबालिग बच्चियों व तीन बच्चों को पुलिस ने मुक्त कराया है। म्यूजिकल ग्रुप के आड़ में किये जा रहे अनैतिक कार्य में संलिप्त आधे दर्जन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया अधिकतर छत्तीस गढ़ की है। छत्तीसगढ़ पुलिस की टीम भी इसकी जांच को आ रही है। रोहतास के एसपी रौशन कुमार ने यह जानकारी आज शाम यहां दी। उन्होंने बताया कि एशोसिएशन फॉर वॉलेन्टरी एक्शन (बचपन बचाओ आंदोलन) की पटना की टीम के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि नटवार थाना क्षेत्र के नटवार बाजार में बिहार के कुछ इलाकों के साथ-साथ अन्य राज्यों से नाबालिग लड़कियों को आरकेस्ट्रा एवं डांस में कार्य करने के लिए लाया जाता है। उनसे जबरन देह व्यापार कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए डिहरी के एसडीपीओ दो वंदना के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें दस थाने की महिला थानाध्यक्ष, डिहरी एसडीपीओ एक कोटा किरण कुमार के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। तड़के सुबह नटवार थाना क्षेत्र के नटवार बाजार में आरकेस्ट्रा एवं डांस पार्टी के नाम पर चलाये जा रहे कुल सात घरों की घेराबंदी कर उन घरों की विधिवत तलाशी ली गयी जहां से कुल 44 नाबालिग लड़कियों व तीन नाबालिग लड़के मौजूद पाये गये जो देखने से नाबालिग प्रतीत हो रहे थे जिन्हें आरकेस्ट्रा एवं डांस पार्टी संचालकों से मुक्त कराया गया। मुक्त कराये गये सभी नाबालिग लड़कियों व लड़कों को पुर्नरूत्थान के लिये बाल कल्याण समिति सासाराम को सुपूर्द किया गया। उन्होंने बताया कि मुक्त कराये गये लड़कियों ने पूछताछ में यह खुलासा किया कि आरकेस्ट्रा एवं डांस ग्रुप के संचालकों द्वारा इन्हें आरकेस्ट्रा में काम देने के नाम पर बहला-फुसलाकर लाया जाता था तथा यहां लाकर उनसे जबरन अनैतिक कार्य कराया जा रहा था। एसपी ने बताया कि इस घटना में संलिप्त आरकेस्ट्रा एवं डांस ग्रुप के एक, कृष्ण कुमार सिंह ग्राम देही थाना-दिनारा, शंकर देवान थाना-चिचौला, आशीष देवान पे.-बैशाखु देवान सा.-पाड़ादा थाना-खैरागढ़, ज्योति देवी पति चिचौला तीनों जिला-राजनन्द गांव राज्य-छत्तीसगढ़ एवं नीतीश कुमार ग्राम तेनुअज, थाना नटवार जिला-रोहतास को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि इस तरह के कार्य में संलिप्त कुछ अन्य आरकेस्ट्रा एवं डांस पार्टी के संचालकों को चिन्हित किया गया है जिनकी जांच कर उनके विरूद्ध भी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए छापामारी दल में शामिल सभी सदस्यों को पुरस्कृत किया जा रहा है। छापेमारी में अपर पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डिहरी कोटा किरण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डिहरी, वंदना कुमारी, थानाध्यक्ष डिहरी मुफस्सिल राकेश गोसाईं, थानाध्यक्ष डालमियानगर खुशी राज, थानाध्यक्ष इन्द्रपुरी, मनीष कुमार, थानाध्यक्ष अमझोर श्याम कुमार, थानाध्यक्ष दरिहट नेहा कुमारी, थानाध्यक्ष आयरकोठा कुसुम कुमार केशरी, थानाध्यक्ष अकोढ़ीगोला चन्द्रशेखर कुमार, थानाध्यक्ष तिलौथू विधाभूषण, डीआईयू प्रभारी राहुल कुमार, डीआईयू अजय कुमार, सुशांत कुमार मंडल तथा बचपन बचाओ आंदोलन की टीम, डीआईयू रोहतास की टीम एवं महिला व पुरूष पुलिसकर्मी को शामिल किया गया।

## चैनपुर में बहुजन समाज पार्टी की संगठन समीक्षा बैठक

# बसपा 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी : रामजी गौतम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** चैनपुर विधानसभा के चैनपुर प्रखंड में बहुजन समाज पार्टी द्वारा कार्यकर्ता संगठन समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें राज्यसभा सांसद सह नेशनल कोऑर्डिनेटर रामजी गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार, राजा खां और संजय मंडल भी उपस्थित रहे। बैठक में डबल इंजन सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए रामजी गौतम ने कहा कि शोषित, दलित और वंचित समाज के लिए सरकार ने कुछ नहीं किया। मनुवादी और सामंतवादी सरकार की सत्ता से इकबाल खत्म हो गई है। अब बहुजन समाज पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि बसपा 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और कार्यकर्ताओं को तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने 3 डिसमिल जमीन देने का वादा किया था, लेकिन किसी को नहीं दिया, लेकिन जब बहुजन समाज पार्टी की सरकार आएगी तो हम 5 डिसमिल जमीन देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अयोध्या कुमार (विधानसभा अध्यक्ष, चैनपुर) ने की जबकि मंच संचालन सुनील कुमार (प्रखंड अध्यक्ष) ने किया। इस बैठक में कई बसपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें प्रमुख रूप से विश्वंभर नाथ यादव, संतोष बिंद, अरुण कुमार, मानकी देवी, आनंद दिनकर, राजेंद्र कुमार, अरुण खारवाल और साजिद हुसैन शामिल रहे। बसपा की इस बैठक के बाद कार्यकर्ताओं में जोश देखने को मिला और आगामी चुनावों में पार्टी की मजबूती को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई।

# इंस्पायर अवार्ड के लिए बबली कुमारी चयनित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद क्षेत्र के शिवगंज स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा बबली कुमारी को भारत सरकार के साइंस एंड टेक्नोलॉजी मंत्रालय ने नवाचार के क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच के लिए चयन किया है। बीईओ डॉ संजय कुमार सिंह विद्यालय की होनहार छात्र को पुष्पमाला और मुंह मीठा कर शुभकामनाएं एवं आशीष देने का कार्य किया। बी ई ओ ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा आप भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाते हुए नवाचार करें। आप आगे बढ़ें यह हमारी शुभकामनाएं है। उन्होंने बताया कि आप में बेशुमार प्रतिभा छिपी है। जरूरत है उसको पहचानने और नई सोच विकसित करने की। आप इस देश के धरोहर हैं। उन्होंने बताया कि खुशी की बात है कि इस बार मंत्रालय ने नवाचार के लिए आठ विद्यालयों के बच्चे के लिए मॉडल चयनित किया है। सात राजकीय उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय के छात्रों के अलावा जमुहार स्थित निजी विद्यालय नारायण वर्ल्ड स्कूल के छात्र भी शामिल हैं। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि कक्षा 8 की छात्रा बबली कुमारी होनहार छात्रा है। इसके चयन पर विद्यालय परिवार में हर्ष है। खुशी जाहिर करते हुए उसके उत्तरोत्तर प्रगति की बबली कुमारी को शुभकामना तथा उज्ज्वल दी। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि बबली कुमारी के चयन के पश्चात उसे बतौर दस हजार की राशि प्राप्त होगी। इस राशि से वह नवाचार वैज्ञानिक सोच के तहत महिलाओं को होने वाली रसोई गैस की परेशानियों से बचाने के लिए मॉडल का निर्माण करे उसे जिला स्तर पर प्रस्तुत करने का कार्य करेगी। मौके पर विज्ञान शिक्षक ने बबली कुमारी के सोच पर प्रसन्नता व्यक्त की। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका, चंचल द्विवेदी, नरेश प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद, चिंतामणि कुमारी, सुजाता प्रसाद, नसरीन तनवीर अख्तर, विभा रानी ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामना दी।

# रालोमो के युवा प्रदेश महासचिव के दादा का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के युवा प्रदेश महासचिव अनुज कुशवाहा के दादा राम लखन सिंह के अकस्मात निधन से डिहरी में शोक की लहर दौड़ पड़ी। श्मशान घाट पर उनके पुत्र सतेन्द्र कुशवाहा ने उन्हें मुखाग्नि दी। निधन की खबर सुनकर उनके आवास बिरन बिगहा में कई लोगों ने शोक व्यक्त किया। पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, मुखिया चितरंजन सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा, रालोमो के जिला अध्यक्ष कपिल कुशवाहा, पूर्व पार्षद श्रवण कुमार अटल, उर्मिला देवी, मनोज पासवान, पूर्व चेयरमैन शम्भू राम, सतेन्द्र यादव, उमाशंकर कुशवाहा, राधेश्याम तिवारी, अली अंसारी, सुनील चौबे सहित काफी लोगों ने शोक व्यक्त किया और दाह संस्कार में शामिल हुए।

# बिहार में चल रहा है जंगल राज : कांति सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति लचर है। आए दिन महिलाओं के अपहरण, रोड दुर्घटना को यूडी केस दिखाना प्रशासन की नियति बन गई है। स्थानीय लक्ष्मी होटल में पूर्व केंद्रीय मंत्री व राजद की वरिष्ठ नेत्री कांति सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एनडीए के नेता जहां जाते हैं वहां 2005 के पहले के जंगल राज की बात करते हैं। आज राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति लचर है। रोज अपराध बढ़ रहे हैं। बिहार में जंगल राज चल रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्होंने देश की महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। सड़क वाहन, रेलगाड़ी यहां तक की हवाई जहाज भी उनसे अछूता नहीं है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि गत दिनों बालू लदे ट्रक से एक 4 वर्षीय मासूम के कुचल जाने पर पुलिस यूडी केस करती है यह घोर अन्याय है।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या : केपीए/ईजी/ओटी-18/24-25, दिनांक 05.03.2025।** उप मुख्य विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मज़बूत आर्थिक क्षमताओं के साथ सम्माननीय, प्रतिष्ठित एवं अनुभवी सरकारी लाइसेंसधारी विद्युतीय ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या: केपीए/ईजी/ओटी-18/24-25। कार्य का नाम:** कैरेज कॉम्प्लेक्स में व्हील शॉप की हैवी ड्यूटी फ्लोरिंग एवं रूफिंग। **निविदा आकलित लागत:** ₹ 42,93,595 (जीएसटी एवं अन्य सभी करों/प्रभारों के साथ)। **बयाना राशि:** ₹ 85,900। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने का समय:** 6 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण एवं दस्तावेज तथा अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये तथा देखे जा सकेंगे। निविदा हेतु बोलियां **दिनांक 27.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** तक उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई भी मैनुअल प्रस्ताव जमा किया जाता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।

(MISC-369/2024-25)

निविदा सूचना वबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पति के वीडियो कॉल पर महिला को झांसा दे रहे जालसाज भागे

### सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर पुलिस कर रही कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** थाना क्षेत्र के सकरी गांव में गुरुवार के दिन में एक महिला के घर के परिसर में घुसकर जालसाज महिला को झांसा दे रहे थे। हालांकि महिला के पति का वीडियो कॉल आने पर जालसाज भाग निकले। सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंची पुलिस ने पास में स्थित सीसीटीवी फुटेज में घटना की जांच की। पुलिस फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। पीड़ित ने घटना की प्राथमिकी के लिए स्थानीय थाना में आवेदन दिया है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि जिसमें कहा गया है कि बाइक से आए दो जालसाज उक्त महिला के परिसर में घुसते हैं और घर का दरवाजा खटखटाते हैं। जालसाज अपना चेहरा गमछा से बांध लेते हैं। महिला ने बताया कि वो लोग यज्ञ के लिए चंदा मांग रहे थे जब महिला ने अपने पति पटना में तैनात एसटीएफ जवान निकिल राज से फोन पर बताया तो निकिल ने पत्नी के फोन पर वीडियो कॉल कर उनके बात कराने को कहा जब जालसाज फोन लिए और वीडियो कॉल देखा तो फोन फेंककर तेजी से बाइक से भाग निकले। मामले में थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जालसाजों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।


## पूर्व रेलवे

**बोली संख्या: जीईएम/2025/बी/5973044, दिनांक 04.03.2025।** उप मुख्य साम्रगी प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली जीईएम सेवा निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** लगभग 2500 मीट्रिक टन प्रति माह गैर-क्रेन योग्य मदों के लिए परिणाम आधारित सभी सामग्री हैंडलिंग गतिविधियों की आउटसोर्सिंग। **बयाना राशि:** ₹ 1,76,929 । **ईपीबीजी:** पी.ओ. मूल्य का 5 %। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 88,46,460। **खुलने की तारीख एवं समय:** 25.03.2025 (मंगलवार) को शाम 7.30 बजे। **पूरा करने की अवधि:** 03 वर्ष। जीईएम सेवा बोली दस्तावेज जीईएम साइट (सरकारी ई-मार्केटप्लेस) अर्थात जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** पर उपलब्ध होगा तथा जीईएम पोर्टल अर्थात **https://gem.gov.in** के जरिये दरें ऑनलाइन कोट करनी होंगी तथा ऑनलाइन जमा करनी होंगी।

(STORES-83/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए जमीन दान दी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** जिला पंचायत कार्यालय अंचल-सह-प्रखण्ड भभुआ के अंतर्गत मिरियां पंचायत के पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिए सुनील कुमार पिता स्व. इंद्र बहादुर सिंह के द्वारा खाता संख्या सर्वे 4 चक-6 (क) खेसरा सर्वे-671, चक-630 के निजी जमीन में से 30 डिस्मिल राज्यपाल के नाम से दान पत्र का निबंधन कराया गया है। इस कार्य को कराने में मिरिया पंचायत के मुखिया किरण कुमारी एवं उनके पति राम सहाय गुप्ता का सराहनीय प्रयास रहा, राज्य सरकार के प्रतिनिधि के तौर निबंधन कराने के लिए ज्योति कुमारी, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी, भभुआ (कैमूर) उपस्थित रहीं। इसके लिए जिला पदाधिकारी के द्वारा दाता को सम्मानित किया गया।

# महिलाएं होंगी सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम तथा जिला प्रशासन, कैमूर के संयुक्त तत्वावधान में 08 मार्च, 2025 को लिच्छवी भवन, भभुआ में महिला गौरव गाथा (सम्मान समारोह) सह- पिंक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष इस अवसर पर पिंक कार्यशाला के अन्तर्गत महिलाओं पर केन्द्रित सरकार की योजनाओं एवं उनसे होने वाले लाभों की जानकारी दी जायेगी जिसका सीधा प्रसारण (लाइव टेलिकास्ट) जिले के फेसबुक पेज से किया जाएगा। इस अवसर पर अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को जिला द्वारा सम्मानित किया जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर जिला पदाधिकारी द्वारा महिलाओं को अग्रिम शुभकामना प्रेषित किया है एवं पिंक कार्यशाला का अत्याधिक लाभ उठाने का अपील किया गया है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।

**अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/11/2024-25/RE(5th Call), दिनांक–08.03.2025**

**PR No-346275 Rural Development(24-25):D**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र०सं० | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समुह सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डण्डा | ग्राम–बोगासी में अनिल उपाध्याय के घर से दिनेश उपाध्याय के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 464160.00 | 9,300.00 | 750.00 | 02 माह | Group-01 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–08.03.2025 से दिनांक–15.03.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–17.03.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8789191801 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा।**

PR 348067 (Rural Development) 24-25 (D)

## कार्यालय नगर परिषद गढ़वा

अति अल्पकालीन निविदा/मूल्य कथन आमंत्रण सूचना संख्या–06/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पद नाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा।
2. निविदा/कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 18.03.2025 को 2.30 बजे अपराह्न।
3. मूल्य कथन खोलने की तिथि एवं समय :– 18.03.2025 को 3.00 बजे अपराह्न।
4. मूल्य कथन प्राप्त करने की स्थान :– कार्यालय नगर परिषद गढ़वा।

| Sl.No. | Name Of Equipments | Company Name | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | Vapour Bulb 250 Watt | Bajaj, Philips, Surya, Havells, Crompton | प्रति नग |
| 2 | Vapour Choke 250 Watt | | प्रति नग |
| 3 | Vapour Holder 250 Watt | | प्रति नग |
| 4 | Vapour Igniter 250 Watt | | प्रति नग |
| 5 | PVC Copper Wire 1.5 mm | Polycab, Havells | प्रति बंडल |
| 6 | PVC Copper Wire 2.5 mm | | प्रति बंडल |
| 7 | Glass Cover Vapour Lamp Big Size | Bajaj, Philips, Surya, Havells, Crompton | प्रति नग |
| 8 | Glass Cover Vapour Lamp Small Size | | प्रति नग |
| 9 | PVC Wire Tape | Anchor | प्रति नग |
| 10 | Switch 16A Anchor + Cover | | प्रति नग |

नोट :– 1. सामग्रियों का मूल्य कथन प्राप्त होने के पश्चात् आवश्यकतानुसार आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।
2. निविदा में भाग लेने वाले अधिकृत विक्रेता को मूल्य कथन दर के साथ 5,000 (पाँच हजार रुपये) का बैंक ड्राफ्ट Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa के पद नाम से दे होगा, जो वापस नहीं किया जाएगा।
3. विस्तृत सूचना/शर्ते अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेवसाईट Udhd.jharkhand.gov.in gharhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद,गढ़वा।

PR.NO.348102 Urban Development(24-25):D



**प्रिय आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका बहनों,**

**आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च, 2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ।**

आज इस शुभ अवसर पर मैं अपने प्रिय आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका बहनों को राज्य के प्रति आपकी समर्पित सेवा के लिए दिल से सराहना करने के साथ-साथ अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य थीम Accelerate Action रखा गया है, जिसका मुख्य भाव महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता तथा सम्पूर्ण विकास को तेज गति देने पर जोर देता है। हमारी आँगनबाड़ी सेविकाएँ एवं सहायिका बहनों के द्वारा इस थीम को पूर्ण रूप से सार्थक करते हुए तन-मन से राज्य हित में कार्य किया जा रहा है। आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से समुदाय की सेवा में आपके अटूट, सम्पूर्ण और निरंतर प्रयासों के लिए अबुआ सरकार आपका आभारी है।

हमारे लिए बहुत गर्व का विषय है कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अन्तर्गत कुल- 37876 सेविकाएँ, 34941 सहायिकाएँ एवं 679 महिला पर्यवेक्षिकाएँ क्षेत्रीय कार्यकर्त्ता के रूप में समाज में समान अवसर का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण देते हुए निरंतर कार्यरत हैं।

आज आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से नियमित स्वास्थ्य जाँच, वृद्धि निगरानी, टीकाकरण तथा कुपोषण प्रबंधन के माध्यम से मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आयी है, जो काफी गौरवान्वित करता है। पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषय को जन आंदोलन का रूप देकर कुपोषण मुक्त झारखण्ड की कल्पना को साकार करने की यात्रा में आप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि आज झारखण्ड राज्य में 154186 गर्भवती महिलाओं, 121655 धात्री माताओं तथा 1323217 छः माह से तीन वर्ष के बच्चों को पोषक तत्व से भरपूर शिशु आहार, पौष्टिक मीठा दलिया एवं नमकीन दलिया नियमित रूप से आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, 3 से 6 वर्ष के बच्चों को गर्म ताजा पका हुआ भोजन के साथ-साथ अण्डा भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे कि बच्चों का विकास सही ढ़ग से हो सके तथा वे राज्य निर्माण में अपना सम्पूर्ण योगदान दे सकें।

आज के Digital युग में हमारी आँगनबाड़ी सेविकाएँ तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए जल्द ही उन्हें Smart Phone उपलब्ध कराया जाएगा।

आपके द्वारा कई महत्पूर्ण योजनाओं यथा-सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना, पोषण अभियान योजना, पेंशन योजना, नि:शक्त कल्याणार्थ योजना, सामुहिक कुरीति निवारण योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे कि जनसमुदाय को इन योजनाओं का लाभ ससमय मिल सके। साथ ही, बी.एल.ओ. के रूप में आपके अथक प्रयासों के कारण राज्य भर में मतदाताओं का समावेशीकरण हुआ है एवं चुनाव पर्व में लोगो ने बढ़-चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

आज इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आपकी मेहनत और लगन के साथ-साथ महिलाओं के सम्पूर्ण विकास, सशक्तिकरण तथा समान अवसर दिलाने की दिशा में आईए मिल कर हमसब प्रयास करें ताकि **अबुआ झारखण्ड-स्वस्थ और सुपोषित झारखण्ड बन सके।**

**आपका आभार और धन्यवाद !**

शुभकामनाओं सहित

**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड




PR-348116 (Women, Child Development & Social Security) 24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

# विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान

## नई पीढ़ी के लिए बेहतरीन मंच होगा युवा संसद : कुलपति




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो लक्ष्मीनिवास पांडेय ने कहा कि आज की नई पीढ़ी ही देश का भविष्य है। उन्हीं पर उत्तरदायित्वों का बोझ आने वाला है। ऐसे में विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम उनके लिए बेहतरीन मंच साबित होगा। उन्हें इस माध्यम से अपने वक्तृत्व कला कौशल व प्रतिभा को उजागर करने का ऐतिहासिक मौका मिलेगा। जाहिर है इस तरह युवाओं में देश व समाज हित मे तर्क-वितर्क करने की क्षमता भी विकसित होगी। विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में अधिकांश युवाओं को भाग लेने का आह्वान करते हुए कुलपति ने शुक्रवार को दरबार हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में उक्त बातें कही। मौके पर उन्होंने कहा कि इन्हीं युवाओं में से कल का नेता, पार्षद, मंत्री, विधायक, सांसद होगा इसलिए अपनी तार्किक क्षमता के बुते युवाओं को इस कार्यक्रम में अवश्य ही शरीक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भारत के विकास की बात हो रही है लेकिन प्राचीन काल में राम राज्य के दौरान भारत पहले से ही विकसित था। उस समय कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोता था और सभी के पास वस्त्र एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध थीं। विभिन्न चुनौतियों के कारण आज भारत को फिर से उस समृद्धि की ओर लौटने की जरूरत है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय को दी गयी जिम्मेदारी बखूबी सम्पन्न होगी।

उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ निशिकान्त ने बताया कि विकसित भारत को लेकर दरभंगा व मधुबनी जिला के 18-25 वर्ष के युवाओं का विचार जानने के लिये भारत सरकार ने संस्कृत विश्ववविद्यालय को जिम्मेदारी दी है। इसी परिपेक्ष्य में तीन चरणों मे युवाओं का चयन युवा संसद के तौर पर किया जाएगा जो संसद भवन, दिल्ली में अपने विचार रखेंगे। इसी मौके पर छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ शिवलोचन झा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुधीर कुमार झा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 9 मार्च 2025 तक इच्छुक युवाओं को माई भारत पोर्टल पर एक मिनट का वीडियो अपलोड कर पंजीकरण कराना होगा। इस मौके पर स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो दिलीप झा, प्रो दयानाथ झा, डॉ धीरज कुमार पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका पर विचार मंथन के लिए दिल्ली में जुटेंगी छात्रा शक्ति

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आयोजित करेगा कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पूजा कश्यप ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा महिला शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन विषय पर विचार मंथन हेतु देश भर की छात्राओं का जुटान दिल्ली में होने जा रहा है जिसे अखिल भारतीय छात्र संसद का स्वरूप दिया गया है। देशभर की छात्राओं के बीच वैचारिक स्पष्टता बढ़ाने तथा प्रभावी रूप से समाज का नेतृत्व करने का कौशल विकसित करने के उद्देश्य से इस छात्रा संसद का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 46 प्रांत एवं प्राज्ञीक विद्यार्थी परिषद नेपाल की छात्रा कार्यकर्ताओं की सहभागिता होगी। छात्रा संसद के पूर्व 1 से 15 फरवरी तक देश के सभी प्रांतों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का व्यापक सर्वेक्षण अभियान चलाया गया जिसमें छात्राओं से जुड़े विभिन्न विषयों के

**1 से 15 फरवरी तक किया गया था सर्वेक्षण**

37 प्रश्नों का एक सेट तैयार कर विभिन्न वर्ग एवं स्तर के छात्राओं एवं महिलाओं से उनकी वर्तमान स्थिति एवं प्रभावी नेतृत्व हेतु उनकी अपेक्षा की जानकारी प्राप्त की गईं। एक ओर जहां केंद्र सरकार एवं कई राज्यों की सरकारें भी महिलाओं को नौकरियों में भी 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनमें प्रभावी नेतृत्व विकसित करने का प्रयास कर रही है वहीं दूसरी ओर बलात्कार एवं भ्रूण हत्या जैसी घटनाएं नारी शक्ति को कमतर करने का प्रयास कर रही है। ऐसी स्थिति में यह छात्रा संसद आधी आबादी के विकास के विषय में मिल का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर विभाग संयोजक राहुल सिंह एवं जिला संयोजक वागिस झा भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी में चार ट्रैक्टर जब्त

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु गठित विशेष छापेमारी दल द्वारा आज दाउदनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर छापेमारी की गयी। यह कार्रवाई जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर की गई। इस छापेमारी दल में खान निरीक्षक कुमार प्रत्यूष, राजू कुमार, मो. इकबाल हुसैन खान निरीक्षक, जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद एवं पुलिस पदाधिकारी विकास कुमार तथा पुलिस बल शामिल थे। छापेमारी दल द्वारा दाउदनगर क्षेत्र अंतर्गत मेवा बिगहा के निकट सोन नदी में अवैध बालू का उत्खनन किये जाने के विरूद्ध चार ट्रैक्टर सह ट्रेलर को जब्त किया गया है। उक्त सभी वाहनों एवं ट्रेलर पर खान एवं भूतत्व विभाग के नव प्रख्यात खनिज नियमावली, बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) (संशोधन), नियमावली, 2024 एवं भारतीय न्याया सहिता के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कुल 9,21,850 जुर्माना अधिरोपित किया गया।

### किसानों का धरना-प्रदर्शन जारी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज प्रखंड परिसर में शुक्रवार को किसान मजदूर मोर्चा मगध के बैनर तले किसानों का 52 वां दिन भी धरना -प्रदर्शन जारी रहा। धरना की अध्यक्षता लड्ू खां, सुधीर चन्द्रवंशी एवं संचालन पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येन्द्र यादव, भोला वर्मा ने किया। वही लड्डू खान धरना-प्रदर्शन मे रमजान के महीनों में रोजा रखते हुए धरना में शामिल रहे। लड्डू खान ने कहा कि उत्तर कोयल नहर के कुट-कुट डैम में फाटक लगाने, अंगरा, कोटवारा एवं चेई नवादा शाखा के अधूरे कार्य को पूरा करने को लेकर अनिश्चितकालीन महाधरना 15 जनवरी से प्रारंभ है। जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक हम लोगों का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। उपस्थित लोगो ने कहा कि किसानों की मांग गरीबो के हित में है। उन्होंने ने कहा धरना प्रदर्शन का असर देखने को मिला कि शुक्रवार को ब्लॉक परिसर में पटना से जल संसाधन विभाग से पदाधिकारी पहुचे, सहित उपस्थित किसानों का नहर में गए निजी जमीन का किसानों से जमीन का कागजात मांग गया। इस मौके पर भोलानाथ वर्मा, लड्डू खान, सुधीर चंद्रवंशी, भोला बर्मा, लालधारी चौधरी, अजय यादव, वैव प्रभाकर , राजू कुमार, सौरव बर्मा, अर्जुन यादव, जगदीश यादव, पुकार यादव, युगेन्द्र यादव, अरुण कुमार शामिल हुए।

### पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** होली एवं रमजान को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने किया। पुलिस इंस्पेक्टर आनंद कुमार ने बताया कि रंगों का त्योहार होली आपसी सौहार्द्रता का पर्व है। इस पर्व पर प्रखंड क्षेत्र की आम जनमानस ने मिसाल कायम किया है। होली में हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी,नशेड़ी व शराब कारोबारी बख्से नहीं जायेंगें.अश्लील गाना एवं डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध है। अफवाहों से सावधान रहने की अपील की गयी.थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मुस्लिम समुदाय का पवित्र महीना रमजान शुरूहै.इसमें लोग दिनभर रोजा रखते हैं। होली में रोजेदारों का पूरा पूरा ख्याल रखना होगा। किसी तरह के धार्मिक अनुष्ठान में विघ्न बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने दोनों समुदाय को आपसी भाईचारा और सद्भाव के साथ रहते आये हैं। उन्होंने कहा कि शराब कारोबारी पर प्रशासन की कड़ी नजर है। प्रशासन शांतिपूर्ण ढंग से दोनों पर्वो को मनाने का अनुरोध किया। मौके पर सब इंस्पेक्टर मनोज प्रसाद, कुंदन रजक,अनिल कुमार सिंह,गौतम गोस्वामी,रंजीत महंत, पूर्व उप मुखिया अनिल महतो,अमित कुमार,पूर्व सरपंच विजय शंकर महतो,गंगा प्रसाद महतो, मो मनौव्वर, मो आदम, शंभू चौधरी, इन्द्रदेव महतो, शकील बेग, घूरन पासवान, प्रेमचंद भारती, मो बबलू आदि मौजूद थे।

### दुर्घटना में युवक की मौत

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बखतपुर गांव निवासी राम सकल महतों के 18 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। साथ ही इस दुर्घटना में एक दवा दुकानदार सहित छह लोग अन्य भी जख्मी हुए हैं। जिसमें एक जख्मी की पहचान थाना क्षेत्र के मैदा बभनगामा गांव निवासी मोहम्मद बाबर के 35 वर्षीय पुत्र मोहम्मद वसीम के रूप में हुई है। एवं अन्य घायल लोग विभिन्न अलग-अलग जगहों का है। वहीं ग्रामीणों ने घटना के संबंध में बताया कि राहुल बेगूसराय से अपने दोस्त के बारात में शामिल होने के लिए उसके घर जा रहा था। परिजनों के अनुसार दोस्त की बारात में शामिल होने के लिए मुंगेर जा रहा था। इसी दौरान बेगूसराय लाखों के समीप बोलेरो गाड़ी पोल से जा टकराई और करीब दस फीट गड्ढे में जाकर पलट गई ।जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। शुक्रवार की सुबह जब मृतक युवक राहुल का शव पोस्टमार्टम के बाद बखतपुर गांव पहुंचा तो ग्रामीणों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक की मां बहन समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने चार बहन व दो भाईयों में सबसे छोटा था।

# पूर्व सांसद ने जन औषधि दिवस पर काटा केक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के नागा बिगहा रोड स्थित जन औषधि केंद्र में शुक्रवार को औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने केक काटकर जन औषधि दिवस मनाया। इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि जन औषधि केंद्र से बिक्री होनेवाली दवाइयां समाज के कमजोर तथा मध्यम वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। समाज के बहुसंख्यक वर्ग के बीच स्वास्थ्य सेवा को सस्ता, सुगम तथा सर्वसुलभ बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस सोच के साथ जन औषधि केंद्र की शुरुआत की थी आज उससे होनेवाले लाभ करोड़ों लोगों के बीच इलाज को सस्ता बनाने के नाम पर काफी लाभदायक साबित हो रहा है। जरूरत इस बात की है कि हम जन औषधि केंद्र से होने वाले फायदे के बारे में लोगो को बताए कि इस केंद्र से बिकने वाली दवाइयां बाजार की दवाइयों से गुणवत्ता के मामले में कहीं बेहतर साबित हो रही है। वहीं जन औषधि केंद्र के संचालक संतोष कुमार ने बताया कि इस केंद्र से बिकने वाली दवाइयां एनबीएल की प्रयोगशाला से परीक्षण कर लाया जाता है जबकि पीएमबीई के आयुष प्रोडक्ट्स जैसे त्रिफला, शिलाजीत, अश्वगंधा, च्यवनप्राश जैसे उत्पाद एफएसएसआई से मान्य होकर लाया जाता है। कहा कि प्रत्येक सात मार्च को जन औषधि दिवस मनाया जाता है।

# नमाजियों ने अदा की जुम्मे की नमाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** पाक महीना रमजान पिछले 2 मार्च से शुरू हुआ है। शुक्रवार को रमजान की पहली नमाज अदा की गई। शुक्रवार की नमाज अदा करने के लिए नगर व ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत सभी मस्जिदों में भारी भीड़ देखी गई। मस्जिदों में लोगों ने शुक्रवार की नमाज अदा करने के साथ-साथ मस्जिद में उपस्थित नमाजियों ने इबादत किया। रोजा नमाज एवं तमाम इबादत कबूल होने और शांति की दुआएं की गई। इस साल रमजान के महीना में कुल चार शुक्रवार होंगे। चौथा शुक्रवार 28 मार्च को अलविदा होगा। जबकि दूसरा शुक्रवार 14 मार्च होली का दिन होगा। रोजेदारों के लिए रमजान का यह मुबारक पाक महीना काफी अहम होता है। रात में ईशा की नमाज के बाद तरावीह पढ़ते हैं। पूरे एक महीना इबादत में अल्लाह को याद करने में लगे रहते हैं। महिलाएं घरों में इबादत करती हैं।

## प्रखंड के मस्जिदों में उमड़ी भीड़

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी क्षेत्रों में रमजान की पहली जुमा पर मस्जिदों में नमाजियों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। हसनपुर बागर, नावकोठी, वृन्दावन, छतौना, रजाकपुर, इसफा, शैदपुर, खैरबन आदि मस्जिदों में काफी भीड़ देखी गयी। नावकोठी मस्जिद के इमाम मौलाना असगर इमाम ने कहा कि इस महीने में नेक कामों एवं इबादतों का 70गुना सवाब (पुण्य)f मलते हैं। उन्होंने कहा कि इस महीने का इस्लाम में बड़ा महत्व है। अल्लाह के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब ने कहा कि रमजान के पहली रात से ही शैतान जिन्नात को कैद कर दिये जाते हैं। दोजख (नरक) के सभी दरवाजे बंद कर दिये जाते हैं। जन्नत (स्वर्ग)के सभी दरवाजे खोल कर रखे जाते हैं। लोगों को नेकी करने और बुराईयों से बचने की हिदायत की गई है। रमजान में दोजख में बंद लोगों को आजाद किये जाते हैं। इस महीने का जो रोजा रखते हैं वे तमाम (इच्छाओं) पर नियंत्रण रखते हैं।

# कांडों के शीघ्र निष्पादन करने से पीड़ितों को मिलेगा न्याय : एसपी ग्रामीण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेनीपुर (दरभंगा)।** संगीन अपराधों के त्वरित निष्पादन करने से पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिलेगा। नए डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक अनुसंधान के मार्फत से आरक्षी को अपराध कर्मियों को पकड़ने में काफी सुविधा होगी। आपराधिक जांच की गुणवत्ता अच्छी होने से अपराधकर्मियों को नकेल कसने में सफलता मिलेगी। अनुमंडल आरक्षी कार्यालय बेनीपुर में गुरुवार की देर शाम आरक्षी अधीक्षक (ग्रामीण) आलोक कुमार ने अनुमंडल स्तरीय क्राइम मीटिंग में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पुलिस को अनुसंधान की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। इससे अपराधियों के पकड़ने तथा पीड़ितों को न्याय मिलेगा। पुलिस मुख्यालय पटना से नए-नए जांच पड़ताल के निर्देश को कैसे अमलीजामा पहनाया जाएगा, इसका तौर तरीका विस्तार से बताया। इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल नए अनुसंधान का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि हत्या, डाका, लूट, बलात्कार आदि संगीन अपराध के कांडों का शीघ्र निष्पादन करने से पीड़ितों को त्वरित न्याय मिलने से पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा तथा अपराधी कितना भी चालाकी से अपराध करेगा, वह बच नहीं पाएगा। नेहरा थाना के नारायणपुर में दो-दो हत्या के मामलों में फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं टीम बनाकर जिला से बाहर रहने वाले अपराधियों को अति शीघ्र गिरफ्तार करने की बात कही गई। क्राइम मीटिंग में पूरे पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना में गत फरवरी माह में प्रतिवेदन 115 लंबित कांडों की समीक्षा कर इसका शीघ्र निष्पादन करने की कड़ी हिदायत सभी एसएचओ को दी गई।

# वरदान साबित हो रही है जनऔषधि केंद्र की दवा : सांसद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** जनऔषधि केंद्र से बिक्री होनेवाली दवाइयां समाज के कमजोर तथा मध्यम वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। समाज के बहुसंख्यक वर्ग के बीच स्वास्थ्यसेवा को सस्ता सुगम तथा सर्वसुलभ बनाने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस सोच के साथ जनऔषधि केंद्र की शुरुआत की थी आज उससे होनेवाले लाभ करोड़ों लोगों के बीच इलाज को सस्ता बनाने के नाम पर काफी लाभ दायक साबित हो रहा है। जरूरत इस बात की है कि हम जन औषधिकेंद्र से होने वाले फायदे के बारे में लोगो को बताए कि इस केंद्र से बिकने वाली दवाइयां बाजार की दवाइयों से गुणवत्ता के मामले में कहीं बेहतर साबित हो रहा है। दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने जनऔषधि दिवस के अवसर पर दरभंगा स्थित



डब्लूआईटी के बगल में स्थित जनऔषधि केंद्र की दवा दुकान का निरीक्षण तथा अवलोकन के पश्चात उपरोक्त बातें कही। उन्होंने व्यवस्थापक से इस दुकानों में दवा का भंडारण, दवाओं की उपलब्धता, कीमत, प्रत्येक दिन होनेवाली बिक्री जैसे जनहित के विभिन्न मुद्दो पर जानकारी लेकर उपस्थित लोगों के बीच इसकी चर्चा करते हुए कहा कि 2047 प्रकार की दवाइयां तथा तीन सौ से अधिक सर्जिकल सामानों का एक जगह उपस्थित होना स्वास्थ्य सेवा के मुद्दे एक प्रकार की क्रांति है। सांसद डा ठाकुर ने जनऔषधि केंद्र की दवाइयों को हर दृष्टि से गुणवत्तापूर्ण बताते हुए कहा कि इस प्रकार के केंद्र से बिकने वाली दवाइयां एनबीएल की प्रयोगशाला से परीक्षण कर लाया जाता है जबकि पीएमबीई के आयुष प्रोडक्ट्स जैसे त्रिफला, शिलाजीत अश्वगंधा च्यवनप्राश जैसे उत्पाद एफएसएसआई से मान्य होकर लाया जाता है। सांसद डा ठाकुर ने वहां उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ बुद्धिजीवियों का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक सात मार्च को जनऔषधि दिवस मनाया जाता है तथा हम सभी इस बात के लिए संकल्पित हों कि जनऔषधि केंद्र को सार्वभौमिक बनाने के लिए इसके जागरूकता के लिए पहल करेंगे। प्रोपराइटर राजीव सिन्हा ने सांसद सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डीओ नवीन कुमार फार्मासिस्ट सुसरजीत कुमार अमरेंद्र कुमार मिश्र, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी दरभंगा भाजपा पूर्वी के जिलाध्यक्ष विनय पासवान भाजपा नेता दिशा कमिटी के सदस्य उदयशंकर चौधरी सोनी पूर्वे बबलू पंजीयार श्रवण चौधरी कन्हैया पासवान मनीष खटीक पिंटू महासेठ अश्विनी साह प्रेम कुमार रिंकू मनीष झा विकास विवेक चौधरी आशुतोष झा पुरुषोत्तम सिंह आदि मौजूद थे।

# छात्र राजद की प्रखंडस्तरीय छात्र संवाद सह संगठनात्मक बैठक आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** छात्र राजद इकाई प्रखंड स्तरीय छात्र संवाद सह संगठनात्मक बैठक राजा बागीचा स्थित एक निजी भवन में की गई। छात्र राजद प्रखंड अध्यक्ष सोनू कुमार के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता छात्र राजद के प्रखंड अध्यक्ष सोनू कुमार एवं संचालन संतोष यादव ने किया। इस बैठक में आये हुए अतिथि राजद के प्रदेश महासचिव कौलेश्वर प्रसाद यादव, राजद जिला अध्यक्ष अमरेन्द्र कुशवाहा, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ संजय यादव एवं जिला परिषद सदस्य संकर यदबिन्दु, छात्र जिला अध्यक्ष चंदन कुमार को माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आए हुए अतिथियों ने कहा कि बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की 17 महीने की सरकार की उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही संगठन विस्तार, राजद की मजबूती और तेजस्वी यादव को पुनः सरकार में लाने के प्रयासों पर भी विचार-विमर्श किया गया। डॉ संजय यादव एवं संकर यदबिन्दु ने बताया कि माई बहन मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 प्रतिमाह, हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, वृद्धा पेंशन और दिव्यांग सहायता राशि को 400 से बढ़ाकर 1500 प्रतिमाह किए जाने की घोषणाओं को रेखांकित किया गया। राजद प्रखंड अध्यक्ष विक्की सिंह यादव, एवं सोनू कुमार ने कहा कि बिहार के विकास के लिए तेजस्वी यादव का विजन मजबूत है और हमें इसे जनता तक पहुंचाना होगा। इस बैठक में डॉ विकाश कुमार, माहिद खान, फहद शाही, बिट्टू यादव, सिकंदर यादव, जितेंद्र यादव, मो आदिल, राजनन्द यादव, अनूप पासवान, संजय यादव सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# पूर्व सांसद 8 मार्च को खैरा और 9 को कंचनपुर पंचायत में करेंगे भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह 8 मार्च को खैरा और 9 मार्च को कंचनपुर पंचायत में भ्रमण करेंगे। जदयू के बारून प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद 8 मार्च को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारुण प्रखंड के खैरा पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। वे सुबह 10:30 बजे खैरा, 11 बजे सोनाही, 11:30 बजे ईटहट, 12 बजे मुकुन्द, 12:30 बजे बड़कागांव, 1 बजे तेंदुआ गनपत, 1:30 बजे कंचनपुर, 2 बजे बिशुनपुर, 3 बजे कदोखरी, 3:30 बजे मंगुराही, 4 बजे गम्हारी, 4:30 बजे खैरा बिगहा, 5 बजे भलुआही एवं 5:30 बजे कोशडीहरा (जनकोप) गांव में भ्रमण करेंगे। वहीं 9 मार्च को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारुण प्रखंड के कंचनपुर पंचायत में वीरेंद्र कुमार सिंह ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। वे सुबह 10 बजे शिलौजा, 10:30 बजे सरंगा, मुंजीयाठी बिगहा, 11 बजे कंचनपुर, 11:30 बजे दलजीत बीघा, तरौना, 12 बजे अजनिया, 12:30 तेंदुआ हैबत, नसीब बिगहा, 1 बजे बृजकिशोर बिघा, सीहोर बीघा, 1:30 बजे गजाधर बीघा महावीर गंज, 2 बजे तेतरिया, 2:30 बजे न्यू तेतरिया, रामदेनी बीघा, 3 बजे काशी बीघा, 3:30 बजे देवरिया, 4 बजे अदमा, रस्तीपुर, 4:30 बजे महुअरी, महुअरी रोड पर, 5:00 बजे सलेमपुर, 5:30 बजे जगतपुर एवं 6 बजे जमालपुर गांव में भ्रमण करेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम में जदयू के सभी वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।

# जनहित मुद्दे पर विधायक ने सरकार का आकृष्ट कराया ध्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने बिहार विधानसभा के बजट सत्र के छठा दिन तारांकित, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण एवं निवेदन प्रश्नों के माध्यम से अपने विधानसभा क्षेत्र के कई जनहित मुद्दों को लेकर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। तारांकित प्रश्न के माध्यम से दरभंगा जिलांतर्गत केवटी विधानसभा क्षेत्र में निर्मित होने वाले पाँच स्वास्थ्य केंद्र में विभागीय पदाधिकारी एवं संवेदक के लापरवाही के कारण हो रहे घटिया निर्माण का उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारी संवेदक एवं पदाधिकारी पर कठोरतम करवाई करने का सदन से मांग की, शून्यकाल के माध्यम से दरभंगा जिलांतर्गत केवटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित कुशुमपट्टी, सिरहुल्ली, टेक्टार एवं अन्य उदवह योजना जिसका वर्षों से मरम्मती, अनुरक्षण नहीं होने के कारण बंद पड़ा हुआ हैं। अतिशीघ्र मरम्मती कर पुनः संचालित करने की सदन से मांग की एवं दोषी अधिकारी के ऊपर उचित करवाई करने की मांग की। ध्यानाकर्षण प्रश्न के माध्यम से सिंहवाड़ा प्रखंड के पंचायत हरिहरपुर पश्चिमी अंतर्गत तिरसठ हनुमान मंदिर से श्मशान घाट होते हुए वाटरवेज तक जाने वाली कच्ची सड़क जहां वर्षा के समय स्थानीय लोगों को लाश जलाने के लिए जाने में भी कठिनाई होती है, सालों भर जलजमाव की समस्या बनी रहती हैं सदन के माध्यम से सड़क का निर्माण कराने की मांग की। निवेदन प्रश्न के माध्यम से केवटी प्रखंड के पंचायत कोठिया में स्थित जमींदारी बांध जो वर्षों से क्षतिग्रस्त की अवस्था में लेकिन विभाग के द्वारा किसी प्रकार की कोई मरम्मती कार्य नहीं कराने के कारण लाखों परिवार विस्थापित के कगार पर हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित किया गया गोद भराई कार्यक्रम, दी गई आवश्यक जानकारियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित माताओं को गर्भवती महिला एवं बच्चों की देखभाल के लिए विस्तृत जानकारी दी गयी। सेविकाओं ने बताया कि इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं में रक्त की कमी हो जाती है। गोदभराई का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दिनों में बेहतर पोषण की आवश्यकता है। गर्भवती महिलाओं को अपने गर्भस्थ शिशु की उचित देखभाल करने को प्रेरित किया गया। माता एवं गर्भस्थ शिशु के बेहतर स्वास्थ्य एवं प्रसव के दौरान होने वाली संभावित जटिलताओं में कमी लाने लाने के लिए गर्भवती के साथ परिजनों को भी अच्छे पोषण पर ध्यान देने का आह्वान किया गया। बेहतर पोषण एक स्वस्थ बच्चे के जन्म में सहायक होने के साथ गर्भवती महिलाओं में मातृ मृत्यु दर में कमी भी लाता है। इस अवधि में गर्भवती महिलाओं को अधिक पोषक तत्वों की जरूरत होती है। उन्हें आहार में प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट के साथ वसा की जरूरत होती है। उन्हें अपने भोजन में हरी सब्जी, सतरंगी फल, दाल, सूखे मेवे एवं दूध को शामिल करने की अपील की। एल एस रंजीता की मौजूद्गी में सेविकाओं में पूनम कुमारी, मीना कुमारी, मंजू कुमारी, पूनम देवी, निभा कुमारी, राधा कुमारी, रानी, मीनू, लक्ष्मी आदि ने परम्परागत तौर पर लाल चुनरी ओढाकर गोदभराई की ।गर्भवती महिला को अनाज, फल, सब्जी, फोलिक एसिड एवं आयरन के टेबलेट सहित अन्य विटामिन युक्त सामग्री से गोदभराई की गयी। मौके पर गर्भवती महिलाओं में मंगली, कुमारी, रीता कुमारी, तनिषा कुमारी, छोटी कुमारी, मौसम कुमारी सहित अभिभावक महिलाएं मौजूद थीं।

## प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन

**नावकोठी।** प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नावकोठी के प्रशाल में शुक्रवार को आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन बीईओ नागेन्द्र प्रसाद सिंह, बीपीएम मुजाहिद इस्लाम, हर्षवर्धन कुमार, राजेश कुमार, लेखापाल विश्व भूषण रिंकू आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर सामूहिक रूप से किया। इसमें गणित, पर्यावरण, भाषा हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू विषय पर विभिन्न स्कूल के प्रतिभागी शिक्षकों ने हिस्सा लिया। गणित में अपग्रेडेड मिडिल स्कूल गम्हरिया के पंकज कुमार जायसवाल, पर्यावरण से मिडिल स्कूल रजाकपुर की सुमन कुमारी, उर्दू से अपग्रेडेड मिडिल स्कूल नीरपुर के शकील अहमद बेग, हिंदी से प्राइमरी स्कूल इसफा के गुरुद्दीप सिंह, अंग्रेजी से मिडिल स्कूल नावकोठी की तनुजा भारती का टीएलएम बेहतरीन रहने से जिला टीएलएम मेला हेतु चयनित किया गया। इन प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सुमन कुमारी ने भोजन के पोषक तत्वों के संबंध में पर्यावरण से मिलने वाली वस्तुओं से टीएलएम का निर्माण किया था। पंकज ने गोली के माध्यम से लघुत्तम समापवत्य, महत्तम समापवर्तक आदि की जानकारी सरल तरीके से प्रस्तुत किया।

# 'बीमा सखी' के जरिये आर्थिक रूप से समृद्ध हो रही महिलाएं

## बीमा सखी के जरिये महिला सशक्तिकरण को नई उड़ान | ग्रामीण परिवेश की महिलाएं नागरिकों को अब बीमा के लिए कर रहीं प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देश में 2 लाख बीमा सखियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना बिहार के औरंगाबाद जिले में साकार होने लगा है। यहां की ग्रामीण परिवेश की महिलाएं अब बीमा सखी के रूप में कार्य कर न केवल अपने परिवार को अच्छे ढंग से चलाने में सहयोग कर रही हैं बल्कि महिला सशक्तिकरण की केंद्र और राज्य सरकार की कोशिशों को आगे बढ़ा रही हैं। कल तक खेत खलिहानों में काम और घर में चूल्हा चौकी करने वाली महिलाओं ने कभी सपने में भी यह नहीं सोचा होगा कि वह भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी के रूप में कार्य कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने में सहयोग करेंगी बल्कि समाज के लोगों को बीमा के माध्यम से भविष्य को सुरक्षित बनाने की सार्थक पहल भी करेंगी। बीमा सखी के रूप में चयनित की गई महिलाएं अब घर-घर जाकर लोगों को बीमा के लाभ से अवगत करा रही हैं और भारतीय जीवन बीमा निगम के जिला कार्यालय में आकर नई पॉलिसी खुलवाने, प्रीमियम जमा करने और लोगों को बीमा के लिए प्रेरित करने का भी काम कर रही हैं।

बीमा सखी के रूप में नवचयनित **रोशनी सिंह** ने कहा कि बीमा क्षेत्र में काम करने का जो अवसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदान किया है उसके लिए मैं उनकी आभारी हूं। बीमा सखी के रूप में कार्य कर मैं उत्साहित महसूस कर रही हूं।



बीमा सखी **आरती कुमारी** ने कहा कि यह काम हमारे लिए बहुत अच्छा है क्योंकि घर का सारा काम करते हुए मैं बीमा सखी का काम भी अच्छी तरह कर सकती हूं। यह कार्य कर मैं अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने में भी सहयोग करूंगी।



बीमा सखी के रूप में कार्य कर रही **अन्नू उपाध्याय** ने कहा कि यह योजना बहुत अच्छी है। इससे छोटे-मोटे खर्चे के लिए अब हमें हमें किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और खुद कमा कर आत्मनिर्भर हो गयी हूं।



बीमा सखी **लक्ष्मी कुमारी** ने कहा कि मैं इस योजना से बहुत खुश हूं। इसमें कमीशन के साथ-साथ अतिरिक्त मानदेय भी मिल रहा है। मैं अन्य महिलाओं को भी बीमा सखी के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित करूंगी।



भारतीय जीवन बीमा निगम के औरंगाबाद स्थित मुख्य प्रबंधक **दिनेश चंद्र जोशी** ने कहा कि अब तक यहां 177 महिलाओं को बीमा सखी के रूप में जोड़ा गया है। हमारा प्रयास जिले के सभी 204 ग्राम पंचायतों में कम से कम एक-एक बीमा सखी नियुक्त करने का है। इसके अलावा भी हम बड़ी संख्या में बीमा सखियों को बहाल करेंगे। इस योजना से बीमा क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है और इन बीमा सखियों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को बीमा से कवर किया जा सकेगा। साथ ही देश में महिला सशक्तिकरण का सपना भी साकार हो सकेगा।



देश में शीर्ष स्थान पर रहे भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी **संजय कुमार सिंह** ने कहा कि बीमा सखी के रूप में महिलाओं को जोड़ने से सर्वप्रथम उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और घर को संभालने- संवारने में उन्हें अब आर्थिक सहयोग भी मिलने लगा है। एक महत्वपूर्ण बात है कि महिलाएं ज्यादा ईमानदारी से काम करती हैं जिसका फायदा निगम को मिल रहा है। बीमा सखी के रूप में महिलाओं के चयन और उन्हें रोजगार देने का निर्णय आने वाले दिनों में देश के लिए खासकर बीमा क्षेत्र में महत्वपूर्ण साबित होगा। बीमा सखी को पहले वर्ष प्रतिमाह कमीशन के अतिरिक्त 7000, दूसरे वर्ष प्रतिमाह 6000 और तीसरे वर्ष प्रतिमाह 5000 देने का प्रावधान है।



# बिशुनपुर कैनाल के निर्माण हो जाने से 15 गांवों की 2500 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून में 131 करोड़ 54 लाख की लागत से बिशुनपुर कैनाल का निर्माण होगा। इससे लगभग 15 गांवों की 2500 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा मिल पायेगी। ये बातें जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने आज सोन बराज के समीप आयोजित कार्यक्रम में कहीं। वे यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा से जुड़े विषयों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बिशुनपुर कैनाल निर्माण से कृषि भूमि में सुचारू रूप से सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा जो स्थानीय कृषकों के खेती के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 में नबीनगर में एनटीपीसी के पॉवर प्लांट के अधिष्ठापन होने के उपरांत नहर के 14.02 किलोमीटर से 19.82 किलोमीटर तक की लंबाई चाहरदीवारी के अंदर चली गयी, जिससे 14.02 किलोमीटर से नीचे के कमांड क्षेत्र में सिंचाई में असुविधा हो रही थी। उक्त असुविधा को दूर करने हेतु इस योजना के तहत सोन नदी में इंटेक वेल बनाकर प्रेशर पाईप के माध्यम से पानी को लिफ्ट कर बिशुनपुर उप वितरणी के 19.82 किलोमीट पर तथा 15.98 किलोमीटर से निःसृत नरारीकला लघु नहर में पानी के बहाव का प्रावधान किया गया है। इस योजना के अंतर्गत बीच-बीच में डायरेक्ट वाल्व के सहायता से भी सिंचाई की सुविधा का प्रावधान किया गया है। इस योजना के पूर्ण हो जाने पर नबीनगर प्रमंडल के अंतर्गत नरारीकला बेनी बिगहा, सरसना, एवं अन्य गांव तथा बारून प्रखंड अंतर्गत तेंदुआ, बिशुनपुर, बाघा, सहसपुर, दरियाबाद, महददी, अम्बा, लखैपुर, जंगी बिगहा, सदुरी एवं अन्य गांवों के कृषि कमांड क्षेत्र का 2059 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगा। सिंचाई विभाग कार्यपालक अभियंता उमेश कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य के लिए 24 माह की समयावधि निर्धारित किया गया है। मौके पर समाजसेवी भोला यादव एवं राधे प्रसाद सहित अन्य ने कहा कि बिशुनपुर कैनाल के निर्माण से इलाके के किसानों के लिए वरदान साबित होगा। अब सिंचाई कार्यों में काफी सहूलियत होगी। इस अवसर पर वरीय उप समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शी, सहायक अभियंता राजीव सिन्हा, प्रभात कुमार, कनीय अभियंता विश्वजीत कुमार, विस्थापित प्रभावित किसान मजदूर समाधान संगठन के संरक्षक व पूर्व मुखिया जनेश्वर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजद मुद्रिका सिंह यादव, ज्वाला कुमार सिंह, राजाराम सिंह पटेल, अलोक कुमार, अजीत कुमार सहित कई अन्य मौजूद रहे।



# आध्यात्म की धरती है बिहार : श्री श्री रवि शंकर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड के मुंशी बिगहा में आयोजित ग्रामोत्सव कार्यक्रम में शुक्रवार को आए गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर ने बिहार के साथ बिहारियों के मेधा की जमकर तारीफ की। गुरुदेव ने कहा कि बिहार आध्यात्म की धरती रही है। यहां महात्मा बुद्ध को ज्ञान मिला था। नालंदा विश्वविद्यालय की ख्याति दूर तक थी। बिहार से ही आध्यात्म को अष्टावक्र गीता मिला। यह दुनिया का दुर्लभ ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि यहां के युवकों में चाणक्य छिपे हैं, जिसे बाहर निकालने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धर्म का मूल उद्देश्य युवाओं को सही मार्ग प्रदान करना है। गुरुदेव ने कहा कि मगध जैसा साम्राज्य दुनिया में नहीं हुआ। वहीं उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक महापर्व छठ बिहार तक सिमटा था। अब यह विश्व क्षितिज पर छा गया है। अमेरिका से लेकर ब्रिटेन में छठ होता है। देश के हर कोने में छठ मनाया जाता है। कर्नाटक के बेंगलुरु में भी मैं अपने आश्रम में छठ पूजा की व्यवस्था करता हूं। छठ का प्रसाद ठेकुआ लोकप्रिय है। बिहारी जहां भी रहते हैं गर्व से छठ पूजा करते हैं। इस मौके पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, भाजपा के वरीय नेता सुनील सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र चन्द्रवंशी, देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष पुरषोतम सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, भाजपा नेता शत्रुधन सिंह उर्फ मुन्ना, दीपक सिंह, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा ब्यूरो।** गुरुवार की देर रात गोह थाना क्षेत्र के मोथा मोड़ के समीप एनएच 68 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गया जिले के टिकारी थाना क्षेत्र के ढिबरिया गांव निवासी रामशंकर प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र रविरंजन कुमार अपनी अपाची बाइक से गोह की तरफ से दरार अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था, विपरीत दिशा से अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गयी। थानाध्यक्ष सुधीश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। परिजनों द्वारा आवेदन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### सस्ती और प्रभवी होती है जेनेरिक मेडिसिन

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** जन औषधि दिवस विषयक एक सेमिनार का आयोजन सदर अस्पताल में किया गया। यह कार्यक्रम सदर अस्पताल के क्षेत्रीय प्रशिक्षण सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति औरंगाबाद द्वारा अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आमजन को सस्ती दर पर दवा उपलब्ध हो सके, इसके लिए सरकार द्वारा एक पहल की गई है जिसके अंतर्गत जन औषधि केंद्र खोले जा रहे हैं। औषधि नियंत्रक द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर 1759 प्रकार की औषधियां एवं 280 प्रकार के सर्जिकल उपकरण उपलब्ध होते हैं।

### पांच एडीजे का हुआ तबादला

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** हाईकोर्ट पटना ने सिविल कोर्ट के एडीजे पांचवें पंकज मिश्रा का तबादला का अधिसूचना जारी कर दिया है। पंकज मिश्रा का तबादला रोहतास जिले के सासाराम हुआ हैं। वहीं एडीजे धनंजय कुमार सिंह का तबादला नवादा जिले में एडीजे के रूप में हुई है। धनंजय कुमार मिश्रा का तबादला एडीजे पटना हुआ है। एडीजे सुनील सिंह का तबादला एडीजे कटिहार और एडीजे सौरभ सिंह का तबादला एडीजे कटिहार हुआ है। पटना हाईकोर्ट के अधिसूचना के अनुसार व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में छह एडीजे नियुक्त किए जाएंगे। बिहारशरीफ के एडीजे इशरार अहमद एडीजे औरंगाबाद बनेंगे। भागलपुर के एडीजे विश्व विभूति गुप्ता एडीजे औरंगाबाद बनेंगे। औरंगाबाद के पहली महिला न्यायाधीश रही जहानाबाद के एडीजे आन्नदिता सिंह, एडीजे औरंगाबाद बनेंगी। रोसड़ा के एडीजे अशोक कुमार गुप्ता एडीजे औरंगाबाद बनेंगे। बिहारशरीफ के एडीजे कन्हैया लाल यादव एडीजे औरंगाबाद बनेंगे और भागलपुर के एडीजे विवेक कुमार सिंह एडीजे औरंगाबाद बनेंगे।

### सड़क दुर्घटना में व्यवसायी घायल

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर बारुन थाना क्षेत्र के बारुन मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यवसायी घायल हो गया। घायल व्यवसायी की पहचान पश्चिम बंगाल के रामजीवनपुर निवासी देवेश मंडल के रूप में हुई है। जानकारी मिली कि वह व्यवसाय से संबंधित औरंगाबाद के बारुन तरफ गया हुआ था। वापस दुर्गापुर लौटते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों जे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों में उपचार किया।

# राजद शिष्टमंडल ने पीड़ित के परिजनों से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर शुक्रवार को एक सात सदस्यीय जांच टीम औरंगाबाद पहुंची जिसमें पूर्व मंत्री सह प्रदेश उपाध्यक्ष सह संयोजक सुरेश पासवान, विधायक डब्लू सिंह, मंजू अग्रवाल, राजेश गुप्ता, कौलेश्वर यादव, मो. युसूफ आजाद अंसारी, डॉ. प्रेम कुमार गुप्ता, अमरेन्द्र कुशवाहा आदि शामिल थे। जांच दल ने हाल ही में घटित दो अलग-अलग घटनाओं के पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। पहली घटना कुटुंबा थाना क्षेत्र के ऐरका गांव में जिमेदार पासवान के 12 वर्षीय पुत्र का अपहरण कर 26 फरवरी 2025 को उसकी हत्या कर दी गई थी। वहीं दूसरी घटना 3 मार्च 2025 को प्रमोद साव की पुलिस कस्टडी में पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। दोनों घटनाओं के पीड़ित परिजनों से राजद नेताओं ने मुलाकात की और बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह दोनों घटनाएं बेहद दुखद और गंभीर है। उन्होंने कहा कि दोषियों को सजा दिलाने के लिए पार्टी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मौके पर राजद जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र यादव, अशोक कुमार यादव, छात्र राजद जिला प्रभारी चंदन कुमार, प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सहित कई अन्य मौजूद रहे।


# पीएनबी के ऋण मुक्ति शिविर में 30 लाख रूपये की हुई वसूली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड के श्री कृष्ण भवन में शुक्रवार को पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रधान कार्यालय दिल्ली से आए महाप्रबंधक अमिताभ राय, सीओ हरिहरनाथ पाठक, बीडीओ मो युनुस सलीम, मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार, उप मंडल प्रमुख विनोद प्रसाद सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक आनंद वर्धन, सर्किल शस्त्रा प्रमुख रंजीत कुमार एवं ओबरा शाखा प्रबंधक विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इसके बाद स्वागत गान हुआ और अतिथियों को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक अमिताभ राय ने कहा कि जब आप ऋण लेते हैं और उसे वापस नहीं करते हैं तो उसका नकारात्मक असर आपके बाद अगली पीढ़ी पर भी पड़ता है। ऐसे में आज के शिविर में अपना ऋण खत्म कर के अपनी अगली पीढ़ी को इसका लाभ पहुंचाएं। श्री राय ने कहा कि बैंक आपकी सुविधा के लिए आपको ऋण देती है, ऐसे में आपकी भी जवाबदेही बनती है कि उसे समय से वापस जरूर करें। मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार ने कहा कि पीएनबी औरंगाबाद जिले का अग्रणी बैंक है और औरंगाबाद मंडल के अंतर्गत औरंगाबाद, रोहतास और अरवल जिला आता है जहां बैंक की कुल 75 शाखाएं कार्यरत हैं। श्री कुमार ने कहा कि जो भी खाताधारक बैंक से ऋण लिए हैं और अपना ऋण नहीं चुका पाए हैं वैसे लोगों का खाता एनपीए हो गया है। उन्हीं के लिए आज इस शिविर का आयोजन किया गया है। ऋण नहीं चुकाने वाले लोगों के घर पर बैंक द्वारा नोटिस भेजी जा रही है। इसके बाद भी अगर ग्राहक ऋण नहीं चुकाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार तक किया जा सकता है। बता दें कि शुक्रवार को आयोजित ऋण मुक्ति शिविर में 30 बकायेदारों से 30 लाख रू0 की वसलू की गयी।







सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

"अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस"
8 मार्च 2025

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य की महिलाओं को मैं हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, क्षमतावर्द्धन, सुरक्षित वातावरण आदि के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है एवं इसके सकारात्मक परिणाम भी परिलक्षित हो रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक सशक्तीकरण के उद्देश्य से अल्पावास गृह, रक्षा गृह, कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास एवं उनके बच्चों के लिए पालना घर, सामाजिक पुनर्वास कोष, महिला विशेष कोषांग, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम, दहेज एवं बाल–विवाह उन्मूलन अभियान, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, मानव व्यापार, कन्या भ्रूण हत्या, महिला अधिकारों एवं विभिन्न सामाजिक बुराईयों के उन्मूलन और महिलाओं के कौशल विकास हेतु व्यापक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

बालिकाओं एवं किशोरियों के सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालिका साईकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मिशन शक्ति एवं मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के माध्यम से व्यापक पहल की गयी है। महिलाएं समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, उनके बिना विकसित तथा समृद्ध समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

हम सबका दायित्व है कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तीकरण के लिए सदैव प्रतिबद्ध और प्रयत्नशील रहें।

पुनः एक बार सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-021126 (SWD)D. 2024-25



बिहार सरकार

"अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस"
8 मार्च 2025

संदेश

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य की महिलाओं को मैं हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। यह दिवस महिलाओं से जुड़े मुद्दों को रेखांकित करने तथा उनके प्रति सम्मान प्रदर्शित करने का है। बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, क्षमतावर्द्धन, सुरक्षित वातावरण आदि के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

समाज कल्याण विभाग महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तीकरण के लिए सतत् प्रयत्नशील है। राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक सशक्तीकरण के उद्देश्य से अल्पावास गृह, रक्षा गृह, कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास, कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए पालना घर, सामाजिक पुनर्वास कोष, महिला विशेष कोषांग, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम, दहेज एवं बाल विवाह उन्मूलन अभियान, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, मानव व्यापार, कन्या भ्रूण हत्या, महिला अधिकारों एवं विभिन्न सामाजिक बुराईयों के उन्मूलन और महिलाओं के कौशल विकास हेतु व्यापक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। समेकित बाल विकास योजना के द्वारा राज्य की महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से बचाने हेतु कार्य किया जा रहा है।

समाज कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं के सम्पूर्ण जीवन चक्र को आधार मानकर योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जीवन के आरंभिक काल से आंगनबाड़ी से जुड़ी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं तो मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना कन्या शिशुओं एवं किशोरियों को लक्षित कर संचालित की जा रही हैं। एक ओर असहाय महिलाओं को सहयोग प्रदान करने हेतु पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही हैं, तो दूसरी ओर शारीरिक रूप से अक्षम महिलाओं के लिए भी कई योजनाएं संचालित हैं। विभाग का दृष्टिकोण लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी संरचनात्मक एवं संस्थागत बाधाओं को दूर कर एक न्यायसंगत पूर्वाग्रह मुक्त समाज का सृजन कर महिलाओं एवं किशोरियों को सशक्त बनाना है। महिलाओं की समानता के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने हेतु समाज की भागीदारी और सहयोग आवश्यक है।

आइये, आज हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि राज्य में महिला सशक्तीकरण हेतु किये जा रहे समेकित प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए एक सशक्त और समृद्ध बिहार का निर्माण करेंगे।

(मदन सहनी)
मंत्री,
समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार

PR No.-021127 (SWD)D. 2024-25